लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 172, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 15 सितंबर 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन के लिए जरूरी ओजोन परत संरक्षण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 06 : 00
सूर्यास्त 06 :20



40 वर्ष के हुए आयुष्मान खुराना...15

## प्रधानमंत्री आवास में बछिया का जन्म, दीपज्योति नाम



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास में एक नई सदस्य–बछिया का आगमन हुआ है, जिसका नाम दीपज्योति रखा गया है। मोदी ने एक्स के जरिए सूचना दी कि 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आवासीय परिसर में गौ माता ने एक बछिया को जन्म दिया है। मोदी ने लिखा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है– गाव : सर्वसुख प्रदा :। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

# वंशवादी राजनीति ने सुंदर कश्मीर को बर्बाद किया: मोदी

## प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को दोहराया

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और उनकी सरकार ने इस सुंदर क्षेत्र को नष्ट करने वाली वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए एक नया नेतृत्व पेश किया है।

जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को फिर से सत्ता में लाने को लेकर आगाह किया। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की केंद्र-शासित प्रदेश में यह पहली चुनावी रैली थी।

मोदी ने लगभग 45 मिनट के भाषण की शुरुआत रैली में आए लोगों का कश्मीरी भाषा में स्वागत करके की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि इस बार चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।" मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, वंशवादी राजनीति ने इस सुंदर क्षेत्र को भीतर से खोखला कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने कभी आपके बच्चों की परवाह नहीं की। उन्होंने सिर्फ अपने बच्चों की परवाह की और उन्हें आगे बढ़ाया तथा नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में केंद्र में उनकी सरकार बनने के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि कश्मीर के युवा आतंकवाद का दंश झेलते रहे हैं। लोगों को गुमराह करके परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियों ने सत्ता का आनंद लिया और युवा नेताओं को जड़ें नहीं जमाने दीं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी ने पाप से कम कुछ नहीं किया है, क्योंकि ये तीन परिवार कश्मीर को बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### कुरुक्षेत्र में बोले- जब तक मोदी है, आरक्षण व्यवस्था में रत्तीभर भी कमी नहीं आएगी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार का आरंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का सबसे बड़ा विरोधी करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक मोदी है, बाबा साहब के दिए आरक्षण में रत्ती भर भी लूट नहीं होने देगा, हटाने नहीं देगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लाना चाहती है यानी आतंक और अलगाव के उस कालखंड को वापस लाना चाहती है, जिसमें हमारे हरियाणा के वीर जवानों पर पत्थर फेंके जाते थे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। वे टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टाटानगर–पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सुबह लगभग 10 :30 बजे वह झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

### छत्तीसगढ़: हिंदी में भी होगी मेडिकल की पढ़ाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को हिंदी दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिंदी में भी होगी। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं। विष्णुदेव ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था हम हिंदी में करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए छात्र–छात्राओं की संख्या के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। हमारे स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में ये काम हो रहा है। विष्णुदेव साय ने बताया कि हमने छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू कर दिया है।

# ज्ञानवापी विश्वनाथ स्वरूप मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण

## समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान विषय पर संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं, वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप हैं।

योगी शनिवार को गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केरल में जन्मे आदि शंकर ने देश के चारों कोनों में धर्म-अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण पीठों की स्थापना की। आदि शंकर जब अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर काशी आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही।

योगी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में जब आदि शंकर गंगा स्नान के लिए निकले तब भगवान विश्वनाथ एक अछूत के वेश में उनके सामने खड़े हो गए। आदि शंकर ने जब उनसे मार्ग से हटने को कहा तब उसी रूप में भगवान विश्वनाथ ने उनसे पूछा कि आप यदि अद्वैत ज्ञान से पूर्ण हैं तो आपको सिर्फ भौतिक काया नहीं देखनी चाहिए। यदि ब्रह्म सत्य है तो मुझमें भी वही ब्रह्म है जो आपमे है। हतप्रभ आदि शंकर ने जब अछूत बने भगवान का परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं वही हूं, जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए वह (आदि शंकर) काशी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है।



गोरखपुर विवि में संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

### रूढ़ियों पर प्रहार करने में आगे रहा नाथपंथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप नाथपंथ ने अपनी भूमिका को सदैव समझा। जब देश बाहरी आक्रमण शुरू हो गए थे, तब नाथपंथ के योगियों ने सारंगी वादन के जरिये समाज को देश पर आए खतरे के प्रति जागरूक किया। इसी तरह सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार करने में भी नाथपंथ अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया।

### देश को जोड़ने की व्यावहारिक भाषा है हिंदी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को राजभाषा हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी देश को जोड़ने की एक व्यावहारिक भाषा है। इसका मूल देववाणी संस्कृत है। भारतेंदु हरिश्चंद्र के 'निज भाषा उन्नति' वाले उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि भाव और भाषा खुद की नहीं होगी तो हर स्तर पर प्रगति बाधित करेगी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिंदी को जिस रूप में देश–दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है, वह अभिनंदनीय है।

### सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, दुष्कर्म-हत्या का आरोप जोड़ा

# आरजी कर का पूर्व प्राचार्य संदीप घोष व पुलिस इंस्पेक्टर गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्याकांड में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष और टाला थानेदार अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया है। ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया है।

संदीप घोष को ईडी ने पहले ही आरजी कर में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। अब सीबीआई ने घोष को दुष्कर्म व हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। इस तरह से इस मामले में अब कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हो गई। इससे पहले कोलकाता पुलिस के सिविक वालंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था।दुष्कर्म और हत्या मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 9 अगस्त को महिला परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव अर्धनिर्वस्त्र अवस्था में अस्पताल के संगोष्ठी कक्ष से बरामद किया गया था। सीबीआई अधिकारियों ने शनिवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में मंडल से कई घंटों तक पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं देने पर शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



अधिकारी ने बताया कि घोष और पुलिस अधिकारी दोनों को सबूत मिटाने और अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। मंडल पर प्राथमिकी दर्ज करने में देरी करने का भी आरोप है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मी से पहले आठ बार पूछताछ की जा चुकी है और हर बार उसने अलग-अलग बयान दिए। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद होने वाली चिकित्सा जांच के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। इससे पहले दुष्कर्म-हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने एक नागरिक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया जा चुका है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की जांच अब सीबीआई कर रही है। केंद्रीय एजेंसी ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के एक मामले में घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

### जूनियर डॉक्टरों और मुख्यमंत्री के बीच एक और बैठक विफल

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म व हत्या के मामले में गतिरोध करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हड़ताली डॉक्टरों के बीच शनिवार को फिर बात नहीं हो सकी। ममता के बुलावे पर बातचीत के लिए उनके घर पहुंचे डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो रिकॉर्डिंग की मांग की। मुख्यमंत्री ने इसे ठुकरा दिया और खुद वीडियो रिकॉर्डिंग कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें उसकी एक प्रति सौंपने की बात कही। डॉक्टरों ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर उन्होंने विचार करने के बाद बैठक में शामिल होने का फैसला किया। जब हमने यह बात स्वास्थ्य राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को बताई तो हमें कार्यक्रम स्थल छोड़ने के लिए कहा गया, क्योंकि बहुत देर हो चुकी थी और वे तीन घंटे से हमारा इंतजार कर रहे थे।

# गणेश प्रतिमा विसर्जित करने आए चार युवक कोसी में डूबे, तीन लापता

- स्थानीय गोताखोरों ने एक युवक को बचाया, लापता तीनों युवकों की तलाश जारी

संवाददाता, रामपुर/मसवासी

**अमृत विचार :** काशीपुर से शनिवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन करने आए चार युवक कोसी नदी में डूब गए। स्थानीय तैराकों ने एक युवक को बचा लिया, जबकि तीन युवक नदी के तेज बहाव में बह गए।

सूचना पर सीओ, कोतवाल सहित चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और तीनों की तलाश तेज करा दी गई है। हालांकि अभी तक तीनों का पता नहीं चल सका है। जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मौके पर पहुंच गए और किशारों और युवकों के परिजनों से जानकारी दी। उत्तराखंड काशीपुर के कचनाल गाजी गड्ढा कालोनी वार्ड 40 के लोग शनिवार को गणपति प्रतिमा विसर्जित करने कोसी नदी पर आए थे। इस दौरान नागेश (22 वर्ष), दक्ष (17 वर्ष) विकास (17 वर्ष) और हिमांशु (18 वर्ष) कोसी नदी में नहाने के लिए कूद गए। नदी में तेज बहाव के कारण चारों नदी की धार में बहते चले गए। इसे देखकर प्रतिमा विसर्जन करने वालों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय तैराकों ने हिमांशु को बचा लिया, लेकिन बहाव तेज होने के कारण अन्य तीनों को बचाने में कामयाब नहीं हो सके। सूचना पर मिलने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक पुलिस बल के साथ कोसी नदी पर पहुंच गए। अधिकारी डूबे युवकों के बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही उनके परिजनों को सूचना दी। अधिकारियों ने गोताखोरों से तलाश तेज कराई। सीओ अतुल पांडेय ने बताया कि कोसी नदी में डूबे युवकों को तलाशने के लिए पीएसी के गोताखोरों की टीम मुरादाबाद से बुलाई गई है। फिलहाल, स्थानीय गोताखोरों से भी तीनों की तलाश कराई जा रही है।

# ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव

**आगरा।** आगरा में पिछले तीन दिन से लगातार जारी बारिश के कारण ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं परिसर स्थित एक उद्यान में पानी भर गया है। ताजमहल परिसर में जलमग्न उद्यान का वीडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), आगरा मंडल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्य गुंबद में सीलन के कारण रिसाव हो रहा है। आगरा मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् राजकुमार पटेल ने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव को लेकर कहा कि हां, हमने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव देखा है। उसके बाद जब हमने निरीक्षण किया तो पता चला कि यह सीलन के कारण हुआ और मुख्य गुंबद को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमने ड्रोन कैमरे के जरिए मुख्य गुंबद का निरीक्षण किया।



# मेरठ में मकान ढहा, 3 की मौत

- तीन घायल, मलबे में छह लोगों के दबे होने की आशंका

मेरठ, एजेंसी

जिला मुख्यालय की घनी बस्ती जाकिर कॉलोनी में शनिवार शाम एक तीन मंजिला मकान भरभराकर गिर गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए एवं छह के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत विभाग की ओर से कहा गया कि मकान के अचानक ढहने से मलबे में 12 लोग दब गए। अब तक कुल छह लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है, जिनमें से तीन की मौत हो गई और तीन घायलों को लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शाम करीब सवा 5 बजे हुई और आपातकालीन सेवाओं को तुरंत सूचित कर दिया गया। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला एक मकान के गिरने की पुष्टि करते हुए कहा कि छह के मलबे में दबे होने की आशंका है और बचाव कार्य जारी है। बचाव अभियान की निगरानी के लिए मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर, मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नचिकेता झा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन ताडा समेत वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दमकल विभाग और पुलिस की टीम मलबे से लोगों निकालने के लिए प्रयास कर रही हैं।



# हनुमान जी से जुड़े प्रसंगों का 7डी तकनीक के जरिए प्रसारण

**अयोध्या।** अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में भगवान हनुमान को समर्पित एक नई गैलरी आधुनिक तकनीक से बनाई जाएगी, जिसमें 3डी से 7डी स्तर की तकनीक के माध्यम से 20 मिनट की आकर्षक फिल्म दिखाई जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार यह फिल्म हनुमान जी के जीवन और कारनामों को एक शानदार और मनमोहक तरीके से दिखाएगी। फिल्म की स्क्रिप्ट आईआईटी चेन्नई के सहयोग से विकसित की जा रही है। यह गैलरी एक साल के भीतर पूरी होने की उम्मीद है और इसमें प्रति सत्र 25 दर्शकों को मौका मिलेगा।

# बारामूला में सुरक्षा बलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया

- सेना ने विस चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई को महत्वपूर्ण बताया

श्रीनगर, एजेंसी

सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है। यह अभियान कश्मीर घाटी में शांति भंग करने के उद्देश्य से पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को विफल करने में सुरक्षा बलों की एक बड़ी सफलता को दर्शाता है।

जम्मू-कश्मीर एक दशक में बाद बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 18 सितंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। सेना की 10 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर संजय कन्नोथ ने उत्तरी कश्मीर में अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से उन्हें बारामूला जिले के क्रेरी के सामान्य इलाके में अज्ञात आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में जानकारी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया और बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं।

# केजरीवाल की रिहाई पर आतिशबाजी, रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने पर उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आवास के बाहर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के बाहर आतिशबाजी करने के मामले में सिविल लाइंस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर पटाखे फोड़े गए थे।

# हिंदू विवाह अनुबंध नहीं, तलाक के लिए सहमति जरूरी

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी

## हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही किया जा सकता है भंग

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि एक हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता। शास्त्र सम्मत विधि आधारित हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही भंग किया जा सकता है और वह भी संबंधित पक्षों द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर।

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की पीठ ने विवाह को भंग किए जाने के खिलाफ एक महिला की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि पारस्परिक सहमति के बल पर तलाक मंजूर करते समय भी निचली अदालत को तभी विवाह भंग करना चाहिए था, जब आदेश पारित करने की तिथि को वह पारस्परिक सहमति बनी रही। अदालत ने कहा कि यदि अपीलकर्ता का दावा है कि उसने अपनी सहमति वापस ले ली है और इस तथ्य को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तो निचली अदालत अपीलकर्ता को मूल सहमति पर कायम रहने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि ऐसा करना न्याय का उपहास होगा। महिला ने 2011 में बुलंदशहर के अपर जिला जज द्वारा पारित निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपर जिला जज ने महिला के पति की ओर से दाखिल तलाक की अर्जी मंजूर कर ली थी। संबंधित पक्षों का विवाह 2 फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय, पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया, जिसके बाद दूसरी बार मध्यस्थता की गई, लेकिन पति द्वारा पत्नी को साथ रखने से इनकार करने की वजह से यह मध्यस्थता भी विफल रही।



### क्या था मामला

संबंधित पक्षों का विवाह 2 फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया।

# मूंढापांडे ब्लॉक के कई गांवों समेत हाईवे पर पहुंचा बाढ़ का पानी

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया क्षेत्र का निरीक्षण, गांववालों के लिए नाव व अन्य राहत के प्रबंध किए, लेखपाल भी सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार रात नौ बजे मूंढापांडे हाईवे पर बाढ़ का पानी पहुंच गया। पिछले चार दिनों से हो रही बारिश के कारण मूंढापांडे व मुरादाबाद ब्लॉक समेत कई गांवों में सुबह से बाढ़ जैसे हालात बनते दिखाई दे रहे थे। दोनों ब्लॉक के एक दर्जन से गांवों के बाहर बाढ़ का पानी दस्तक दे चुका है। वहीं मूंढापांडे ब्लॉक में जिले के सीमा के गांव हरपाल नगर में बाढ़ का पानी संपर्क मार्ग पर आने के कारण ग्रामीणों के आने जाने में बाधा उत्पन्न हो गई है। शनिवार को बाढ़ का पानी गांव में घुस जाने की सूचना पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने मूंढापांडे ब्लॉक के गांवों का जायजा लिया।

शनिवार रात मूंढापांडे में हाईवे पर बाढ़ का पानी दिखाई देने लगा था। सुबह मूंढापांडे ब्लॉक के गांव रनियाठेर, हीरापुर, गदई खेड़ा, हरपाल नगर, भैया नगला, अहरौला, चक लालपुर के ग्रामीणों की जब आंख खुली तो गांवों के बाहरी छोर पर बाढ़ का पानी अपना रास्ता बना चुका था। इससे गांव के लोग सकते में आ गए। गांव रनियाठेर और गदई खेड़ा गांव में पानी अंदर तक घुस चुका था। वहीं गांव जैतपुर विसाट, रजोड़ा कन्नड़ देव, लालपुर तीतरी में भी बाढ़ का पानी काफी अंदर तक घुस चुका है। रनियाठेर गदई खेड़ा गांव के निवासी कपिल कुमार ने बताया कि गांव में शनिवार दोपहर के बाद से बाढ़ का पानी लगातार बढ़ रहा है। दोपहर के सापेक्ष गांव में अंदर तक दो गुना पानी आ चुका है। वहीं सबसे अधिक खतरा कोसी नदी के किनारे बसे गांव हरपाल नगर का संपर्क भी बंद हो चुका है। हरपाल नगर के ग्रामीणों ने घरों के अंदर रखा कीमती सामान छतों पर बने कमरों में रखना शुरू कर दिया। गांव रनियाठेर की प्रधान विजयलक्ष्मी के पति अविनाश ने गांव के लेखपाल को ग्राम पंचायतों में बाढ़ आने की सूचना दी। जिससे शनिवार को मूंढापांडे ब्लॉक के कई गांवों में एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र और तहसीलदार रामवीर सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने कई गांव में छतों पर खेत खलियानों में जाकर बाढ़ के पानी का जायजा लिया और गांव में लोगों के बचाव के लिए इंतजाम किए।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र।

> मूंढापांडे ब्लॉक की कई ग्राम पंचायत कोसी नदी के किनारे पर बसी होने के कारण बाढ़ का पानी कई गांवों में दस्तक दे चुका है। मौके पर जाकर गांव में व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सर्किल के सभी लेखपालों की टीम लगा दी गई है। गांव में दवा के लिए स्वास्थ्य की ओर से कैंप भी लगवाए गए हैं। गांव में नाव की व्यवस्था भी की गई है। गांववालों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। -रामवीर सिंह, तहसीलदार सदर


हाईवे पर पानी के बीच से गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार

### नदी का जलस्तर

| जगह | जलस्तर | खतरे का बिंदु | प्रवृत्ति |
|---|---|---|---|
| रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल | 189 .69 मीटर | 190 .60 मीटर | चढ़ाव |
| रामगंगा नदी, कालागढ़ | 355 .77 मीटर | 365 .300 मीटर | चढ़ाव |
| गागन नदी मुरादाबाद | 189 .40 मीटर | 192 .28 मीटर | स्थिर |

# 118.7 मिलीमीटर बारिश से परेशानी, गागन नदी का जलस्तर स्थिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में पिछले 24 घंटे में 118.7 मिलीमीटर बारिश से लोगों को परेशानी हुई। गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार की रात व शनिवार सुबह बारिश कम होने से राहत रही। जिससे गागन नदी का जलस्तर स्थिर होकर 189.40 मीटर पर रहा। शनिवार सुबह और दोपहर में हल्की बारिश होने के बाद शाम को मौसम खुल गया। हल्की धूप निकली। इससे लोगों ने थोड़ी राहत ली। बारिश में कमी से मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर स्थिर रहा। जबकि रामगंगा नदी का जलस्तर चढ़ाव पर रिकॉर्ड किया गया। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का अनुमान जताया गया है।

शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक मौसम खराब रहा। कभी हल्की बारिश तो कभी बौछारे पड़ती रहीं। इसमें किसी ने भीगकर तो किसी ने बचाव का उपाय कर अपना काम निपटाया। शाम को 4 बजे के करीब मौसम साफ हो गया और हल्की धूप निकलने से लोगों ने राहत पाई। हालांकि तीन दिन से हुई बारिश से महानगर के रामगंगा विहार, आशियाना सहित अन्य कॉलोनियों में सड़कों के गड्ढों में पानी भरा रहा। कांठ रोड पर टूटी सड़कों के गड्ढों में हिचकोले खाते हुए वाहन आगे बढ़े। किला तिराहे के पास एक वाहन का पहिया गड्ढे में फंसने से सब्जी व अनाज लेकर जा रही लोडर गाड़ी में से अनाज व सब्जियां सड़क पर गिरकर बिखर गईं। इसे देखकर ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों ने दौड़कर वाहन को संतुलित कराकर उसे किनारे कराया।

बारिश कम होने से नदियों के जलस्तर में परिवर्तन आया। रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर 189.69 मीटर रहा। यहां खतरे का निशान 190.60 मीटर है। यह चढ़ाव के क्रम में रहा।

जबकि कालागढ़ में भी रामगंगा का जलस्तर चढ़ाव पर रहा। मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर 189.40 मीटर पर स्थिर रहा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि जिले में पिछले 24 घंटे में 118.7 मिलीमीटर बारिश हुई। बताया गया कि रविवार को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश होगी।


ग्राम पंचायत रनियाठेर में पहुंचा नदी का पानी। ● अमृत विचार


जल भराव के बीच गुजरते बच्चे। ● अमृत विचार

### हाईवे पर यातायात सामान्य, प्रशासन की नजर

जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि मुरादाबाद रामपुर हाईवे पर नदी का पानी आ गया है। लेकिन यातायात सामान्य है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार पानी स्थिर है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर लगातार नजर रखे हैं। पूरी निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि अब पानी कम होगा। फिर भी हम स्थिति पर नजर रखे हैं। जैसी स्थिति होगी उसके अनुसार तत्काल कदम उठाएंगे।

### हाईवे पर मदद को तैयार खड़ी पेट्रोलिंग टीम

मुरादाबाद बरेली एक्सप्रेस-वे के प्रबंधक प्रवीन जिंदल का कहना है कि मूंढापांडे के पास हाईवे पर कोसी नदी का पानी आ गया है। लेकिन, अभी कोई खतरे वाली स्थिति नहीं है। मौके पर हाईवे की पेट्रोलिंग टीम भी मौजूद है। पेट्रोलिंग ऑफिसर मुरारी गुप्ता ने बताया कि जल प्रवाह काम हो गया है। कोई खतरे वाली स्थिति नहीं है।

## शहर में आज



☞ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर लोहागढ़ की ओर से उत्तम त्याग पर्व पर खुल जा तीर्थंकर द्वार कार्यक्रम रात 8 :30 बजे।

☞ विश्व जागृति मिशन की ओर से एक दिवसीय भक्ति सत्संग रामगंगा विहार स्थित होटल मिडटाउन में सुबह 10 :00 बजे से।

## एक नजर

### भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कांठ रोड पर भाजपा कार्यालय में शनिवार को युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सिद्धार्थ दुमल, अभिनव गुप्ता पहुंचे थे। जहां उन्होंने कार्यशाला को संबोधित किया। इसकी सूचना पर क्षेत्र के कार्यकर्ता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सिद्धार्थ दुमल से मिलने पहुंचे। चौधरी सिद्धार्थ दुमल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान की निंदा करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने सनातन धर्म के गुरुओं पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मठाधीश व साधु-संत आतंकवादियों और भूमाफिया को संरक्षण देने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से भाजपा का सदस्य बनने का आह्वान किया। इस मौके पर 70 युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद सभी सेरूआ चौराहा पहुंचे। जहां अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण पंडित, रोहित राजपूत, नितिन शर्मा, मोहम्मद दानिश अली आदि कार्यकर्ता रहे।

### महिलाओं में कहासुनी को लेकर चले लाठी-डंडे

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर नगर के मोहल्ला सराय फारूक में दो पक्षों की महिलाओं में किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। देखते-ही-देखते मामले ने विकराल रूप ले लिया। पहले तो दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इससे मन नहीं भरा छतों पर चढ़कर दोनों ओर से पत्थर बाजी शुरू हो गई। वहीं दोनों पक्षों के बीच लोगों की छतों से होकर पत्थर फेंकने के दौरान उनकी छतों पर भी पत्थर जाकर गिरने लगे। इससे घबराए लोगों ने पुलिस को फोन पर पथराव होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई। वहीं अगवानपुर चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में पथराव हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। दोनों पक्ष के लोगों ने चौकी पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### नगर निगम के वाहन से मृत गोवंश को उठवाया

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र मझोला के गांव मंगूपुरा के सामने हाईवे पर शुक्रवार को सड़क किनारे कूड़े के ढेर के पास एक गोवंश का शव पड़ा था। लोगों ने बताया कि एक दिन पहले से ही शव यहां पड़ा है। दो दिन से बारिश हो रही थी। इसलिए कम ही लोगों का वहां ध्यान गया। किसी ने शव को कुत्तों द्वारा नोचते की वीडियो बना ली। साथ ही इसे तुरंत ही एसएसपी सतपाल अंतिल के ट्विटर हैंडल एवं यूपी पुलिस को भी ट्वीट कर दिया। जैसे ही एसएसपी के ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी पहुंची। एसएसपी ने तुरंत ही संज्ञान लिया। साथ ही पुलिस को तुरंत इसे वहां से हटाने को कहा। एसएसपी के हरकत में आने के बाद पुलिस में खलबली मच गई। तुरंत ही नगर निगम को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर नगर निगम की एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। टीम ने मृत गोवंश को वहां से ले गई।

# आशाओं का सरकारी में कम निजी अस्पतालों पर अधिक जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**हीलाहवाली**

● क्लीनिक/नर्सिंग होम एवं अस्पतालों में सक्रिय आशाओं के विरुद्ध कार्रवाई में विभाग कमजोर

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल में आशा के काम करने का एक और मामला शुक्रवार को सामने आया। लेकिन, इसमें कार्रवाई अभी तक लंबित ही है। ठाकुरद्वारा सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल शुक्रवार को कालाझंडा के लाइफ केयर क्लीनिक में छापेमारी की थी, जहां ऑपरेशन से प्रसव के लिए भर्ती गर्भवती को डिलारी की आशा लेकर आई थी। ये बात खुद चिकित्सा अधीक्षक ने बताई है। इससे पहले ठाकुरद्वारा के एबीएम अस्पताल में आशा मेहनाज के काम करने की पुष्टि हुई थी। जिसे बथुआखेड़ा ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर बर्खास्त किया जा चुका है। दरअसल, इस एबीएम अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म का मामला सामने आने पर आशा मेहनाज पर आरोपियों का सहयोग करने का भी आरोप लगा था। इसी मामले में वह जेल में है। इस मेहनाज का प्रकरण सार्वजनिक होने के बाद निजी अस्पताल/क्लीनिक से जुड़ी अन्य आशाओं के चिह्नित कर कार्रवाई करने की बात सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने कही थी। कुछ महीने पहले संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर क्षेत्रीय चिकित्सा अधीक्षकों ने निष्क्रिय 16 आशाओं के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई जरूर की है। इधर, पिछले तीन दिन लगातार जिले में झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान चला है। इस बीच में 24 झोलाछाप क्लीनिक/नर्सिंग होम सील भी किए गए हैं। देखने में आ रहा है कि झोलाछाप के क्लीनिक एवं नर्सिंग होम में आशाओं की सक्रियता है। इस बात को निरीक्षण करने वाले अधिकारी भी स्वीकारते हैं। वैसे इस पूरे मामले में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल का कहना है कि जिन निजी क्लीनिक एवं अस्पतालों में आशा के सक्रिय होने का मामला सामने आया है, उनको चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठाकुरद्वारा के सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक ने कालाझंडा गांव के लाइफ केयर क्लीनिक में जिस आशा के सक्रिय होने के संबंध में सीएमओ को लिखापढ़ी की है, उस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** तेंदुए ने रात में बछड़े को निवाला बना लिया। सुबह लोगों ने बछड़े को मरा देखा तो सूचना 112 पुलिस को दी गई। वन विभाग की टीम को भी सूचना दी गई। बछड़े के मालिक ने थाने पहुंचकर लिखित में इसकी जानकारी दी।

पाकबड़ा के गांव पाठ वाली मिलक निवासी होराम सिंह का परिवार गांव के अंदर रहता है। जानवरों को बांधने की जगह गांव के बाहर है। बताया कि हमारे यहां घर पर कार्यक्रम था। हम उसमें लगे थे। जानवरों को देखने रात में कोई नहीं गया था। सुबह लोगों ने हमें सूचना दी कि तुम्हारे बछड़े को किसी ने मार दिया है। पता चला कि इसका शिकार तेंदुए ने किया है। जिसके पैरों के निशान भी वहां पर देखे गए हैं। लोगों ने बताया कि सुबह 4 बजे कुत्ते भौंक रहे थे। लोगों ने जब तेंदुए के पैरों के निशान एवं बछड़े को मरा देखा तो गांव में दहशत का माहौल हो गया। इसकी सूचना होराम सिंह ने 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने इसकी जानकारी वन विभाग को दे दी। वन विभाग की टीम ने जानकारी ली और लोगों से अपील की कि कोई भी अकेले गांव के बाहर न घूमें।






**आयोजन** टीएमयू में पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के सातवें दिन उत्तम तप धर्म मनाया

# शरीर को तपाकर ही शुद्ध हो सकती है आत्मा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के सातवें दिन उत्तम तप धर्म पर अथ देवशास्त्र गुरु पूजा, शांतिनाथ पूजन, सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजन विधि-विधान के साथ किए गए। रिद्धि-सिद्धि में श्रीजी की स्वर्ण कलश से शांतिधारा करने का सौभाग्य टीएमयू के वीसी प्रोफेसर वीके जैन के परिवार और रजत कलश से शांति धारा करने का सौभाग्य सर्वज्ञ, अमन, हर्षित, अनमोल, आशी, संस्कार, अनेकांत जैन को मिला। श्रीजी का स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य टिमिट के निदेशक प्रोफेसर विपिन जैन, सार्थक जैन, अनमोल, आदिराज जैन को मिला। इसके अलावा अष्ट प्रातिहार्य का सौभाग्य अष्ट कन्याओं- मान्या, दिव्यांशी, अंजली, राधिका, अंशिका, कृति जैन ने प्राप्त किया। सप्तम अध्याय का अनिमेश जैन ने वाचन किया। ऋषभ जैन शास्त्री ने कहा कि शरीर को तपाकर ही आत्मा की शुद्धि हो सकती है। उत्तम तप धर्म पर कुलाधिपति सुरेश जैन, वीना जैन, मनीष जैन, ऋचा जैन, अक्षत जैन शामिल रहे।


टीएमयू में आयोजित पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव में शामिल लोग।

### इच्छाओं का नाश करना ही तप है : समर्पण सागर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जैन समाज ने पर्युषण पर्व के सातवें दिन शनिवार को रामगंगा विहार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना की। इस दौरान जिनेन्द्र भगवान के सम्मुख विधान करके सम्पूर्ण देश में सुख, शांति, संपन्नता की मंगल कामना की। उत्तम तप पर चर्चा करते हुए समर्पण सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि उत्तम तप का अर्थ है इच्छानिरोधस्तप : अर्थात इच्छाओं का निरोध, अभाव, नाश करना। इस दौरान आशा जैन, नेहा जैन, धीरज जैन, नीरज जैन संदीप जैन, सर्वोदय जैन, अंकुर जैन, नीरज जैन, सजल जैन, अमित जैन, राहुल आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे, तेज बारिश होने का अनुमान है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 31.0° | 24.0° |
| सूर्योदय 05:59 | सूर्यास्त 06:21 |

# एमडीए कार्यालय से हजारों का माल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नया मुरादाबाद स्थित मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय से चोरों ने 27 अगस्त की रात खिड़की तोड़कर प्रिंटर समेत हजारों का माल चुरा लिया था। इस मामले में एमडीए कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के नजारत अनुभाग के संजय कुमार सत्संगी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अगस्त को सुबह जब नियोजन अनुभाग के कमरा नंबर 14 में कर्मचारी सुखराम ने ताला खोला तो कंप्यूटर वाली टेबल पर पैरों के निशान थे और वहां की खिड़की खुली हुई थी। सफाईकर्मी रमेश ने बताया कि उसने वहां टेबल, कुर्सी एवं प्लोटरों व ब्लू प्रिन्ट मशीन की नियमित सफाई करने के बाद देखा कि अमोनिया ब्लू प्रिन्ट मशीन, स्टेब्लाइजर, स्क्रीनिंग प्लाटर गायब है। इसके अलावा लेखा अनुभाग के सामने गैलरी की खिड़की में लगे एसी के आटटलेट से जुड़े कॉपर वायर भी गायब है। ग्राउंड फ्लोर पर कैंटीन के पास से इलेक्ट्रिक वायर भी चोर काट ले गए। चोर पूरे कार्यालय से हजारों रुपये का माल समेटकर ले गए। कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए तो दो व्यक्ति 27 अगस्त की रात चोरी करते कैमरे में कैद हो गए। थाना मझोला मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नर्स से मारपीट में तीन भाइयों समेत आठ पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में रास्ते से ठेली हटाने को कहने पर नर्स व उसके परिजनों से मारपीट में तीन भाइयों समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

पाकबड़ा क्षेत्र के रतनपुर कलां निवासी मंजू मायके मझोला के मीरपुर मिलन विहार आई थी। शुक्रवार को वह ड्यूटी के लिए रतनपुर कलां जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में खड़ी ठेली को हटाने के लिए मंजू ने पड़ोसी से कहा था। इतने में पड़ोसी तीन भाई व बहनोई समेत आठ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मामले में नर्स समेत परिवार के चार लोग जख्मी हुए थे। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मोंटू, भाई राजन और रोविन, बहनोई दीपक समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### मोटर दुर्घटना दावा के 32 मामलों में परिजनों को 5 करोड़ 25 लाख भुगतान का आदेश

# लोक अदालत में एक लाख से ज्यादा मामले निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को दीवानी परिसर में किया गया। इस बार भी लोक अदालत में एक लाख से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, परिवार न्यायालय आदि से संबंधित मामलों निपटाए गए।

अपर जिला जज/सचिव किरन बाला ने कहा, इस साल लोक अदालत ने पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर दिया है। शनिवार को विभिन्न प्रकार के 16 हजार 617 शमन योग्य वादों का निस्तारण किया गया। इसमें आरोपियों को छह लाख 44 हजार से अधिक रुपयों से दंडित किया गया है।


लोक अदालत का आरंभ करते जिला जज डॉ. अजय कुमार।

परिवार न्यायालय में 10 दंपतियों का आपसी समझौता कराकर घर भेजा। वहीं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 32 मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें पीड़ितों के परिजनों को 5 करोड़ 25 लाख 72 हजार रुपये के भुगतान का आदेश दिया। इससे पहले जिला जज डॉ. अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ किया। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविन्द मलिक, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी संजय सिंह, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत मनीष कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नम्रता शर्मा समेत अन्य न्यायिक अधिकारी, बैंक पदाधिकारी व बार संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बारिश ने रोके कदम

दीवानी परिसर में विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कमर्चारियों ने बताया कि इस बार कम लोग निस्तारण के लिए पहुंचे। लगातार हो रही बारिश ने अधिकतर वादकारियों के कदम रोके लिए। बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टॉल पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया है कि एक बजे तक करीब 20 से 30 ही मामलों का निस्तारण हुआ है। अधिकतर स्टॉलों पर अधिकारी-कर्मचारी वादकारियों के इंतजार में बैठे रहे।

श्री बाला जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# गजेटियर मुरादाबाद मंडल की संस्कृति व परम्परा का प्रतिबिम्ब

## मंडल सृजन के 44 वर्ष पूर्ण होने पर मंडलायुक्त ने गजेटियर का दूसरा खंड जनता को समर्पित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने शनिवार को मुरादाबाद मंडल के सृजन के 44 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर मंडल के गजेटियर के दूसरे खंड को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह गजेटियर मुरादाबाद मंडल की संस्कृति व परम्परा का प्रतिबिम्ब है।

मंडल के गजेटियर के दूसरे खंड का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 सितंबर को रामपुर रोड स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित रोजगार मेला में किया था। शनिवार को मंडलायुक्त ने अपने कार्यालय सभागार में मंडल के गठित होने के 44 वर्ष पूरे होने और विश्व हिंदी दिवस की भी लोगों को शुभकामना दी। कहा कि मुरादाबाद मंडल के गजेटियर के दूसरे खंड को स्थानीय स्तर पर जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गजेटियर का आवरण उत्कृष्ट है। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडलीय गजेटियर के दूसरे खंड सांस्कृतिक विरासत का संकलन को सबके सामने रखने में गौरवान्वित महसूस करता हूं क्योंकि आज हिंदी दिवस और मुरादाबाद मंडल का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने कहा कि गजेटियर को प्रमाणिक रखना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल के गजेटियर के दोनों अंक यहां के लोगों के लिए सभी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मंडलायुक्त ने किया। उन्होंने मंडलीय गजेटियर के दूसरे खंड को वरिष्ठ साहित्यकार स्व. माहेश्वर तिवारी को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि वह उन सभी लोगों के आभारी हैं जिन्होंने गजेटियर को मूल रूप देने में सहयोग किया है। गजेटियर मुरादाबाद की संस्कृति और परम्परा का प्रतिबिम्ब है। इसमें मंडल की सांस्कृतिक विरासत का संकलन किया गया है। गजेटियर से मुरादाबाद को जानने के लिए एक नई दृष्टि मिलेगी। प्रकाशन के दौरान पूरी कोशिश रही कि गजेटियर में जो भी तथ्य प्रकाशित किए जा रहे हैं वह पूर्णतः सत्यापित रहें। मंडलायुक्त ने कहा कि संस्कृति हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है। भारत का कोई भी त्योहार ऐसा नहीं है जो बिना किसी तर्क से उत्पन्न हुआ हो और प्रकृति से न जुड़ता हो। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ी को हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों और धरोहरों की जानकारी प्रदान करें। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और लोक संदर्भों के विशेषज्ञों के लेखकों और स्थानीय मीडिया कर्मियों का सहयोग लिया गया। इस खंड की योजना लोक कला, लोक साहित्य, लोक संस्कृति और लोक परम्परा के आधार पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि गजेटियर के लिए प्रमाणिकता सबसे महत्वपूर्ण होती है और बिना प्रमाणिक स्रोत के सूचना का प्रमाणित करना अनुचित था। ऐसे में संकलित सूचनाओं का परिष्करण किया गया।

डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मंडलायुक्त के दृढ़ संकल्प व मार्गदर्शन में इस कठिन कार्य को बेहतर तरीके से पूरा किया। तथ्यों का सत्यापन बेहद सतर्कता पूर्वक किया। इस गजेटियर के माध्यम से हमको मुरादाबाद की संस्कृति एवं इतिहास के बारे में प्रमाणित जानकारी मिल सकेगी। यह गजेटियर पूरे भारत में हिन्दी में प्रकाशित होने वाला किसी भी मंडल का पहला गजेटियर है। उन्होंने गजेटियर से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन सर्वेश कुमार गुप्ता, संयुक्त आयुक्त, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के एसीईओ अतुल कुमार, एडी बेसिक शिक्षा बुद्धप्रिय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


गजेटियर को जनता को समर्पित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व अन्य।


● अमृत विचार आयुक्त सभागार में एडी बेसिक शिक्षा बुद्धप्रिय सिंह के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### बेसिक शिक्षा विभाग ने आयोजन में निभाई भूमिका

मंडलीय गजेटियर के दूसरे खंड को जनता को समर्पित करने के लिए मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में कार्यक्रम को सफल बनाने में एडी बेसिक शिक्षा बुद्ध प्रिय सिंह व उनके मार्गदर्शन में शिक्षकों ने सहयोग किया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष राकेश कौशिक, राहुल शर्मा, रोशनी वर्मा व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। उन्होंने हिंदी दिवस और मुरादाबाद मंडल के स्थापना दिवस पर नगर क्षेत्र के स्कूलों की शिक्षिकाओं ने सुंदर रंगोली बनाई।



कमिश्नरी स्थापना दिवस पर बनी रंगोली।

### मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की ओर से किया प्रकाशन

गजेटियर का प्रकाशन मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से किया है। स्मार्ट सिटी के एसीईओ व अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बताया कि गजेटियर के प्रथम संस्करण की सात हजार प्रतियां छपी जिसमें से तीन हजार बिकीं। गजेटियर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसके लिए सभी आगे आएं।

### प्रकाशन की कहानी बताई

साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी ने गजेटियर के दूसरे खंड के प्रकाशन से संबंधित यादों को साझा किया। बताया कि इस खंड में धार्मिक स्थलों, सामाजिक महत्व को शामिल किया गया। तथ्यपरक बिंदुओं को रखा गया। उन्होंने कहा कि जो चीजें छूट गई होंगी उन पर भी काम किया जाएगा। उर्दू साहित्यकार आसिफ ने भी गजेटियर के प्रकाशन के महत्व पर प्रकाश डाला। बिजनौर के अमन त्यागी ने गजेटियर तैयार करने में अपनी भूमिका बताई।

## एक नजर

### मंडल के 44वें मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल सृजन के 44 साल पूरे होने पर सभी ने प्रसन्नता जताई। मंडल सृजन के बाद यहां के पहले मंडलायुक्त रामचंद्र टकरू रहे। उनका कार्यकाल 14 सितंबर 1980 से 20 नवंबर 1980 से रहा। वर्तमान में आन्जयेन कुमार सिंह मंडल के 44वें मंडलायुक्त के रूप में कार्य कर रहे हैं। वह 6 मार्च 2021 से यहां पर मंडलायुक्त के पद पर हैं। उनकी तेज तर्रार, कर्तव्यनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में छवि है। विकास कार्यों में बेहतरी के साथ ही मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों में तेजी लाने का श्रेय उन्हें जाता है। शनिवार को कार्यक्रम में सभी ने मंडलायुक्त की प्रशासनिक दक्षता, दूरदर्शी सोच की सराहना की।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले को मिला तीसरा स्थान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अलीगढ़ में आयोजित 68 वीं राज्यस्तरीय बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में जनपद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेथोडिस्ट गर्ल्स डिग्री कालेज की प्रधानाचार्या रेनुका जोएल और खेल प्रभारी क्लेरिस सिंह ने खिलाड़ियों के वापस लौटने पर उन्हें सम्मानित किया। जनपद अलीगढ़ में राज्यस्तरीय अंडर-17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता छह सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित की गई थी। जिसमें जिले की बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम कालेज और जिले के नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या रेनुका जोएल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### हर्षोल्लास से मनाया अधिष्ठापन समारोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोल्डन लायनेस मुरादाबाद आर्यन क्लब का अधिष्ठापन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रति रस्तोगी, सचिव सिमरन कौर व कोषाध्यक्ष सारिका अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ पीडीसीपी शीतल चावला ने दिलाई। कार्यक्रम में नए सदस्यों को भी पीडीसीपी उर्मिल नरूला ने कार्य समझाए एवं इंडक्शन प्रक्रिया पूर्ण कार्रवाई। कार्यक्रम की शुरूआत फाउंडर सुदेश आर्य ने की। स्वागत गीत इला एवं अनुपम ने और संध्या सेठ ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन मोनिका अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन रूबी जैन, जोन चेयरपर्सन मृदु लता गुजराती समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# मुठभेड़ के डर से शहर से भागे चोर पकड़ने के लिए पुलिस टीम रवाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक साथ तीन फ्लैट्स में की थी लाखों की चोरी

**अमृत विचारः** महानगर की सबसे सुरक्षित इम्पीरियल ग्रीन्स सोसायटी में सेंध लगाकर लाखों की चोरी करने वाले आरोपियों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। एसओजी समेत पुलिस टीम आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए महानगर से रवाना हो गई है। जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित इम्पीरियल ग्रीन्स में एक साथ तीन फ्लैट्स में बदमाशों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। सबसे सुरक्षित कहे जाने वाली सोसायटी की सुरक्षा में सेंध लगाकर चोरों ने नकदी समेत करीब 13 लाख से अधिक के आभूषण व सामान पर हाथ साफ कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज में चोरों को हेलमेट पहने हुए देखा गया था। फिलहाल पुलिस ने इंडियन बैंक के सिविल लाइंस स्थित शाखा के मुख्य प्रबंधक सुदर्शन सिंह राणा व गांधीनगर शाखा के प्रबंधक सतीश चंद्र दीक्षित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस की टीम तीन दिन से आरोपियों की तलाश में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक, वारदात के बाद आरोपी मुठभेड़ के डर से शहर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने चोरों की शिनाख्त कर ली है। एसओजी और पुलिस टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए रवाना हुई है। 48 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## ऑटो से भिड़ी रोडवेज बस, कई यात्री घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में रोडवेज बस और ऑटो की भिड़ंत हो गई। हादसे में कई यात्री घायल हो गए।

छजलैट थाना क्षेत्र के सरायखजूर के गांव वीवीपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को वह पत्नी के साथ शेरूआ चौराहे से ऑटो में बैठकर हरथला के लिए आ रहे थे। ऑटो में चार यात्री और थे। अगवानपुर में गत्ता फैक्ट्री से आगे पेट्रोल पंप के निकट मुरादाबाद से जा रही यात्रियों से भरी रोडवेज बस ने सामने से ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में अमित की पत्नी प्रीति और सिविल लाइंस के मोरा की मिलक निवासी रविंद्रपाल घायल हो गए। जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक, परिचालक और ऑटो का चालक मौके से फरार हो गए।

# जन आरोग्य मंदिरों पर देरी से आते हैं सीएचओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीपीएम ने जांची हाजिरी तो हुआ खुलासा, सीएचओ की लापरवाही से प्रभावित होता है इलाज

**अमृत विचार :** डीएम ने पिछले दिनों सीएचओ (हेल्थ कम्युनिटी ऑफीसर) की हाजिरी जांचने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शनिवार को इनकी हाजिरी चेक हुई है। इसमें स्पष्ट हो गया है कि सीएचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर-उपकेंद्रों पर समय से नहीं पहुंच रहे हैं। पिछले तीन-चार दिनों की उनकी जांची गई हाजिर से पता चला है कि 60 प्रतिशत से अधिक ऐसे सीएचओ हैं, जो देरी से आते हैं।

उपकेंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं के शुरू होने का समय सुबह नौ से शाम चार बजे तक है। लेकिन, शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) रघुवीर सिंह ऑनलाइन हाजिरी देखी तो सीएचओ के उपकेंद्र पर आने-जाने की मनमर्जी स्पष्ट हो गई है। उनकी जांच में निर्धारित समय सुबह नौ बजे उपकेंद्र पर पहुंचने वाले मात्र 32 प्रतिशत सीएचओ पाए गए हैं, जबकि 11.30 बजे तक आने वाले सीएचओ का प्रतिशत 83 मिला है। वैसे सामान्यतः अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एएमएस) पर चार बार देरी से हाजिरी होने पर एक छुट्टी काट लेने का नियम है।

लेकिन, यह नियम स्वास्थ्य विभाग में ली जा रही हाजिरी पर लागू नहीं है। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी महानिदेशालय में पत्राचार करने की बात कह रहे हैं। सीएचओ के उपकेंद्र पर देरी से पहुंचने से वहां आने वाले रोगियों का इलाज प्रभावित होता है। डीपीएम ने बताया कि सीएचसी क्षेत्र के छोटे-छोटे हिस्सों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े और उनका वहीं इलाज एवं आवश्यक जाचें हों। दवा भी मिले।

सुबह ओपीडी का समय रहता है और ऐसे समय ही यह सीएचओ उपकेंद्र पहुंचने में लापरवाही करते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 253 जन आरोग्य मंदिर-उपकेंद्र संचालित हैं। जिन पर सीएचओ भी तैनात हैं। डीपीएम ने बताया कि संबंधित सीएचओ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उन्होंने सीएमओ को रिपोर्ट दी है।

### शनिवार को एएमएस पर सीएचओ की हाजिरी

| सुबह का समय | सीएचओ | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 9.30 बजे तक | 80 | 32 |
| 10.00 बजे | 103 | 41 |
| 10.30 बजे | 161 | 63 |
| 11.00 बजे | 182 | 72 |
| 11.30 बजे | 199 | 78 |
| 12.00 बजे तक | 209 | 83 |

### हाजिरी की जांच

जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर पहुंचने के संबंध में उन्होंने हाल ही के दिनों की भी सीएचओ की हाजिरी जांची है। पाया है कि 10 सितंबर को 225 सीएचओ ने ऑनलाइन हाजिरी दी है। 11 सितंबर को 227, 12 सितंबर को 214 और 13 सितंबर को 209 लोगों ने अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम पर हाजिरी दी है।

**मंडलीय गजेटियर** | आम और रोहू मछली से मिला अमरोहा जिले को नाम

# इब्न बतूता की अमरोहा यात्रा का भी है जिक्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**विशेष**

- पहले अमरोहा का नाम अमरोहू था जो बाद में अमरोहा हो गया
- दूसरे खंड के पेज 80 पर अमरोहा के इतिहास का वर्णन

**अमृत विचारः** कहा जाता है कि अमरोहा को अपना नाम आम और रोहू मछली से मिला। किंवदंती के अनुसार जब शर्फउद्दीन अमरोहा आए तो उनको स्थानीय निवासियों ने आम और रोहू मछली पेश की। इससे अभिभूत होकर उन्होंने इस स्थान को अमरोहू नाम दिया जो बाद में अमरोहा हो गया।

मुरादाबाद मंडल के गजेटियर के दूसरे खंड सांस्कृतिक विरासत का संकलन के पेज नंबर 80 पर वर्णित है कि अमरोहा में प्राचीन निर्माण व अवशेष मौजूद हैं। शहर के उत्तर पूर्व में बाह का कुंआ स्थित है। मुरादाबाद गजेटियर 1911 के अनुसार यह विशाल आकार का और काले कांकड़ से निर्मित है। सीढ़ियां नीचे पानी की ओर ले जाती हैं। किनारों पर गुम्बदाकार कक्षों की दो कतारें हैं। ये सभी भूतल से नीचे हैं। 1904 में कुंए की मरम्मत का कार्य कराया गया था। कुएं के निर्माण का श्रेय सूरजध्वज वंश के राजा किरपानाथ को दिया जाता है।




गजेटियर में जिक्र है कि 14वीं शताब्दी में मोरक्को के यात्री इब्न बतूता ने भारत यात्रा की। सुल्तान बिन तुगलक ने उन्हें दिल्ली का काजी नियुक्त किया। इस क्रम में इब्न बतूता ने अमरोहा की भी यात्रा की थी। एचएआर गिब द्वारा संपादित इब्न बतूता के यात्रा विवरण का जिक्र भी गजेटियर में है।

इसमें पेज 82 पर दिए गए विवरण के अनुसार इब्न बतूता बताते हैं कि मेरे लिए आदेशित 10,000 मॉन्ड (मन) अनाज वजीर ने प्रदान कर दिए थे। शेष के लिए मुझे अमरूहा (अमरोहा) प्रदान किया गया। यहां राजस्व का नियंत्रण अजीज-अल-खम्मार के हाथों में था। सेनानायक बदख्शां के शम्स-अल-दीन थे। दिल्ली से यहां तक की यात्रा तीन दिनों की है। यात्रा बरसात के समय में की गई। मेरे साथ अन्य साथियों के साथ दो गायक भाई भी थे। जब हम बिजनौर पहुंचे तो वहां मुझे तीन और भाई मिले वे भी गायक थे। मैंने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

गजेटियर के दूसरे खंड के पेज 83 पर दिए विवरण के अनुसार अमरोहा में रहने के दौरान इब्न बतूता ने शम्स अल दीन एवं अजीज-अल खम्मार के मध्य विवाद होने पर परिस्थिति नियंत्रण में सहयोग दिया। इब्न बतूता ने अमरोहा में लगभग दो माह बिताए।

गजेटियर के दूसरे खंड में दिए तथ्यों का संदर्भ मुरादाबाद गजेटियर 1911, 1968 व पुस्तक द ट्रेवल आफ इब्न बतूता एडी 1325-1354 से लिया गया है।

## मेवानवादा स्टेशन पर 20 दिन तक नहीं रुकेंगी ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन द्वारा मंडल में कांठ-स्योहारा के बीच पड़ने वाले मेवा नवादा स्टेशन पर रेल संचालन सुधारने का काम किया जा रहा है। जिसमें डाउन लाइन की मरम्मत व विकास का काम शुरू किया गया है। जिसके चलते सहारनपुर की ओर से आने वाली ट्रेन संख्या-04302 सहारनपुर-मुरादाबाद मेमू व और ट्रेन संख्या- 0430 ऋषिकेश-चंदौसी पैसेंजर के मेवा नवादा में ठहराव पर रोक लगाई गई है। दोनों ट्रेनें अगले 20 दिनों के लिए मेवा नवादा स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद-सहारनपुर रूट पर मेवा नवादा स्टेशन पर बेहतर रेल संचालन के लिए रिमाडलिंग वर्क का काम प्रस्तावित है। जिसके लिए शनिवार से शुरू हो गया। लूप लाइन सुधार का काम 20 दिनों तक चलेगा। इन ट्रेनों में सहारनपुर-मुरादाबाद व ऋषिकेश-चंदौसी पैसेंजर शामिल हैं।

# भाजयुमो ने अखिलेश का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मठाधीशों की तुलना माफिया से करने पर शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भड़क उठे। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला लाइनपार के प्रकाश नगर चौराहे पर फूंका। भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव द्वारा सनातन धर्म का अपमान करते हुए मठाधीशों की तुलना माफिया से की इसका हम विरोध करते हैं।

महानगर अध्यक्ष ने पुतला दहन के बाद कहा कि अखिलेश यादव द्वारा सनातन धर्म का अपमान करते हुए मठाधीशों की तुलना माफिया से की गई है। इसका मोर्चा पूरी तरह विरोध करता है। अखिलेश यादव ऐसे बयान सिर्फ़ मुस्लिम समुदाय के अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए देते हैं। जिससे प्रदेश का माहौल खराब हो सके। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो वह मौलाना के विषय में ऐसी टिप्पणी करके दिखाएं। चेतावनी दी कि जब विपक्ष अपनी बीमार मानसिकता दिखाते हुए सनातन धर्म का अपमान करेगा तब भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा कार्यकर्ता सड़क से लेकर संसद तक सनातन धर्म के स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ने का काम करेगा। इस दौरान लाइनपार मंडल अध्यक्ष भाजपा संजीव चौहान, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा अभिषेक राठौर, दीक्षांत चौधरी, आशुतोष सिंह, कार्तिक शर्मा, उज्ज्वल सैनी, उदित शर्मा, गौरव द्रविड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला फूंकते भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- भाजयुमो ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान को बताया मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने का माध्यम

एक नजर

### खेत से चारा लेने गई महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पशुओं के लिए चारा लेने खेत जा रही महिला को गांव के ही दो लोगों ने दबोच लिया। आरोपियों ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर दोनों आरोपी फरार हो गए। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते एक सितंबर को वह पशुओं का चारा लेने जा रही थी। रास्ते में धर्मेन्द्र और विनोद पहले से घात लगाए बैठे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उसे बुरी नियत से दबोच लिया और मुंह दबाकर खींच कर ईख के खेत में ले गए। वहां आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। थाना भोजपुर श्यामवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## नफरतें दिल से मिटाने हुजूर आए हैं, प्यार के फूल...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय सूफी फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार रात काठ की पुलिया स्थित ऐवान-ए-वारिस में जश्ने आमद-ए-नूर का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज हाफिज मोहम्मद अली वारसी ने कलाम-ए-पाक की तिलावत से की।

महफिल में बोलते हुए पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि मोहसिन इंसानियत पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए। उनके आने के बाद महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोका गया। महिलाएं सुरक्षित हुई। फाउंडेशन के अध्यक्ष कशिश वारसी ने कहा इस्लाम का पैगाम अमन, मोहब्बत, भाईचारा और वतन से मोहब्बत है। इसीलिए भारतीय सूफी फाउंडेशन का नारा है कि प्यार बांटते चलो और ईद मिलादुन्नबी पर भी हम यहीं पैगाम देते हैं। इस दौरान नातिया महफिल का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के मशहूर शायरों ने अपना नातिया कलाम पेश किया। जिसमें इंजीनियर अनवर कैफी ने पढ़ा- लिखो जो नाते मोहम्मद कभी भी ए अनवर जो पहले पाक जवानों जमीर कर लेना। हकीम अहमद मुरादाबाद ने पढ़ा- नफरतें दिल से मिटाने हुजूर आए है, प्यार के फूल खिलाने को हुजूर आए हैं,कौन समझाए ये फिरकों में बांटी उम्मत को, मुत्ताहिक करने जमाने को हुजूर आए हैं। इसके अलावा बिलाल वारसी, अमीन वारिस वारसी, नजीर अशरफी, महफूज अशरफी, सादिक अली वारसी व नाजिम राज ने भी अपने कलाम पेश किए। इस मौके पर देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी, अतहर अंसारी, सलीम वारसी, अबरार वारसी, इकबाल अंसारी, शोएब हसन खां पाशा, हाजी कैसर अली कुद्दुसी, रईस आदि मौजूद रहे।

### महानगर के अलग-अलग क्षेत्रों से शनिवार को निकली विसर्जन यात्राएं, गूंजे गणपति के जयकारे

# अबीर-गुलाल उड़ाकर श्रद्धालुओं ने बप्पा को किया विदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गणेश चतुर्थी के आठवें दिन शनिवार को भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक हुई हल्की बूंदाबांदी के बीच श्रद्धालुओं ने महानगर के अलग-अलग इलाकों से विसर्जन यात्राएं निकाली। जिसमें बूंदाबांदी के बीच भीगते हुए सभी भक्त भगवान गणेश का जयघोष लगाते हुए घाटों पर पहुंचे और गणपति बप्पा को विदाई दी। वहीं दोपहर बाद धूप निकली तो विसर्जन यात्राओं में और इजाफा हो गया। श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर बप्पा को विदाई दी।



रामगंगा नदी में गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु।



पीटीसी से गणपति विसर्जन को रामगंगा की ओर जाती युवतियां।

शनिवार को बूंदाबांदी के बीच सुबह से ही गणपति बप्पा की प्रतिमा विसर्जित करने के लिए महानगर के अलग-अलग इलाकों से यात्राएं निकलनी शुरू हुई। बंगला गांव, सिविल लाइंस, दसवां घाट, नागफनी, लाल बाग, कटघर, दस सराय, पीतल नगरी, जयंतीपुर, सीतापुरी, लंका बाग, गोविंद नगर, लाइनपार, कांशीराम नगर, सम्राट अशोक नगर, हिमगिरी कलोनी, रामगंगा विहार व आशियाना समेत महानगर के अलग-अलग इलाकों से विसर्जित यात्राएं बड़ी धूमधाम से निकाली गई। कांठ रोड पर सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के आगे बने घाट पर सुबह से लेकर शाम श्रद्धालुओं ने बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। दोपहर होने तक लोग डीजे पर भक्ति संगीत और बैंड की धुन के साथ ढोल की थाप पर नृत्य करते और अबीर गुलाल बरसाते हुए प्रतिमाएं लेकर अटल घाट पर पहुंचे। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वहीं शनिवार को रामगंगा क जलस्तर बढ़ने के बाद सभी घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं को पानी में जाने से रोककर प्रतिमाएं तैराकों के हाथ से विसर्जन कराया गया।

# हिंदी को सीखें, समझें व जीवन में आत्मसात करें

### स्कूल-कॉलेजों में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित, व्यावहारिक रूप से अपनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कालेज में शनिवार को हिंदी दिवस पर हिंदी विभाग द्वारा सोशल मीडिया एवं तकनीकी के क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते कदम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से हिंदी भाषा को सीखने, समझने और अपने व्यवहार में उसे आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की स्थिति निरंतर सुदृढ़ हो रही है। हिंदी के इस विकास में डिजिटल माध्यम एवं इंटरनेट मीडिया का बड़ा हाथ है। उपप्राचार्या डॉ. अंजना दास ने मातृभाषा के रूप में हिंदी की महत्ता को स्वीकारते हुए व्यवहार में उसके अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

हिंदी विभाग प्रभारी प्रोफेसर सीमा अग्रवाल ने कहा कि आज हिंदी भाषा में रोजगार के अनेकों अवसर उपलब्ध हैं। अध्ययन सामग्री के हिंदी में अनुवाद को शासन द्वारा अधिकाधिक प्रोत्साहन मिलना भी आवश्यक है। प्रोफेसर सुधा सिंह ने हिंदी भाषा के विश्व में व्यापक प्रसार एवं डॉ. करुणा शर्मा ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान पोस्टर व नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।



गोकुलदास कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



एमआईटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### भाषण प्रतियोगिता में हृदयांशी ने पाया प्रथम स्थान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के गोविंद नगर में शिशु वाटिका इंटर कालेज व एसवी पब्लिक स्कूल में संयुक्त रूप से हिंदी दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित स्वर्गीय सुमन कुमार जैतली की स्मृति में सुमन जैतली स्मृति सम्मान के अन्तर्गत अन्तर्विधालय भाषण प्रतियोगिता हुई। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने विषय वर्तमान समय में रामचरितमानस की उपयोगिता पर अपने-अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल की तरफ से दिए गए निर्णय के अनुसार इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साहू रमेश कन्या इंटर कालेज की छात्रा हृदयांशी जोशी, द्वितीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा प्रगति पांडेय व तृतीय स्थान शिरडी सांई पब्लिक स्कूल की तारिणी टंडन ने हासिल किया। तीनों विजेताओं को अतिथियों ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### हिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमआईटी कॉलेज में शनिवार को हिंदी दिवस पर एमआईटी लिटरेरी सोसायटी द्वारा निबंध प्रतियोगिता और एमआईटी के पूर्व छात्र दिव्य प्रकाश अनेजा का व्याख्यान का आयोजन किया गया। एमआईटी कॉलेज में हिंदी हैं हम वतन है हिंदुस्तान हमारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग, डॉ. मनीष सक्सेना, एमआईटी के पूर्व छात्र दिव्य प्रकाश अनेजा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को सम्मानित किया। पूर्व छात्र दिव्य प्रकाश अनेजा जो ईपीएएम सिस्टम्स कंपनी गुरूग्राम में कार्य करते हैं, का व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का संचालन रुचि वार्ष्णेय व सुचिता सक्सेना ने किया। इस दौरान संस्थान के डॉ. राजुल मिश्रा, डॉ. मुनीश छाबरा, नेहा गुप्ता, मानस सिंघल, नितिन कुमार अग्रवाल, अंजू राणा आदि मौजूद रहे।

## हिंदी कविता पाठ में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के गांधीनगर पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों के बीच अंतर सदनीय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा एक के छात्र अमायर प्रथम, पार्थ द्वितीय और अथर्व ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दो में कविता का विषय राष्ट्रीय चिह्न था। जिसमें श्रीनिका प्रथम, माहिरा व समृद्धि द्वितीय अनर्व प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन में कबीर व रहीम के दोहे विद्यार्थियों ने लय के साथ सुनाएं। जिसमें मोनिका प्रथम, मनहा खान द्वितीय और हिजा खान ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा चार के में उमिका प्रथम, जारा ने द्वितीय और मिष्ठी व तुष्ठी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने कवि कुमार विश्वास की कविता प्रस्तुत करने में आध्या व अभिषेक प्रथम, आरोही द्वितीय और अजका ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर नेहा गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, विभोर भटनागर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## जीवन की परिभाषा हिंदी जन मन की अभिलाषा हिंदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति की ओर से हिन्दी दिवस पर शनिवार को जंभेश्वर विश्नोई धर्मशाला लाइनपार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं काव्य गोष्ठी भी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्रपाल विश्नोई ने की।

मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर, विशिष्ट अतिथि रघुराज सिंह निश्चल रहे। सरस्वती वंदना राजीव प्रखर ने की। संचालन अशोक विद्रोही ने किया। महानगर के प्रसिद्ध कवि मनोज वर्मा मनु का सम्मान रुद्राक्ष की माला पहनाकर, सम्मानपत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। डॉ. महेश दिवाकर ने कहा कि हिन्दी जीवन प्राण है, भारत की पहचान। हिन्दी हिन्दुस्तान की संस्कृति का सम्मान।

काव्य पाठ के अगले क्रम में योगेंद्र पाल सिंह विश्नोई ने कहा- लो पूर्ण हुई जीवन यात्रा इसमें कुछ शेष विशेष नहीं। मनोज वर्मा मनु ने हिन्दी यदि पाती रहे जन मन में आकार सुनाया। जबकि अशोक विद्रोही ने राष्ट्रभाषा बन जाए हिन्दी, भारत मां का हो सम्मान और नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने जीवन की परिभाषा हिन्दी, जन मन की अभिलाषा हिन्दी से सराहना पाई। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक विश्नोई ने कहा कि भारत की भाषा हिन्दी है। वीरेंद्र बृजवासी ने हिंदी की प्रशंसा करना कोई अनुचित बात नहीं। नकुल त्यागी, राम सिंह निशंक, ओंकार सिंह ओंकार, राजीव प्रखर, रघुराज सिंह निश्चल, रविशंकर चतुर्वेदी ने भी अपना रचना के माध्यम से हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### हिंदी दिवस मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्त्री आर्य समाज मंडी बांस ने साप्ताहिक अधिवेशन में हिन्दी दिवस मनाया। आयोजन की शुरूआत में पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। प्रीता आर्य ने भजन प्रस्तुत किया। हिंदी दिवस के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती के गुरु स्वामी विरजानंद का भी जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर चंद्रकिरण आर्य, प्रीता आर्य, जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य, रमा आर्य, विशेष आर्य, सुमन आर्य, सीमा आर्य, मनु आदि शामिल रहे।

## थानाध्यक्ष ने कहा-कोर्ट में दायर करो परिवाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

झोलाछाप

- ठाकुरद्वारा के शिव हेल्थ केयर में दो गर्भवती महिलाओं का कराया गया था ऑपरेशन से प्रसव
- 11 सितंबर को संचालक के खिलाफ दी गई थी एफआईआर के लिए दी थी तहरीर

**अमृत विचार :** झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत शिव हेल्थ केयर के विरुद्ध एफआईआर लिखने के बजाय थानाध्यक्ष ने चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर को वापस कर दिया है। साथ ही सलाह दी है कि कोर्ट में परिवाद दायर करो। चिकित्सा अधीक्षक ने सुरजन नगर में आराध्या बैंक्वेट हॉल के पास स्थित शिव हेल्थ केयर के संचालक डॉ. एसके सैनी के विरुद्ध एफआईआर के लिए 11 सितंबर को तहरीर दी थी।

यह मामला ठाकुरद्वारा का है। इस मामले में शनिवार को थानाध्यक्ष दीपेश सिंह ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल को पत्र लिखकर कहा है कि न्यू मेडिकल काउंसिल एक्ट-2019 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण के संबंध में न्यायालय में परिवाद दायर किया जाना विधि संगत होगा। उधर, चिकित्सा अधीक्षक ने भी स्वीकार किया है कि थानाध्यक्ष ने उनकी तहरीर को लौटा दिया है। अब अगली कार्रवाई के लिए उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी है। जैसे निर्देश मिलेंगे, उसी क्रम में शिव हेल्थ केयर के संचालक के विरुद्ध कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. राजपाल ने बताया कि उन्होंने 11 सितंबर को ही शिव हेल्थ केयर में छापेमारी की थी। यहां उनके पहुंचने से पहले ही संचालक नासिर निकल चुका था, जबकि मौके दो युवतियां मिली थीं जो अपने को नर्स बता रही थीं। हास्पिटल में दो गर्भवती के ऑपरेशन से शिशु का जन्म कराया गया था, जो वहीं भर्ती भी मिली थीं। इन प्रसूताओं को सीएचसी में शिफ्ट किया गया था। इनमें शनिवार को एक प्रसूता को सीएचसी से छुट्टी भी कर दी गई है। यह नर्सिंग होम सीएमओ कार्यालय में पंजीकृत भी नहीं है न ही यहां कोई प्रशिक्षित स्टाफ व डॉक्टर हैं, इसके बाद भी ऑपरेशन से प्रसव कराए जा रहे थे। इसी मामले में उन्होंने एफआईआर के लिए थाने में तहरीर दी थी। जिसे थानाध्यक्ष ने एफआईआर न दर्ज कर वापस कर दिया है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मिलक गंगवरी में शुक्रवार को हुई विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मृत महिला के पिता की शिकायत पर महिला के पति सद्दाम और सास हुकूमत एवं दो अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने महिला के पति सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र की रहने वाली गुले शदाब की शादी चार साल पहले मिलक गंगवरी निवासी सद्दाम से हुई थी। महिला के परिवार वालों का आरोप है कि शादी के बाद से पति और परिजन मारपीट करते थे। गुरुवार रात को भी पति-पत्नी में विवाद हुआ था। जिसके बाद शुक्रवार सुबह महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया था।

## एक बच्चा रेफर, दूसरा शाम को भर्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

डिप्थीरिया

- अस्पताल में आने वाले डिप्थीरिया पीड़ित बच्चों को लगाया जा रहा एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन

**अमृत विचार :** जिले में डिप्थीरिया काफी तेजी से प्रभावी हो रहा है। मंडलीय वार्ड के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती डिप्थीरिया पीड़ित बच्चे (5) की हालत गंभीर होने पर दोपहर बाद डॉक्टरों ने उसे नई दिल्ली के महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग चिकित्सालय में रेफर कर दिया, वहीं शाम होते-होते एक और बच्ची (7) भर्ती हो गई है। बच्ची का सॉरी वार्ड में इलाज हो रहा है। इसे डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के दौरान ही एंटी डिप्थीरिया सीरम के चार इंजेक्शन लगाए हैं। यह बच्ची संभल जिले के मथुरा निजामपुर की है। जबकि, रेफर किया गया बच्चा मझोला क्षेत्र में भोला सिंह की मिलक का है जो 12 सितंबर से चिल्ड्रेन वार्ड के सात नंबर बेड पर भर्ती था।

इस तरह मंडलीय अस्पताल में अब तक डिप्थीरिया पीड़ित कुल सात बच्चे आ चुके हैं। इनमें दो संभल के और पांच मुरादाबाद जिले के हैं। इनमें बिलारी क्षेत्र के सदिकापुर की एक बच्ची (8) की पिछले महीने 30 अगस्त को मौत हो चुकी है। शेष पांच बच्चे मंडलीय अस्पताल से पिछले दिनों नई दिल्ली के चिकित्सालय में रेफर किए जा चुके हैं। मंडलीय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार शाम को ही अस्पताल में संभल की डिप्थीरिया पीड़ित बच्ची आई है। इसे सॉरी वार्ड में भर्ती किया है। बाल रोग विशेषज्ञ और ईएनटी (नाक-कान-गला) सर्जन ने प्रारंभिक इलाज किया है। इसकी भी हालत नाजूक बताई है। इसके अलावा चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती बच्चे को फीवर आ रहा था और गले में दर्द भी था। इसकी भी हालत गंभीर थी, इसलिए डॉक्टरों की सलाह पर इसे रेफर किया गया है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मंडलीय अस्पताल में एंटी डिप्थीरिया सीरम की सरकारी सप्लाई नहीं है। इसलिए लोकल पर्चेज (एलपी) के माध्यम से बाजार से इंजेक्शन खरीद रहे हैं और रोगी को निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बाजार में एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन की कीमत करीब 1200 रुपये बताई है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि डिप्थीरिया पीड़ित आने वाले बच्चों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में एंटी डिप्थीरिया सीरम की 10 वॉयल स्टॉक रखा गया है।

## जेल में बंद कैदी की हार्ट अटैक से मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला जेल में बंद कैदी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह हत्या के मामले में अभिरक्षा में एक साल से जेल में बंद था। पुलिस ने शव बरामद कर मोर्चरी में रखवा दिया है।

जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि डिलारी के सुल्तानपुर निवासी नवी अहमद (63) हत्या के मामले में एक साल से जिला जेल में अभिरक्षा में बंद था। शनिवार को रात 9:30 बजे नवी की जेल में अचानक तबीयत खराब होने लगी। थोड़ी देर बाद उसको दिल का दौरा पड़ गया। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर फिर से दिल का दौरा पड़ने से नवी की मौत हो गई। डॉक्टरों के मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने नवी के परिजनों को सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

तैयारियां

### महानगर के बाजार में जमकर हो रही लाइटों व झंडों की खरीदारी, इस्लामिक झंडों से सजे मुस्लिम इलाके

# ईद मिलादुन्नबी का उत्साह, कल निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन यानि ईद मिलादुन्नबी को लेकर काफी उत्साह है। मुस्लिम इलाकों में काफी जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। गली-मोहल्लों में बच्चों के काफिले निकल रहे हैं तो मस्जिदों में फज्र की नमाज के बाद सलातो-सलाम का नजराना पेश किया जा रहा है। लोगों ने अपने घरों को लाइटों और इस्लामिक झंडों से सजाना शुरू कर दिया है। सोमवार को महानगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसके लिए शनिवार को जमकर खरीदारी की गई।

इस बार 16 सितंबर को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश यानि ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा। जिसको लेकर मुस्लिम इलाकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में लाइटों और झंडों की बिक्री पिछले एक सप्ताह से हो रही है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने अपने घरों और मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया है। वहीं सोमवार को महानगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसकी शुरूआत महानगर के जीआईसी चौराहे से होगी। यहां पहले शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद की अध्यक्षता में जलसा होगा। जिसके बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी रवाना किया जाएगा। यह जुलूस दीवान का बाजार स्थित जामिया नईमिया मदरसे पर पहुंचकर संपन्न होगा। इससे पूर्व बड़ों से लेकर बच्चों में जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर उल्लास नजर आ रहा है। लोग बाजारों में घरों की सजावट के लिए झंडे, पगड़ी और हजरत मोहम्मद साहब की याद से जुड़े प्रतीकात्मक सामान की खरीदारी कर रहे हैं। घरों पर रोशनी की जा रही है। मोमबत्तियां और दीये भी खरीदे जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन ने भी जुलूस को शांति पूर्ण माहौल में निकलवाने की तैयारियां पूरी कर ली है।



ईद मिलादुन्नबी की तैयारी को लेकर सज गए बाजार। ● अमृत विचार

### जुलूस में शामिल नहीं होंगे बड़े वाहन व डीजे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुछ दिन पहले मरकजी जमीयते अहले सुन्नत द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर की गई बैठक में ऐलान किया गया था कि जुलूस में मिनी मैट्रो, ठेले और ऑटो रिक्शा की इजाजत रहेगी। जुलूस में डीजे लगे बड़े वाहन, खाली वाहन लाना मना है।



हम सभी लोगों को ईद मिलादुन्नबी पर खुशी का इजहार करना चाहिए। लोग अपने घरों में चरागां करें। नज्रों नियाज पेश करें। हमें अपने प्यारे नबी की आमद पर खुशी मनानी चाहिए। – **मुफ्ती मुस्तेजाब हुसैन कदीरी**

## नबी की आमद से दुनिया नूर से भर गई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मरकजी जमीयत एहले सुन्नत के तत्वावधान में महानगर की लाल मस्जिद में चल रहे दस रोजा जिक्र-ए-सीरते मुस्तुफा के आखिर दिन शनिवार को मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि प्यारे नबी की आमद से सारी दुनिया नूर से भर गई। आपने लोगों को मोहब्बत का व अमन पैगाम दिया और सारी दुनिया में आपस में फासले को कम किया। उन्होंने कहा कि जिस दौर में प्यारे नबी दुनिया में तशरीफ लाए तो उस समय लड़कियों को जिंदा दफन कर दिया जाता था। अल्लाह के नबी ने औरतों को बराबरी के अधिकार दिलाए। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि मुसलमान प्यारे नबी की सीरत का अध्ययन करें। इस मौके पर आसिफ अकरमी, रईस अहमद अकरमी, शुजात अकरमी, अहमद निज़ाम कादरी, रईस अशरफी शामिल रहे।

## जिले को 6 जोन में बांटा, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईद उल मिलादुन्नबी के लिए जिले को 6 जोन में बांटा गया। जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनकी ड्यूटी लगा दी है।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि हर जोन में एक जोनल मजिस्ट्रेट व जोनल पुलिस अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। जोन एक जीआईसी चौराहा पर जोनल मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव की ड्यूटी है। इनके साथ जोनल पुलिस अधिकारी सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर रहेंगे। जबकि जोन 2 जीआईसी से नीम का प्याऊ तक जोनल मजिस्ट्रेट डिप्टी कलेक्टर अमित कुमार व जोनल पुलिस अधिकारी सीओ कोतवाली सुनीता दहिया की निगरानी में रहेगा। जोन 3 नीम का प्याऊ से जामिया नईमिया में जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार पांडेय व जोनल पुलिस अधिकारी की भूमिका सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह निभाएंगे। जोन 4 सर्किल हाईवे में जोनल मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, उनके साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता की जिम्मेदारी है। जबकि जोन 5 सर्किल सिविल लाइंस में जोनल मजिस्ट्रेट अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय अजय मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय अंकित कुमार को दायित्व जिलाधिकारी ने दिया है। जबकि जोन 6 में जोनल मजिस्ट्रेट की भूमिका अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम संतदास पवार निभाएंगे।

## एक नजर

### घर के बाहर से बकरा ले गए बाइक सवार चोर

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम भैसोड़ा निवासी जयवीर सिंह पुत्र राम भरोसे ने बताया कि 11 सितंबर की दोपहर को घर के दरवाजे पर उसका बकरा बंधा हुआ था। जहां पर चोर बाइक से आए और बकरे की रस्सी काटकर बाइक उसे ले गए। बाद में स्कूल के सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि बाइक सवार दो युवक बकरे को बाइक से ले गए। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दी है। बाइक का नम्बर भी सीसीटीवी में कैद हो गया है। पीड़ित व्यक्ति का कहना एक माह पहले भी चोर उसके एक और बकरे को ले गए थे, जिसका अब तक कुछ पता नहीं चल सका है।

### तीन लाख नकद और जेवर चोरी की रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र पीलकपुर गुमानी निवासी मुरारी सिंह ने पुलिस को तीन दिन पहले तहरीर देकर बताया था कि उसका बेटा जितेंद्र कुमार सड़क दुघर्टना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसका मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 30 अगस्त की रात को किसी समय चोर घर से तीन लाख रुपये, जेवर और कई आवश्यक दस्तावेज ले गए थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने और नकदी व सामान बरामद करने की गुहार लगाई थी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाली गलौच व मारपीट में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के राजुपुर कलां निवासी नीरज कुमार पुत्र अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह खेत से पशुओं के लिए चारा लेकर घर आ रहा था। रास्ते में लोकराज के घर के निकट चेतराम, राहुल, भूपेंद्र पुत्रगण गेन्दा ने गाली गलौज की और विरोध करने पर धारदार से हमला कर दिया। पीड़ित की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राहुल, भूपेंद्र, चेतराम पुत्रगण पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देश की एकता और अखंडता की सूत्रधार हिंदी

## हिंदी दिवस पर शिक्षण संस्थानों में प्रतियोगिताएं आयोजित, विजेताओं का सम्मान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली के प्रेम शांति इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस पर वाद-विवाद, हिंदी शब्दावली, दोहा शब्दकोश की अंताक्षरी की प्रतियोगिता हुई। जिसमें आकांक्षा, राधा, खुशबू, गौरी, प्रियंका, नेहा, दीक्षा, श्रद्धा, रितु, सुमित, योगेंद्र, विनय, लक्ष्मण, रेहान, विशेष, गौरव, अंकुल, अंकुश, कृष्णपाल, सौरभ ने प्रतिभाग किया। विजयी टीम को प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने पुरस्कार दिया।

हिंदी दिवस पर बोलते हुए प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि हमारी मातृभाषा हिंदी का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हमें हमेशा मातृभाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए। देश की एकता और अखंडता की सूत्रधार हिंदी जनमानस की भाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम भी है। हिंदी आत्मा और संस्कार की भाषा है और मानवता के विकास में सक्षम है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव, आदित्य राघव, सुषमा राघव, शिवम आदि रहे।

वहीं, कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुरकाशी में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता हुई। आशीष कुमार जादौन ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस बनाने के बारे में जानकारी दी। 14 सितंबर 1949 को एक कानून बनाया गया। जिसमें हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं में भी हिंदी भाषा में ही कार्य हुआ। श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुकाशी में निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने हिंदी दिवस का महत्व बताया।


बिलारी में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षक।



राजकीय डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस में मौजूद शिक्षक व अन्य।

### हिंदी दिवस पर रामचरितमानस काव्य पाठ आयोजित

**बिलारी, अमृत विचार :** एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाथीपुर में हिंदी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में रामचरितमानस काव्य पाठ एवं संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा रामचरितमानस का काव्य पाठ किया गया। कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकों का वाचन भी किया। कक्षा 12 के बच्चों में हिंदी पाठ्यक्रम प्रतियोगिता हुई। जिसमें लावण्या प्रथम एवं रजब रजा द्वितीय रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया एवं अन्य सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षकों ने बताया हिंदी का महत्व

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** फतेहउल्लागंज स्थित संघटक राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को हिंदी को अपनाकर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जितेंद्र पाल सिंह मीणा ने कहा कि हिंदी हमारे देश के राष्ट्रभाषा है। हिंदी राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हिंदी वर्तमान समय में विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में भी अपनाई जा रही है, जिससे छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण में लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. मीरा अग्रवाल, डॉ. तेजराम सिंह ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौरव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश सिंह, डॉ. गिरिराज सिंह, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. वंदना विश्वकर्मा ने विचार रखे।


बिलारी में जैन मंदिर में पूजा करते लोग।

# आत्मा की शुद्धि को सांसारिक इच्छाओं को रोकना उत्तम तप

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार सुबह जैन समाज के लोगों ने सर्वप्रथम मूर्तियों का अभिषेक किया। इसके बाद शांतिनाथ भगवान की मूर्ति पर शांति धारा की गई। विशेष पूजा बाबा पार्श्वनाथ, शांतिनाथ भगवान, कुंथनाथ, अरनाथ भगवान, भगवान चौबीसी की सामूहिक रूप से प्रक्षालन कर आरती की गई।

इसके बाद विमला जैन ने कहा कि आत्मा की शुद्धि के लिए सांसारिक इच्छाओं को रोकना उत्तम तप है। जो जीव अहंकार छोड़कर तपस्या करता है उसे मुक्ति मिलती है। इस दौरान राकेश जैन, कौशल जैन, संजय जैन, पवित्र जैन, राजीव जैन, विपुल जैन, रजत जैन, तनिष्क जैन, गरिमा जैन, पावनी जैन, रेनू जैन, पूजा जैन, शशि जैन, मानसी जैन, लवी जैन, अन्वी जैन, सुरभी जैन, वर्णिका जैन, तंदुल जैन, सर्वांग जैन, आरव जैन, अक्षया जैन आदि उपस्थित रहे।

# अस्पताल संचालक ने ओटी की सील तोड़ी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** झोलाछापों के खिलाफ अभियान के तहत तीन दिन पहले एडी अस्पताल में अनियमितता मिलने पर नोडल अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने छापा मारकर अस्पताल की ओटी को सील कर दिया था। इसके बाद एडी अस्पताल के संचालक ने बिना किसी अनुमति के ओटी की सील को तोड़ दिया। इसकी सूचना मिलने पर डॉ. राजपाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि वहां ओटी सील टूटी है, जिस पर पूरे अस्पताल को सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी ने कोतवाली पुलिस को एडी अस्पताल के संचालक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की सील तोड़ने के संबंध में तहरीर दी है।

बता दें कि तीन दिन पहले एडी अस्पताल के अवैध संचालन को लेकर ओटी को सील किया गया था। जिसकी शनिवार को सील तोड़े जाने वाले के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है और अस्पताल को दोबारा से सील कर दिया गया है। डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत एडी अस्पताल को तीन दिन पहले सील किया गया था। शनिवार को सूचना मिली थी कि एडी अस्पताल की ओटी की सील तोड़ दी गई है। जानकारी पर टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो सील टूटी थी। इसके बाद पूरे अस्पताल को सील कर एडी अस्पताल के संचालकों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई।


एडी अस्पताल में ओटी की टूटी सील दिखाते चिकित्सा अधीक्षक।

- **सूचना पर नोडल अधिकारी ने दोबारा अस्पताल किया सील**

## सार संक्षेप


कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ व छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

### छात्रों को हिंदी के महत्व की जानकारी दी

**कांठ, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर में हिंदी दिवस पर प्रधानाध्यापक भुवनेश कुमारी ने छात्र-छात्राओं को हिंदी के महत्व और इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी संपूर्ण जगत में सबसे अनूठी और समृद्ध भाषा है। नीटू चौहान ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए सदन में नारे लगवाए। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### मुरादाबाद में आज होगा समरसता सम्मेलन

**बिलारी, अमृत विचार :** वंचित समाज आरक्षण मोर्चा उत्तर प्रदेश के राजेंद्र सहदेव ने बताया कि 15 सितंबर रविवार को 12 बजे पंचायत भवन कंपनी बाग मुरादाबाद में अखंड भारत महासंघ के तत्वावधान में गोरखनाथ पीठाधीश्वर के ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर समरसता सम्मेलन होगा। राजेंद्र सहदेव ने मोहल्ला कोरियन वाल्मीकि बस्ती में हुई बैठक में बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा के संजय भाई जोशी होंगे और विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र विराट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड भारत महासंघ होंगे। राजेंद्र सहदेव ने सभी वर्गों से समय से पंचायत भवन पहुंचने का आह्वान किया है। बैठक में आजाद राव रत्नाकर, नीरज प्रेमी, संजीव टॉक, संजय वाल्मीकि, गजराम सिंह वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, जीतू प्रेमी, शिवकुमार सरथल, राकेश कुमार, अमर सिंह, महेश कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाथू सिंह तथा संचालन रोहित उर्फ मटरू वाल्मीकि ने किया।

### श्री गुरु हनुमान अखाड़े के पहलवान ने जीता स्वर्ण

**कांठ, अमृत विचार :** श्री गुरु हनुमान अखाड़े के पहलवान जतिन धारीवाल के ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहां से लौटने पर शुक्रवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में 51000 की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू में हुई थी। जहां जतिन ने एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 13 सितंबर को जतिन धारीवाल को रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली में सम्मानित किया गया। उन्हें 51,000 रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के बाद जतिन धारीवाल श्री गुरु हनुमान अखाड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने अखाड़े के संचालक और कुश्ती कोच अनुज विश्नोई से आशीर्वाद लिया।


पहलवान को चेक देते अखाड़ा संचालक।

### धूमधाम से किया भगवान गणपति का विसर्जन

**कांठ, अमृत विचार :** मोहल्ला घोसीपुरा में गणपति की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसके उपरांत रामगंगा नदी में भगवान गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया। शोभायात्रा मोहल्ला घोसीपुरा से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, गुरुद्वारा, करनपुर तिराहा से होती हुई मिश्रीपुर स्थित रामगंगा नदी पर पहुंची, जहां भगवान गणेश का विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में युवा डीजे पर बज रहे भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में लवकेश शास्त्री, सुनील जोशी, अमन जोशी, विवेक जोशी, शुभम जोशी, अमित तोमर, जतिन जोशी, मोनू जाटव आदि उपस्थित रहे।

### चारा लेने जा रहे किसान को सांप ने काटा

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम फूलपुर निवासी महेंद्र सिंह पुत्र वंशी सिंह उम्र 30 वर्ष शनिवार सुबह खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गया था, जिसके साथ उसकी पत्नी सोनिया भी मौजूद थी। चारा काटते समय किसान के पैर में सांप ने डस लिया। जानकारी पर उसे उपचार के लिए परिजन चिकित्सक के यहां ले गये। चिकित्सक ने उसकी हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया। किसान का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

### असामाजिक तत्वों पर नजर रखें चौकीदार

**छजलैट, अमृत विचार :** थाने में अनन्त चतुर्दशी और बारह वफात को लेकर क्षेत्र के चौकीदारों को असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि अनन्त चतुर्दशी एवं बारह वफात निकट है। पर्व को संपन्न करना सभी लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगड़ने का प्रयास करता है अथवा गांव में किसी भी तरह की कोई भी घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक चौकीदार एवं थाना पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा।

### सिंगापुर में नौकरी के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम दुल्हापुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र महिपाल सिंह ने एसएसपी को तहरीर देकर कहा कि टांडा अफजल निवासी कृष्णकांत ने बताया कि उत्तराखंड के थाना जसपुर के ग्राम अंगदपुर निवासी अमन कुमार पुत्र अशोक कुमार युवकों की विदेश में नौकरी लगवाता है। उसने अमन को सिंगापुर में नौकरी के लिए चार लाख 40 हजार रुपये स्थानांतरित कर दिए। इसके कुछ दिन बाद अमन ने उसको सिंगापुर की वीजा भेज दी। वह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा तो वहां पता चला कि वीजा फर्जी है। इसके बाद वह वापस घर आ गया। उसने अंगदपुर जाकर अमन के परिजनों से सम्पर्क किया तो वह आगबबूला हो गए और धमकी देकर भगा दिया। जबकि आरोपी ने युवक को 4 लाख 40 हजार रुपये दिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कच्चे मकान की छत गिरने से पन्नी डालकर रह रहा परिवार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बारिश से क्षेत्र के कई लोगों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्राम महमूदपुर माफी में एक परिवार छत पर पन्नी डालकर रहने के लिए विवश है। तहसील प्रशासन ने मौके पर निरीक्षण कर मुआवजा दिलाने के लिए एसडीएम को रिपोर्ट सौंप दी है।

तहसील की टीम ने क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा, नया गांव हकीमपुर सहित कई गांवों में संबंधित लेखपालों ने निरीक्षण कर मकानों के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट तैयार कर मुआवजे के लिए एसडीएम को सौंप दी है। क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर माफी में महेंद्र सिंह पुत्र बंसी सिंह मजदूरी करता है। शुक्रवार को उनके कड़ियों के एक कमरे की छत गिर गई। जिसमें उनके बड़े भाई वीर सिंह भी घायल हो गये। दूसरे कमरे की भी कड़ियां गिर गईं। क्षेत्र में शनिवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। अब पूरा परिवार छत पर पन्नी डालकर रहने को विवश है। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने बताया कि परिवार बहुत गरीब है। प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों को सहायता के लिए आगे आना चाहिए।


क्षतिग्रस्त मकान में मौजूद पीड़ित परिवार।

## सनातन धर्म ही श्रेष्ठ जीवन : गौतम खट्टर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आर्य समाज टांडा अफजल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन सुबह सर्वप्रथम वैदिक अग्निहोत्र किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपप्रधान ज्ञानेंद्र गांधी तथा विशिष्ट अतिथि जिला आर्य समाज के प्रधान अजब सिंह आर्य रहे।

समापन सत्र में गौतम खट्टर ने बताया कि सनातन धर्म सबसे श्रेष्ठ धर्म है। सनातन धर्म की श्रेष्ठता का मूल वेद हैं। वेद जीवों के लिए परमपिता परमात्मा की सबसे श्रेष्ठ कृति है, ज्ञान है। इस अवसर पर जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य, जसवंत सिंह, सुबोध आर्य, सुभाष आर्य, गिरिराज सिंह, अरविंद आर्य, ओमप्रकाश सिंह, विजय सिंह, सतीश कुमार, महाराज सिंह, चन्द्र मोहन, शरद आर्य, सुयश आर्य, शिवम आर्य, ओमलता देवी, मीना देवी, पुष्पा योगेन्द्र पाल, राजा आदि उपस्थित रहे।



कुंदरकी में कार्यक्रम में बोलते आरिफ पाशा।

# मेडिकल कॉलेज भी शुरू होगा : आरिफ

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** आईटीएम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के 10वें स्थापना दिवस पर शरीफउद्दीन पाशा ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए ख्वाब देखा था जो पूरा हो गया।

शनिवार को संस्थान में स्थापना दिवस पर आईटीएम कॉलेज के प्रशासक आरिफ पाशा ने कहा कि जल्दी ही मेडिकल कॉलेज की भी बुनियाद रखी जाएगी। नवाब हुसैन प्रधानाचार्य कुंदरकी पब्लिक इंटर कॉलेज ने कहा की यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। डॉ. मोहम्मद उजैर प्राचार्य इमामुद्दीन तुर्की इंटर कॉलेज, सैयद अंबर रजा प्रधानाचार्य किसान पब्लिक इंटर कॉलेज व आदर्श शिक्षक अच्छन खान ने कॉलेज की रिपोर्ट की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्वाली राम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमर सिंह सैनी, आईटीएम अकादमी के प्रधानाचार्य वसीम जैदी, अतीकुर्रहमानए अफरोज पाशा, शान ए आलम, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद फिरोज पाशा, शफी सैफी, शमीम अहमद, सरफराज अली, एजाज मुस्तफा आदि रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग हो रहे परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में तमाम प्रयासों के बावजूद बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दिन-रात हो रही अघोषित कटौती व ट्रिपिंग से उपभोक्ता बेहाल हो जा रहे हैं। शिकायत के बावजूद जिला प्रशासन सुचारु आपूर्ति के लिए गंभीर नहीं है। दिन के बाद अब रात में भी घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे नगर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल है, लेकिन स्थानीय विद्युत उपकेंद्रों से दिन में घंटों आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे उमस भरी गर्मी में लोग हाल परेशान हो जा रहे हैं। कटौती से पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। घंटों बिजली गुल रहने से किसान सिंचाई ठीक से नहीं कर पाते हैं। लगातार बढ़ रही मांग और आपूर्ति के अंतर को पूरा करने में पावर कॉरपोरेशन नाकाम साबित हो रहा है।

**आवश्यकता है**
**कुन्दन सिंह मैमोरियल (पी.जी.) कॉलेज, अफजलपुर**
में शिक्षा संकाय में प्रवक्ताओं की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन समस्त पत्राजात सहित रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के पते पर कर दें। अभ्यर्थियों की योग्यता यू.जी.के मानकानुसार होगी।
**सम्पर्क सूत्र : 9758961460, 9536422522, 9457853707**

**थाना समाधान दिवस** अधिकारियों ने शिकायतें सुनकर निस्तारण के लिए मौके पर भेजीं टीम, निष्पक्ष जांच के निर्देश

# जमीन संबंधी मामलों की पुलिस टीम के साथ जांच करें

संवाददाता, छजलैट/कांठ

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में थाना छजलैट में दो शिकायतें दर्ज की गईं। मौके पर दोनों शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं, थाना कांठ में चार शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

थाना छजलैट में समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक, लेखपालों एवं पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए एसडीएम राम मोहन मीणा ने कहा कि थाना समाधान दिवस में शिकायतों का मौके पर निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें और भूमि संबंधी विवादों में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम जाकर विवादों का निस्तारण कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राजस्व विभाग के कर्मचारी ध्यान रखें कि अगर कोई बड़ा विवाद है तो बिना पुलिस टीम लिए न जाएं क्योंकि जमीन के विवादों में बड़ी घटनाएं हो जाती हैं। वहीं, थाना कांठ में पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाडिया ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जो भी शिकायतें आती हैं, उनका गुणवत्तापरक निस्तारण होना चाहिए। राजस्वकर्मी एवं लेखपाल ध्यान रखें कि किसी तरह का पक्षपात नहीं होना चाहिए। भूमि संबंधी विवादों पर की समीक्षा उच्च स्तर से की जा रही है। तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ विजेंद्र सिंह, सभी लेखपाल उपस्थित रहे।


थाने में समस्याएं सुनते अधिकारी।

### पांच शिकायतें दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली में थाना दिवस में एसडीएम प्रीति सिंह ने समस्याएं सुनीं। जहां पांच लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। महज एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष चार शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए गए हैं।

### दो शिकायतें मौके पर निस्तारित

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को थाना समाधान दिवस में सीओ राजेश कुमार तिवारी और कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह ने समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को सुनकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग से संबंधित सात शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बाकी शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान लेखपाल आदि सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राशन की दुकान के लिए किया प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव पानूवाला में रिक्त राशन की दुकान सहायता समूह को दिलाने की मांग को लेकर समूह की महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

शनिवार को ग्राम पंचायत पानूवाला महिला सत्यम सहायता समूह की महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर रिक्त राशन की दुकान को सहायता समूह को दिलाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पुलिस की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई थी। महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी और उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देखकर वरीयता के आधार पर सहायता समूह के नाम प्रस्ताव पास कराने की मांग की ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही सहायता समूह की महिलाओं को उसका लाभ मिल सके। प्रदर्शन में कौशल्या देवी, मीनाक्षी, रीना देवी, विशाखा कुमारी, रूबी अंजुम जहां, बलवीर सिंह, नरेश सिंह, कविता देवी आदि रहे।

# गन्ना समिति की सभा में पक्की पर्ची देने की मांग

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति कांठ की वार्षिक सामान्य सभा में स्योहारा, दीवान, और त्रिवेणी शुगर मिल के अधिकारी और गन्ना किसानों में समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। किसानों ने मिल अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए और अपनी समस्याएं बताईं।

शनिवार को सभा में किसानों ने आरोप लगाया कि मिल कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उन्हें समय पर गन्ने का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। गन्ने में फैल रही बीमारियों के उपचार के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। किसानों ने शिकायत की कि गन्ना तौल लिपिक मनमानी करते हैं और कच्ची पर्चियों पर गलत एंट्री कर देते हैं, जिससे किसानों को भुगतान में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहा कि उन्हें पक्की पर्ची दी जानी चाहिए। रायपुर के किसान महेश चौहान ने कहा कि किसानों के अधिकारों का सम्मान होना चाहिए और गन्ने की खरीदारी पारदर्शिता से की जानी चाहिए। किसानों ने चेतावनी दी कि शुगर मिल के अधिकारी सही कदम नहीं उठाएंगे तो वे तौल लिपिकों के खिलाफ कार्रवाई करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर दीवान शुगर मिल के वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक शीराज मलिक ने कहा कि किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाए जाएंगे। राजपाल सिंह, त्रिवेणी शुगर मिल के टीएस यादव और स्योहारा शुगर मिल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभा में चौधरी विजयपाल सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, महिपाल सिंह, देवराज सिंह, सुशील कुमार, जाकिर हुसैन, और चौधरी विजयपाल सिंह सहित किसान सभा में उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**
My old name was Shivani. In 2023, I got my gender change surgery done. Now I am a male and my name has become SHIVIN SINGH S/o Mr. Roop Singh, Kashiram Nagar, Moradabad. In future, I will be known by this name.

**सूचना**
मेरा नाम आशीष कुमार अग्रवाल (Ashish Kumar Agarwal) है, जो कि त्रुटिवश आशीष कुमार लिख गया है आज से मुझे आशीष कुमार अग्रवाल (Ashish Kumar Agarwal) के नाम से जाना पहचाना जाए। S/o Yatendra Kumar Agarwal, A-22, Krishna Vihar Rampur - 2440901

## एक नजर

### साइबर क्राइम टीम ने वापस कराए 10,000 रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** धोखाधड़ी से निकाले गए युवक के 10,000 रुपये साइबर क्राइम टीम ने वापस करा दिए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आवास विकास निवासी राहुल रस्तोगी ने कुछ समय पहले साइबर क्राइम टीम को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके बैंक खाते से 10,000 रुपये साइबर फ्राडस्टर द्वारा काट लिए गए। साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक आशाराम ने शनिवार को पीड़ित की पूरी धनराशि वापस करा दी।

### ट्रक के पहिये का रिम चुरा रहे दो चोरों को पुलिस को सौंपा

**स्वार, अमृत विचार :** ट्रक के पहिये का रिम चुरा रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रिम व बाइक बरामद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। शनिवार सुबह तहसील क्षेत्र के गांव खानपुर उत्तरी निवासी वाजिद हुसैन का ट्रक गांव के निकट खड़ा था। इस दौरान दो चोर ट्रक के पहिये का रिम चुरा रहे थे। इस बीच ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ गई। सूचना पर ट्रक स्वामी व ग्रामीणों ने चोरों को पकड़ लिया और पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नगर निवासी यामीन व जिला बदायूं के मोहल्ला साहबगंज निवासी शुऐब बताए हैं।

# खतरे के निशान को छूकर बह रही कोसी नदी

## घाटमपुर, बेनजीर और प्रानपुर तक पहुंचा पानी, दढ़ियाल में सबसे अधिक बढ़ा कोसी का जल स्तर, दहशत में लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। दढ़ियाल में कोसी नदी खतरे के निशान को छूकर बह रही है। शहर से सटे घाटमपुर, बेनजीर और प्रानपुर में कोसी नदी का पानी पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत है। दढ़ियाल में कोसी नदी के खतरे का निशान 209.69 मीटर है जबकि, नदी का बहाव 209.30 गेज पर हो रहा है। प्रशासन कोसी नदी के निकट के गांवों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने का ऐलान करा रहा है। लोगों से कोसी नदी के आसपास और जंगल जाने की मनाही की जा रही है।

कोसी नदी का पानी शहर से सटे गांवों तक पहुंच गया है। शनिवार की शाम 4 बजे रामनगर बैराज से कोसी नदी में 24,080 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। जबकि, दढ़ियाल बांध से 34,000 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया। लालपुर वियर से 75,009 क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया। रवन्ना निवासी वीरपाल ने बताया कि गांव में पानी घुस गया है। गन्ना, मेंथा, उड़द, धान की फसलें कोसी नदी की चपेट में आ गई हैं। कहा कि प्रशासन पीड़ित किसानों को मुआवजा वितरित करे। दोपहर एक बजे रामनगर बैराज से 28,361 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। दढ़ियाल बांध से कोसी नदी में 40,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। लालपुर वियर से 78,558 क्यूसेक पानी कोसी नदी में प्रवाहित किया गया है। कोसी का जलस्तर बढ़ने से प्रशासन सतर्क हो गया है। गांवों के अलावा शहर में गांधी समाधि, धोबीघाट, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जल निगम कार्यालय, रामलीला मैदान के आसपास पुलिस तैनात कर दी गई है।


ग्राम घाटमपुर में घुसा बाढ़ का पानी।

> कोसी नदी में उफान है। लोग कोसी नदी के आसपास जाते समय एहतियात बरतें। बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। पशुओं का चारा, दवाएं और बाढ़ पीड़ितों के ठहरने की व्यवस्था कर ली गई है।
> –नवीन कुमार सिंह, एक्सईएन, नहर खंड


हादसे के बाद बच्चों के साथ खड़ी घायल गुलशन।

### दढ़ियाल में कच्चे मकान की छत गिरी, महिला जख्मी

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में शनिवार की सुबह कच्चे मकान की छत गिर गई। इससे चीख-पुकार मच गई। शोर-शराबा होने पर पहुंचे लोगों ने मलबे में दबी गृहस्वामिनी और उसके दो बच्चों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना पाकर लेखपाल ने मौका मुआयना किया। नगर के मोहल्ला हबीब नगर निवासी सनव्वर अली के परिवार में उसकी पत्नी गुलशन और दो बच्चे हैं। सनव्वर मजदूरी करता है। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे सनव्वर अली कुछ सामान लाने गया था। घर में उसकी पत्नी गुलशन, 3 साल की बेटी रिजवी और डेढ़ साल का बेटा अली रजा थे। अचानक उसके कच्चे मकान की छत भरभरा कर गिर गई। बच्चों व महिला की चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह मलबे में दबी गुलशन और उसके दोनों बच्चो को बाहर निकाला। घायल गुलशन को निजी चिकित्सक को दिखाया गया। सूचना पाकर लेखपाल अरुण कुमार ने मौका मुआयना किया। लेखपाल ने बताया कि घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

## रामनगर बैराज से छोड़े गए पानी ने क्षेत्र में मचाया तांडव

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात रामनगर बैराज से आए पानी ने क्षेत्र में खूब तांडव मचाया। कोसी नदी से बाहर निकला पानी दर्जनों गांवों में घुस गया। फसलों के अलावा संपर्क मार्गों को भी बर्बाद कर दिया।

शनिवार तड़के कोसी में आए पानी ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा दी। नदी से बाहर निकले पानी ने कई गांवों के संपर्क मार्गों को भी चपेट में ले लिया। क्षेत्र के खेमपुर, रसूलपुरा, पसियापुरा, चांदपुर, इमरता, बजावाला, खिजरपुर, लालपुर, ईश्वरपुर, सूरजपुर, धनुपुरा, दलेलनगर, सरकड़ी, प्रानपुर, बैजना आदि गांवों के कुछ घरों में बाढ़ का पानी घुस गया। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। खेमपुर से गांव की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर 5-6 फिट पानी है। रास्ता बंद होने के कारण पसियापुर के लोग 24 घंटे से घरों में कैद हैं। खेमपुर के साप्ताहिक बाजार के अलावा दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

### बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करे प्रशासन : आकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** रामनगर बैराज से कोसी नदी में पानी छोड़े जाने के बाद रामपुर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी आ गया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व हेम सिंह के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की प्रशासन हरसंभव मदद के लिए तैयार रहे। लोगों से अपील की कि वह भी सतर्कता बरतें और बच्चों को पानी में न जाने दें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व हेम सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व ने बताया कि यदि पहाड़ी इलाकों में बारिश नहीं हुई तो हालात जल्द सामान्य हो जाएंगे। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर आश्रय स्थल, लोगों के खाने पीने का सामान आदि जुटा लिया गया है।

# बाढ़ में फंसे 3 परिवार बाहर निकाले

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बजावाला में तीन परिवार बाढ़ के पानी की वजह से घरों में फंस गए। तीनों परिवारों के 24 लोगों के बाढ़ में फंसने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों परिवारों को बाहर निकाल लिया।

गांव निवासी सोमपाल, पप्पू और मनोहारी के परिवारों ने कोसी बांध के पास खेतों में घर बना लिए हैं। शुक्रवार को कोसी में आई बाढ़ के चलते तीनों परिवार पानी की चपेट में आ गए। उनके घरों के चारों ओर 10-12 फिट बाढ़ का पानी तेजी के साथ बहने लगा। तीनों परिवारों ने रात में ही निकलने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। शनिवार की दोपहर 3 परिवारों के बाढ़ में फंसने की सूचना पुलिस को मिली। आनन-फानन में थानाध्यक्ष अजय पाल सिंह एवं चौकी इंचार्ज संदीप कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से फोन पर संपर्क किया। मौके की नजाकत देखते हुए थानाध्यक्ष ने पीएसी की रेस्क्यू टीम मौके पर बुलाई। करीब 2 घंटे तक चले रेस्क्यू के दौरान टीम बाढ़ में फंसे परिवारों तक पहुंच गई। इसके बाद तीनों परिवार के सदस्यों को टीम ने 3 बार में नाव से बाहर निकाला। इस तरह पुलिस एवं रेस्क्यू टीम ने 24 लोगों की जान बचा लीं। रेस्क्यू आप्रेशन के दौरान तमाम ग्रामीण भी मौके पर जुटे रहे।


बाढ़ में फंसे लोगों को निकालती रेस्क्यू टीम।

- गांव बजावाला में बाढ़ के पानी से घिर गए थे तीन परिवार
- घरों के चारों ओर तेजी से बह रहा था 10-12 फिट बाढ़ का पानी

## शनिवार को भी हुई वर्षा, नदियों में उफान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार को भी झमाझम बारिश होने से नदियां उफान पर हैं। कई गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश का क्रम शनिवार को भी जारी रहा। क्षेत्र की भाखड़ा, डकरा, पीलाखार, सैंजनी आदि आदि नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से थोड़ा ऊपर बह रहा है। इसकी वजह से कई गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी कर दिया गया है। उधर, गांव डिबडिबा में 4 कच्चे मकानों की दीवार गिर गईं। मलबे में दबकर गृहस्थी का अधिकांश सामान नष्ट हो गया। पीड़ितों में चमेली देवी, विमला देवी, सुनीता और ज्ञानवती आदि शामिल हैं। तहसीलदार निश्चय कुमार ने बताया कि सभी घरों को सूचीबद्ध किया गया है। जल्द ही उन्हें शासन से मदद दिलाई जाएगी।


घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण और पुलिस।

# डूबे लोगों की तलाश में जुटे पीएसी के गोताखोर

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** कोसी नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन करना आए काशीपुर के तीनों लोगों को तलाशने के लिए पीएसी के गोताखोरों को बुलाया गया। दो किशोर और एक युवक की तलाश के लिए गोताखोर नदी में उतर गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पट्टीकलां कोसी नदी घाट पर शनिवार को उत्तराखंड के काशीपुर शहर से सटे कचनाल गाजी निवासी नागेश, दक्ष और विकास विसर्जन करने के बाद कोसी नदी में डुबकी लगा रहे थे। अचानक तेज बहाव के कारण वह पानी में डूब गए। सूचना पाकर पुलिस-प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। देर शाम पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पीएसी के गोताखोरों को मौके पर बुलाकर खोजबीन के लिए नदी में उतारा गया है। लेकिन देर शाम तक गोताखोरों को सफलता नहीं मिल सकी। 5 किलोमीटर के दायरे में गोताखोर तलाश करने में जुटे हैं। एसडीएम अमन देओल भी मौके पर पहुंच गए। किशोर के परिजन का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। वह बार-बार अधिकारियों से अपने बच्चों को खोजने की गुहार लगाते रहे।

## धर्मांतरण मामले में कबाड़ी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार:** किशोर का धर्म परिवर्तन करने के मामले में पुलिस ने कबाड़ कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

हापुड़ जिले के पिलखुआ थाना क्षेत्र के मोहल्ला साकेत निवासी मंजू पत्नी रामानंद राय शुक्रवार को शाहबाद कोतवाली पहुंची थी। उन्होंने बताया था कि 2005 में उनका बेटा सत्यम राय लापता हो गया था। उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। 12 वर्ष बाद 2017 में सत्यम वापस लौट आया। आरोप है कि वेदान मोहल्ले के रहने वाले आरोपियों ने उसे सत्यम से नहीं मिलने दिया था। हिन्दू संगठनों से संपर्क किया और सभी कोतवाली पहुंच गए थे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने कबाड़ का कारोबार करने वाले राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि राशिद की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।


मसवासी में अधिशासी अभियंता का पुतला फूंकते बजरंग दल के पदाधिकारी।

# अधिशासी अभियंता का पुतला फूंका

**मसवासी, अमृत विचार :** तीन दिन से नगर समेत 36 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित है। विभागीय अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। इससे अक्रोशित लोगों ने देर रात अधिशासी अधिकारी का पुतला फूंक दिया। आपूर्ति सुचारु न करने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

बुधवार की रात से लगातार हो रही बारिश के चलते टांडा से दढ़ियाल के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया था। इससे मसवासी नगर सहित मोहल्ला भूबरा और चाऊपुरा के साथ ही क्षेत्र के 36 गांवों की बिजली आपूर्ति तीन दिन से ठप है। बिजली आपूर्ति पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। गांवों में अंधेरा पसरा है। उपकरण शो पीस बनकर रह गए हैं। इससे अक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार देर रात मुख्य चौराहे पर अधिशासी अभियंता के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंक दिया।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, अनुज मौर्य, अनिल सागर, कमल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## ट्रक का पहिया चढ़ने से युवक की टांगें कटीं

**रामपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया। ट्रक का पहिया चढ़ने से युवक की दोनों टांगे कट गईं। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव टांडा बादली निवासी फईम की थाना गंज क्षेत्र में परचून की दुकान है। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे फईम दुकान से घर जा रहा था। नैनीताल हाईवे पर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे फईम सड़क पर गिर गया। इस दौरान ट्रक का पहिया उतरने से उसकी दोनों टांग कट गईं। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय कुमार मिश्रा ने उन्हें इस तरह की किसी घटना की तहरीर नहीं मिली है।

# लोक अदालत में निपटे 72,967 मामले

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने दीप जलाकर कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 72967 मामलों का निस्तारण किया गया।

शनिवार को न्याय वाटिका परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने 1 वाद का निस्तारण कर 500 का अर्थदण्ड प्राप्त किया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अजय कुमार त्रिपाठी ने 63 वादों का निस्तारण कराया।

मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी राजीव कमल पांडेय ने 19 वादों में मृतकों व घायलों के आश्रितों को 1,27,95,000 रुपये जुर्माना दिलाया। इसके अलावा 52 अन्य प्रकृति के वादों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट शाजिया नजर जैदी ने 5 वादों का निस्तारण किया। न्यायालय कक्ष संख्या 2 के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभु नारायण पांडेय ने 1 वाद का निस्तारण कर अर्थदण्ड के रूप में 2000 प्राप्त किए। (ईसीएक्ट) के विशेष न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने 1021 वादों का निस्तारण किया।



दीप जलाकर लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी।

- जिला जज ने दीप जलाकर किया लोक अदालत का शुभारंभ

### फौजदारी के 326 वादों का हुआ निस्तारण

अपर सिविल जज (प्रवर वर्ग) द्वितीय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप सिंह ने 326 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 1390 रुपये प्राप्त किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अंकित राज सिंह ने 313 फैजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 2250-00 प्राप्त किए। 4 एनआईएक्टके वाद अंकन 1,30,000 रुपये का निस्तारण किया। सिविल जज (प्रवर वर्ग), त्वरित न्यायालय संजय कुमार सिंह ने 189 वादों का निस्तारण कर अर्थ दंड के रूप में 36,850 रुपये वसूले। अन्य विभागों के विभिन्न प्रकार के 67151 मामलों का निस्तारण हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर 6 वैवाहिक व परिवारिक वाद का निस्तारित किए। बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों द्वारा ऋण वसूली के प्री-लिटीगेशन स्तर पर 334 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया।

## सार संक्षेप

### बीमारी से मिलकखानम थाने के फॉलोवर की मौत

**स्वार, अमृत विचार :** मिलकखानम थाने में तैनात फॉलोवर का बीमारी के चलते निधन हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस लाइन निवासी 40 वर्षीय प्रदीप शर्मा मिलकखानम थाने में फालोवर थे। वह काफी समय से बीमार थे। शुक्रवार की रात प्रदीप शर्मा काम खत्म करने के बाद क्वार्टर में सोने चले गए। शनिवार की सुबह जब वह काम पर नहीं आए तो पुलिस कर्मी उनके कमरे में पहुंच गए। हालत गंभीर देख पुलिस कर्मी उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रजा लाइब्रेरी में आज आएंगे केरल के राज्यपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर रजा लाइब्रेरी की 250वीं वर्षगांठ पर वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में वैश्विक समन्वय एवं भारतीय विमर्श पर एक संभाषण का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रविवार को रजा लाइब्रेरी पहुंचेंगे। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, सहकारिता विभाग जेपीएस राठौर, विशेष अतिथि पुस्तकालय बोर्ड एवं नवाब परिवार के सदस्य नवाब मोहम्मद अली खां रहेंगे। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ .पुष्कर मिश्र ने बताया कि लाइब्रेरी की स्थापना 7 अक्टूबर 1774 को हुई थी।

### हिन्दी भारतीय संस्कृति व संस्कारों की पहचान : रवेन्द्र

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ज्वालानगर स्थित कार्यालय पर शनिवार को संगोष्ठी हुई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने कहा हिन्दी भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति व संस्कारों की पहचान है। हिन्दी भाषा का वैश्विक स्तर पर विस्तार हुआ है। हिन्दी जन सामान्य की भाषा है। सभी भारतीयों को इस पर गर्व करना चाहिए। इस मौके पर नरेन्द्र पाठक, विनीत श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, राजेश कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### शांति और सौहार्द के साथ मनाएं ईद मिलादुन्नबी

**सैफनी, अमृत विचार :** शहर इमाम कारी अतीक उर रहमान ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सोमवार की सुबह निकाला जाएगा। इस मौके पर शांति एवं सौहार्द बनाएं रखें। जुलूस के दौरान लोग किसी प्रकार का हुड़दंग न करें। जुलूस में तक्सीम किया जाने वाला तबरुक लोगों के हाथ में दें, इधर-उधर न फेंके।

### ढकिया में ध्वजा मेला शुरू, उमड़े लोग

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया में रानी पद्मावती की याद में लगने वाले ऐतिहासिक ध्वजा मेला शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन शोभायात्रा निकाली गई। इसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शनिवार को एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा का गांव में लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। आसपास क्षेत्र के तमाम लोग मेले में पहुंचे। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डा. मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह, अतुल सिंह, सुरेश गुप्ता, महेश चंद्रवंशी, प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**टांडा, अमृत विचार :** दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। ससुराल वालों ने मारपीट करके उसे घर से निकाल दिया। महिला ने ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका निकाह 6 माह पूर्व कस्बा दढ़ियाल निवासी युवक से हुआ था। ससुराल वाले दहेज में मिले सामान से संतुष्ट नहीं थे। वह 10 लाख रुपये या कार की मांग करते हुए उत्पीड़न कर रहे थे। ससुर उस पर बुरी नजर रखता था। एक बार मौका देखर उसे दबोच भी लिया था। पति अप्राकृतिक मैथुन करता था। विरोध पर मारपीट करता था। एक अगस्त को पति, ससुर, सास, देवर व नन्द ने मारपीट करके उसे घर से निकाल दिया। तभी से वह मायके में रह रही है। पीड़िता के अनुसार एक सितंबर को पति उसके मायके आया और गाली-गलौज करते हुए तीन तलाक दे दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि थाने में प्रार्थना पत्र दिया किंतु कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति, ससुर, सास, देवर और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कवायद** | सात सितंबर को हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने रखा था प्रस्ताव

# हाईमास्ट लाइटों से जगमग होंगे 43 वार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के 43 वार्डों के प्रमुख चौराहे व गली-मोहल्ले हाईमास्ट लाइटों से जगमग होंगे। लाइटों को लगवाने का प्रस्ताव 7 सितंबर को हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने रखा था। पालिका प्रशासन से इसे स्वीकृति दे दी है। पथ प्रकाश विभाग ने स्टीमेट बनने शुरू कर दिए हैं।

वार्ड नंबर 6 के मोहल्ला मजार शाह दरगाही की दरगाह, उस्मान ए गनी के पीछे कब्रिस्तान, मोहल्ला पीला तालाब दून मोबाइल शॉप के पास, घेर मुल्ला गैरत मस्जिद के पास, मोहल्ला पक्का पुल जाटव बस्ती का चौराहा, सिटी मैरिज हॉल, वार्ड नंबर 19 घेर तोंगा के चौक, शीशम वाली मस्जिद, वार्ड नंबर 40 घेर बाज खां, घेर सरबदाल खां, बागीचा ऐमना, हाथे वाली गली चौराहा, वार्ड 43 चाह खजान खां पार्क, सतूने संग, मस्जिद झब्बू खां चौक के कब्रिस्तान के पास और पीला तालाब घेर जानस खां चौक, वार्ड 12 मुर्तजा इंटर कॉलेज के सामने, पनवड़िया सोसायटी, वार्ड 35 मोहल्ला कलकत्ता कब्रिस्तान चौराहा, वार्ड 33 जयारत खुर्मे वाली, तोपखाना चौराहा, शाहबाद गेट पर लगीं क्षतिग्रस्त हाईमास्ट लाइटों को बदलवाकर नया लगवाया जाएगा। इसके लिए पथ प्रकाश विभाग ने स्टीमेट बनवाने शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।


स्वार रोड पर बंद पड़ी तिरंगा लाइट।।

> 43 वार्डों के प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट और गली मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी। इन्हें लगवाने के लिए स्टीमेट बनवाने शुरू कर दिए हैं।
> –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका।

### कई जगह बंद पड़ीं हैं तिरंगा लाइटें

एक वर्ष पहले नगर पालिका परिषद के पथ प्रकाश विभाग की ओर से गांधी समाधि, स्वार रोड, पहाड़ी गेट और चीनी मिल पर तिरंगा लाइटें लगवाई गई थीं। यह बंद पड़ी हैं। इससे रात में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं नहीं कई स्थानों पर तो पोल भी उखड़ कर डिवाइडर पर गिर गए हैं। इनसे हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## गैराज से 3 ट्रैक्टरों की बैट्री चुरा कर ले गए चोर

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में चोर तीन किसानों की खेतों में बने गैराज में घुसकर तीन ट्रैक्टरों की बैट्री चुराकर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया है।

बिजारखाता गांव निवासी किसान झब्बा सिंह, जसपाल सिंह व विनोद कुमार ने आबादी के निकट स्थित अपने खेतों पर वाहन और कृषि संबंधी समान रखने के लिए गैराज बना रखे हैं। शुक्रवार देर शाम भी किसानों ने अपने ट्रैक्टरों को बारिश से बचने के लिए गैराज में खड़ा कर दिया था। देर रात चोर तीनों गैराजों के ताले तोड़कर कृषि संबंधी उपकरण और ट्रैक्टर की बैट्री चुरा कर ले गए। किसानों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया की दो संदिग्ध युवकों को देर रात हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत 8 पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न करने के मामले में पुलिस ने पति समेत 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने पति योगेश कुमार, ससुर हरस्वरूप, सास मुन्नी, ननद ज्योति, जेठ बीनू, जेठानी सूरजमुखी, तहेरे जेठ जीतपाल व जेठानी मंजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह 16 मई 2023 को अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक निवासी योगेश के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में 5 लाख रुपये और बोलेरो की मांग करने लगे। इन्कार करने पर ससुराल वाले उसे मानसिक यातनाएं देते और भूखा प्यासा रखते। उसके पति का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसके चलते वह भी मारपीट करता है। जेठ बीनू व तहेरा जेठ जीतपाल उससे अश्लील हरकतें करते थे। 23 जून को ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। इस पर उसने पुलिस बुला ली। उसी दिन उसका भाई भी उससे मिलने आया था।

पुलिस ने महिला को उसके भाई के हवाले कर दिया। 11 जुलाई 2024 को पीड़िता के ससुराली उसके घर आए और मारपीट की। शाहबाद पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

- दहेज की मांग पूरी न करने पर मानसिक उत्पीड़न भी करते थे ससुराल वाले
- दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते मारपीट करता था पति

## एक नजर

### सरकार ने 80 करोड़ लोगों को दिया मुफ्त राशन

**रामपुर, अमृत विचार :** सैनी समाज के जिलाध्यक्ष लालमन सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 80 करोड़ गरीब लोगों को 2020 में मुफ्त में राशन दिया। कई करोड़ लोगों को मकान के लिए सरकार ने ढाई लाख रुपये भेजने का काम एक वर्ष में किया। किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 6 हजार रुपये दिए गए। आयुष्मान कार्ड द्वारा 5 लाख रुपये का इलाज कराया गया। प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन व भैयादूज पर महिलाओं को रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कराई। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। दावा किया कि इस चुनाव में भाजपा को 10 सीटें मिलेंगी।

### वैश्य समाज कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने वैश्य समाज कल्याण बोर्ड के गठन के संबंध में शहर विधायक आकाश सक्सेना के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि हम लगातार वैश्य समाज कल्याण बोर्ड के गठन के लिए प्रयास कर रहे हैं। शहर विधायक को ज्ञापन दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हमारी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। ज्ञापन देने वालों में गौरव अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, नवीन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# हिन्दी भाषा विभिन्न बोलियों का समन्वित रूप

## भाषण प्रतियोगिता में शुऐब अली रहे प्रथम और अनामिका ने पाया दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने कहा कि हिन्दी भाषा विभिन्न बोलियों का समन्वित रूप है। यह भाषा हमारी साझी विरासत है। इस दौरान राजभाषा हिन्दी के अनुप्रयोग विषय पर संगोष्ठी तथा भाषण प्रतियोगिता भी हुई।

कालेज सभागार में शनिवार को आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शाजिया, नाजिया, मोहम्मद दिलशाद, शुएब अली, मनीष यादव, अनिता, अनामिका, भूरा कुमार, सान्या श्रीवास्तव आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें शुऐब अली प्रथम, अनामिका द्वितीय तथा अनीता तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. वन्दना शर्मा एवं डॉ. प्रशान्त द्विवेदी निर्णायक रहे। संस्कृत की विभागाध्यक्ष एवं समारोह की विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर डॉ. कुसुम लता ने कहा कि हिन्दी भाषा का आंचल बहुत बड़ा है।



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

इसमें बहुत सी भाषाओं के शब्द समाहित हैं।

डॉ. मुजाहिद अली ने भाषा, साहित्य और संस्कृति के अन्तर्सम्बन्ध पर बल देते हुए कहा कि इन सभी का अध्ययन समान रूप से किया जाना चाहिए। डॉ.विजय कुमार राय ने ऐतिहासिक सन्दर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी साझी विरासत है, जो हमारे स्वाधीनता आन्दोलन का भी माध्यम थी। इसके अतिरिक्त डॉ. ललित कुमार, डॉ. वन्दना शर्मा, डॉ. मोनिका खन्ना, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अरुण कुमार, पूनम दीक्षित, फूलजहां, मसरूफ रजा आदि शोधार्थियों ने भी विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर डॉ. जहांगीर अहमद, डॉ. मुदित सिंघल, डॉ. अमजद खान, डॉ. माया भारती, डॉ. इरम नईम, डॉ. आकांक्षा देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश कुमार तथा संचालन हिन्दी विभाग के शोधार्थी देवेन्द्र कुमार ने किया।



स्कूल में कविताएं सुनाते बच्चे।

### बच्चों ने हिन्दी दिवस पर सुनाईं कविताएं

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय में प्रात: असेंबली में विद्यार्थियों ने हिंदी दिवस से संबंधित कविताएं तथा स्लोगन सुनाए। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों की कविता प्रतियोगिता हुई तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने पोस्टर तथा स्लोगन भी बनाए। विद्यालय की अध्यापिका ने विद्यार्थियों को बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमत से यह निर्णय लिया था कि हिंदी ही भारत की राजभाषा होगी। प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह तथा एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर परमजीत कौर ने भी बच्चों को बताया कि हिंदी हमारी राजभाषा है। इसके माध्यम से हम अपने देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी लोगों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सह प्रधानाचार्य अमित, पूजा अरोरा, कुलदीप कौर, नेहा, श्वेता, दीपिका, बबिता, शीतल, अदनान, पवन, रीना आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## सार संक्षेप

### धूमधाम से मनाया हिन्दी दिवस, चित्रकला प्रतियोगिता हुई



हिन्दी दिवस पर बनाए गए स्लोगन दिखाते बच्चे।

**रामपुर, अमृत विचार :** 14 सितंबर को हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 4 के बच्चों ने समूह कविता गायन किया। कक्षा 3 के प्रत्येक बच्चे ने एक-एक स्लोगन प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई। बच्चों द्वारा प्रत्येक गतिविधियों में रुचिपूर्ण तरीके से प्रतिभाग करना यह दर्शाता है कि गतिविधियों के माध्यम से बच्चे बहुत अच्छे तरीके से सीखते हैं। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय व धार्मिक त्योहारों को मनाने से बच्चों में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है।

### निबंध में कुमकुम प्रथम, दीपक को मिला द्वितीय स्थान

**भोट,अमृत विचार :** शनिवार को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र के किशनपुर पनचक्की गांव स्थित होली चाइल्ड इंटर कालेज में निबंध प्रतियोगिता का किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12 की कुमकुम प्रथम, दीपक कुमार द्वितीय व कक्षा नौ की हिफ्जा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य राम अवतार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मोहम्मद ताहिर, रिंकी तुरैहा, अभिषेक कुमार, विजेन्द्र कुमार,अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



अवेध नाथ महाराज के चित्र के आगे दीप जलाते पदाधिकारी।

### शिविर लगाकर लोगों को बांटी खिचड़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवेध नाथ महाराज की दसवीं पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना ने एसपी चौराहे पर शिविर लगाकर खिचड़ी बांटी। राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने महंत की तस्वीर के सामने दीप जला कर कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने कहा कि अवेध नाथ महाराज ने हिन्दुत्व के लिए जो बलिदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश प्रभारी गेंदन लाल सैनी ने खिचड़ी का भोज कराया। कार्यक्रम में बबलू, पदम सिंह लोधी, नीलम सक्सेना, मीना पाल, रेखा सैनी, लोकेश पांडे, सुमेर सिंह, लालमन सैनी, शिव नरेश तोमर, राजेंद्र प्रसाद लोधी आदि मौजूद रहे।

### डॉयट में दिया गया आग से बचाव करने का प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 3 दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण चल रहा है। तीसरे दिन बिलासपुर विकासखंड के शिक्षकों को अग्निशमन कर्मी प्रिंस कुमार कोहली व तरुण कुमार ने आग लगने के कारण व बचाव का प्रशिक्षण दिया। सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी लता गंगवार ने प्राथमिक जीवन रक्षक सीपीआर की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण नोडल तृप्ति चंद्रा ने आपदा से नियंत्रण को विस्तृत रूप को समझाया। सहायक अध्यापक गुलनाज बानो व नीतू सिंह ने प्रशिक्षण में सहयोग दिया। डायट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने प्रशिक्षण को सभी के लिए बहुत उपयोगी बताया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण में सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।



हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### हिन्दी दिवस पर रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**रामपुर, अमृत विचार :** शिव कान्वेंट स्कूल में हिन्दी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। हिन्दी भाषा का हमारे जीवन पर पढ़ने वाले प्रभाव और उसकी महत्ता का वर्णन किया गया। बच्चों ने रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हिन्दी का महत्व बताया। टिकट गंज स्थित शिव कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक ठाकुर अजय सिंह ने बताया की हिन्दी हृदय की भाषा है। 14 सितंबर 1953 से हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा मिला। राष्ट्रीय कवियों ने हिन्दी के प्रसार में विशेष योगदान दिया है। मंच पर आरुष कुमार सिंह, छवि सिंह, संध्या सैनी एवं कामना यादव ने भाषण और अभिनय के माध्यम से हिंदी भाषा की महिमा का बखान किया। प्रधानाचार्य रंजना सिंह और प्रणवीर गौड़ आदि मौजूद रहे।



हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### स्कूल में बच्चों ने सुनाईं कविताएं

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। प्रार्थना स्थल पर प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के बारे में बताया। कक्षा 5 के बच्चों ने हिन्दी भाषा से संबंधित कुछ पंक्तियां बोली। किसी ने चेतक की वीरता का वर्णन किया तो किसी ने अपने देश की महिमा का बखान किया। कविताएं सुनाने वाले बच्चों में कक्षा 5 की नेहा, कल्पना, अर्पिता, अहद, शाहबाज, शान, अजरा फातमा, राज आदि शामिल रहे। इस मौके पर विक्रम कुमार, नेहा गुप्ता, निदा खान आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि।

## मातृभाषा में हो इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई : डॉ. पवन

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर स्वार में हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि ने किया। कहा कि मातृभाषा में हम अपनी भावना को सटीक रूप से व्यक्त कर सकते हैं।

हिंदी के प्रोफेसर डॉक्टर केसी दिवाकर ने कहा कि हिंदी भारत के हृदय की वाणी है। यदि आपकी कोई भाषा नहीं तो आपका कोई राष्ट्र नहीं है। डॉक्टर चितरंजन सिंह ने सभी भाषाओं का आदर करने को कहा तथा भाषा को फल के समान बताया। डॉ.पवन कुमार ने इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई मातृ भाषा में करने पर जोर दिया। डॉ. जोगेंद्र कुमार ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की हिंदी के संदर्भ में प्रसिद्ध युक्ति को प्रस्तुत करते हुए अपनी बात कही।

इस अवसर पर डॉक्टर अनुपम मित्र, डॉ. अमित अग्रवाल,डॉ. मनीषा रानी, डॉ. बालमुकुंद वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. कपिल देव ने किया।

## शिविर लगाकर की गई 50 लोगों की मलेरिया की जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक के गांव धनेली पूर्वी, शाहबाद के गांव तुलसी की मंडैया में शनिवार को लगे शिविर में 50 ग्रामीणों की मलेरिया की जांच किट से की गई। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

10 सितंबर को शाहबाद में मलेरिया के 2 मरीज मिले थे। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जनपद में 26 मरीज सक्रिय हैं। शनिवार को मिलक व शाहबाद सीएचसी के स्टॉफ ने दोनों गांवों में मलेरिया की जांच के लिए शिविर लगाया। इसमें लैब टेक्नीशियन, हेल्थ कम्न्युनिटी ऑफिसर व मेडिकल ऑफिसर ने ग्रामीणों की किट से जांच कराई। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने ग्रामीणों को मलेरिया व डेंगू से बचाव के उपाय भी बताए।

# लोकभाषा के बिना नहीं की जा सकती स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना : डुडेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने कहा कि लोकभाषा के बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। भाषा ही विचारों के संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। इसके द्वारा हम अपने विचारों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।

जैन इंटर कॉलेज में हिन्दी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा और मुनीश चन्द्र शर्मा ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की। हिन्दी के विभाग अध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमें अपनी जन्मदायिनी माता के समान हिन्दी भाषा का आदर करना चाहिए। हिन्दी परिवार और समाज को जोड़ने वाली भाषा है। आत्मीयता का भाव जाग्रत करती है। किशोर कुमार दीक्षित ने कहा कि सभी विषयों का ज्ञान कराने में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अभाव में ज्ञान प्राप्ति की कल्पना संभव नहीं है।



हिन्दी दिवस के बारे में छात्रों को जानकारी देते मुनीश चंद्र शर्मा।

- हिन्दी दिवस पर जैन इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

दशरथ गुप्ता ने कहा कि हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि हिन्दी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा को समझने में हमें तीन गुना समय लगता है। पहले हम सुनते हैं फिर समझते हैं तब उत्तर देते हैं। इसलिए अपनी भाषा में ज्ञान प्राप्त करना सरल है। इस अवसर पर छात्रों को हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प दिलाया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों की सक्रिय सहभागिता रही।

## नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान को दिलाई शपथ

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** धनौरी के प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में शोभा रानी मौर्य ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी को 374 मतों से हराकर जीत दर्ज कर ली थी। शनिवार को नवनिर्वाचित प्रधान को ग्राम पंचायत अधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनौरी में प्रधानी के चुनाव में पूनम मौर्य प्रधान बनी थीं। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी शोभा रानी मौर्य ने प्रशासन से की गई शिकायत में शिक्षामित्र रहते हुए चुनाव जीतने का आरोप लगाया था। प्रशासन ने जांच के दौरान पूनम मौर्य का चुनाव शून्य घोषित कर उप चुनाव कराने की घोषणा की थी। 6 अगस्त को गांव में मतदान हुआ था। 8 अगस्त को ब्लॉक सभागार में मतगणना होनी थी। मतगणना शुरू होने से पहले ही पूनम मौर्य ने हाईकोर्ट का निर्णय अधिकारियों को दिखाया था। इस पर प्रशासन ने हाईकोर्ट की अग्रिम कार्रवाई तक मतगणना पर रोक लगा दी थी।



ग्राम प्रधान शोभा रानी को शपथ दिलाते सचिव बादाम सिंह।

- धनौरी में हुए उपचुनाव में शोभा रानी मौर्य ने हासिल की जीत

जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह के आदेश पर 6 सितंबर को खंड विकास सभागार में मतगणना हुई थी। इसमें शोभा रानी मौर्य ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी को 374 वोटों से हराकर प्रधान पद पर कब्जा कर लिया था। शनिवार को मिनी सचिवालय में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान शोभा रानी मौर्य को सचिव बादाम सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है हिंदी

**रामपुर, अमृत विचार :** हिन्दी दिवस के मौके पर इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थूनापुर में गोष्ठी हुई। इसमें हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की सैनी ने कहा कि हिन्दी भाषा अपने लोकसाहित्य के कारण पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाये हुए है।

हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। युवाओं को हिंदी के महत्व और उसके साहित्य से परिचित कराना है। प्राचार्य आसिम अहमद ने कहा कि हम सभी को हिन्दी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद सैफी, एमडी सरताज अहमद सैफी, विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की सैनी, राजेश शर्मा, सुशील कुमार, सनम खान, शिखा शर्मा, नगमा बी, मुस्कान खान, डॉ. शाजिया, आयुषी शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन शगुन गौतम ने किया।



हजरतपुर गांव में अधिकारियों से बातचीत करतीं नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया बाढ़ का जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** रामनगर बैराज से छोड़े गए पानी के बाद रामपुर के निचले क्षेत्रों में स्थिति गंभीर हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने हजरतपुर गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को पालिका प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने पालिका के अधिकारियों को गांव में तुरंत राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। खाद्यान्न, शुद्ध पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं उपलब्ध कराने को कहा। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी को सतर्कता बरतने और बाढ़ से प्रभावित इलाकों में तत्काल जन सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार, देवेंद्र गौतम, द्वारिका प्रसाद, जलकल अभियंता मूलचंद आदि मौजूद रहे।

बैठक | इंडस्ट्रियल प्लॉट्स को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने की मांग

# अपनी मांगों के लिए आंदोलन नहीं करते उद्यमी : श्रीष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने शनिवार को हुई बैठक में कहा कि सरकार अन्य वोट बैंकों के समान उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के ग्रोथ बैंक का भी सम्मान करें। ग्रोथ बैंक ही देश की आर्थिक धुरी है। सरकार औद्योगिक विकास के लिए अपनी ओर से पूर्ण प्रयास कर रही है। प्रशासन भी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बावजूद उद्यमियों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं है।

हाईवे किनारे स्थित एक होटल में हुई आईआईए की बैठक में चेयरमैन ने कहा कि उद्योगपति कभी अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन नहीं करता। इसलिए उसकी मांगों की अनदेखी हो जाती है। आईआईए लगातार जीएसटी की अधिक दरों, एक ही आइटम में अलग-अलग जीएसटी की दरों का मुद्दा उठा रहा है। उद्योगपति अपने उद्योग के विस्तार पर फोकस करने के बजाय हिसाब-किताब रखने में ही व्यस्त हैं। इससे कारोबार को नुकसान पहुंच रहा है।





आईआईए की बैठक में मौजूद उद्यमी।

### यह लोग रहे मौजूद

संरक्षक एसके गुप्ता, रमेश अग्रवाल, विपिन कुमार, मनोज गर्ग, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राम रक्ष पाल यादव, दिलीप रस्तोगी, डॉ .वीवी शर्मा, विनीत रस्तोगी, केसी गुप्ता आदि।

बैठक में उद्योगपतिओं ने अन्य प्रदेशों की तरह इंडस्ट्रियल प्लॉट्स को लीज होल्ड से फ्री होल्ड करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में महिला उद्यमियों को भी संगठन का सदस्य बनाने पर चर्चा की गई। कुछ प्रमुख महिला उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



व्यापारियों को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी।

### बर्दाश्त नहीं होगा व्यापारियों का उत्पीड़न : संदीप

**रामपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल एकमात्र ऐसा संगठन है जो व्यापारियों की सच्चे मन से और निस्वार्थ भाव से सेवा करता है। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तिलक नगर कालोनी में शनिवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। व्यापारी सुरक्षा एव सम्मान समारोह का आयोजन 18 सितंबर को उत्सव पैलेस रामलीला मैदान में होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, अब्दुल वासिक, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

# इत्तेहाद से तरक्की करेगा मुसलमान : मौलवी सत्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह की दरगाह में शनिवार की शाम को जलसा ए सीरतुन्नबी हुआ। जलसे को खिताब हुए हजरत मुफ्ती मौलवी सत्तार ने कहा कि मुसलमानों के लिए इत्तेहाद बहुत जरुरी है। इत्तेहाद से मुसलमान तरक्की की राहों पर बढ़ेगा।

मोहल्ला बाजोड़ी टोला स्थित हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह की दरगाह में अस्र की नमाज के बाद जलसा ए सीरतुन्नबी हुआ। इसमें हजरत मुफ्ती मौलवी सत्तार ने कहा कि नबी ए करीम एक कौम के लिए नहीं आए। उन्हें सारी इंसानियत के लिए भेजा गया। हम उनके बताए हुए तरीके पर चलते हुए पांच वक्त की नमाज कसरत से पढ़ें। इस अवसर पर दरगाह शरीफ के सज्जादानशीन शाह फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, राशिद अली खां जमाली, अथर जमाली, रेहान जमाली आदि मौजूद रहे। उधर मदरसा जामे उलूम फुरकानिया में हुए जलसा-ए-सीरतुन्नबी की सरपरस्ती शहर इमाम हजरत मुफ्ती मौलाना महबूब अली ने की। शुरूआत मदरसे के छात्र कारी मोहम्मद माहिर खान फुरकानी, कारी अब्दुल करीम खान फुरकानी की तिलावते कुरआन मजीद से हुई। हजरत मौलवी अब्दुल वहाब खां कादरी वजीही ने रसूले अकरम की बारगाह में नजराना ए सलाम पेश किया।



जलसे में शामिल सज्जादानशीन शाह फहद अहमद जमाली व अन्य।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै/ओ.टी./17/2024 दि. 13.09.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:-

**क्रम सं0 1:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन पर (2 टन) मैकेनाईज्ड लान्ड्री का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में:** ₹ 64,60,778.05, **धरोहर राशि रु. में:** ₹ 1,29,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 08.10.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: **चार माह।**

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास-।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर(सा.)**
**मुजाधि/विद्युत-132 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# संघ की सर्वोपरिता राष्ट्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 बरस का होने जा रहा है। संघ संप्रति दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। दुनिया का कोई भी देश ऐसा स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया। डॉ. हेडगेवार ने इसकी स्थापना विजयदशमी (सन 1925) के दिन की थी। तब से अब तक हजारों झंझावात झेलते हुए संघ लगातार सक्रिय है। संघ की कार्य पद्धति विशिष्ट है इसके बारे में कम लोग जानते होंगे। कई स्वयंभू विद्वान संघ को ब्रेनवाश कर देने वाला संगठन मानते हैं। कई इसे सांप्रदायिक भी कहते हैं। केवल कहते ही नहीं संघ का विरोध करने के लिए हिन्दू विरोधी तमाम घटनाओं में संघ की साजिश बताते हैं,लेकिन संघ अपने सेवा कार्यों में संलग्न रहता है। सो डॉ. हेडगेवार द्वारा रोपा गया बीज अब विराट वृक्ष बन गया है।

संघ और भाजपा के रिश्तों पर बहसें चलती हैं। तब भाजपा का नाम जनसंघ था। देश की राजनीति में तुष्टिकरण था। अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने भारतीय स्वाधीनता की घोषणा (20-2-1947) की। मुस्लिम लीग की अलग मुल्क की मांग पर युद्ध जैसी आक्रामकता थी। कट्टरपंथी अलगाववाद को तुष्टिकरण का पुष्टाहार मिला। देश बंट गया। हजारों लोग मारे गए। महात्मा गांधी की भी हत्या हुई। संघ पर प्रतिबंध लगा। पाकिस्तानी कबाइली हमला (1948) हुआ। तत्कालीन राजनैतिक दल व नेता राष्ट्रवाद से दूर थे। हिन्दुओं के मर्म से दूर थे। एक राष्ट्रवादी दल की आवश्यकता थी। श्री गुरुजी की प्रेरणा से भारतीय जनसंघ की स्थापना (1951) हुई। जम्मू कश्मीर के दो निशान, दो प्रधान, दो विधान का विरोध, गोवध निषेध व समान नागरिक कानून जैसे राष्ट्रवादी मुद्दे गरमाए। सरसंघचालक गुरु जी ने गोवध निषेध व हिन्दू श्रद्धा स्थान को नष्ट करने की प्रवृत्ति पर लिखते (1952) हुए कहा, "गाय अनादि काल से आराध्य है। समाज विजेता के उन्माद में पराजित जाति को अपमानित करते हुए श्रद्धा स्थानों को नष्ट करना, धन, मान लूटना, मानो विजय आनंद लेना है।" तिब्बत पर चीनी कब्जा हुआ गुरु जी ने इसे हृदय विदारक (18 मई 1959) बताया।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।"

भारत पर चीन का हमला 1962 में हुआ था। तत्कालीन सरसंघचालक ने दिल्ली में कहा था, "सेना के लोगों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनके परिवारों की सहायता करनी चाहिए। जाति, भाषा और राजनीति सहित सभी मतभेदों को हृदय से हटाएं। हमारा समूचा राष्ट्र और उसके सामने खड़ा शत्रु,केवल इतना ही ध्यान में रखें।" संघ चीन युद्ध के दौरान सरकार के साथ था। राजनैतिक दलों व संघ के ध्येय व लक्ष्यों में भी अंतर है। संघ की दृष्टि में पृथ्वी माता है। भारत माता है। संघ के लोग इसी सेवा में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लिया था,लेकिन राहुल गांधी ने संघ के संबंध में अपनी समझ में एक मजेदार टिप्पणी की है। उनकी इस टिप्पणी की खासी चर्चा है। उन्होंने कहा है कि, "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुछ मतों व भाषाओं को कमतर आंकता है। राहुल गांधी की टिप्पणी निराधार है। राहुल गांधी ने कुछ समय पहले संघ को समझने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि संघ से सीधी लड़ाई लड़ने के लिए उपनिषद और गीता पढ़ेंगे। आलोचना बुरी नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को आलोचना का अधिकार है,लेकिन संघ कार्य पारदर्शी है। कह सकते हैं कि संघ एक ओपन यूनिवर्सिटी है। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास व अभ्युदय के लिए संघ के स्वयंसेवक सदा तत्पर रहते हैं। नासमझी में अनेक सुशिक्षित विद्वान भी संघ के आलोचक हैं। तुष्टिकरणवादी वोट बैंक के कारण संघ की निंदा करते हैं।

राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, "कुछ लोग ऐसे होते हैं,जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।" खुशवंत सिंह ने 'आरएसएस एंड हिन्दू मिलिटरिज्म' के हवाले से कई सवाल पूछे। ईसाइयों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गुरु जी ने कहा, "धर्मांतरित करने के तरीकों के अलावा हमारा उनसे कोई विरोध नहीं है।" मुसलमानों के बारे में कहा कि, "मुसलमानों को भारतीयता के प्रवाह में मिल जाना चाहिए।" ईरानी मूल के पत्रकार डॉ. जिलानी से कहा, "पाकिस्तान ने पाणिनि की 5000 वीं जयंती मनाई है। पाणिनि पूर्वज हैं। भारत के मुसलमान पाणिनि, व्यास और वाल्मीकि आदि को महान पूर्वज क्यों नहीं मानते? भारतीय राष्ट्रवाद प्राचीन धारणा है। यहां राष्ट्र संस्कृति आधारित है। इस राष्ट्रवाद के स्रोत वैदिक वांगमय में हैं। ऋग्वेद, अथर्ववेद में राष्ट्र शब्द की आवृत्ति कई बार हुई है। स्वयंभू विद्वान स्वाधीनता संग्राम के दौरान विकसित राष्ट्रभाव को अलग मानते हैं और सनातन राष्ट्रवाद को कमतर। स्वाधीनता आंदोलन हर तरह से प्रत्येक भारतवासी को प्रिय है। स्वाधीनता आंदोलन के आदर्श व मूल्य आदर योग्य हैं।

दुर्भाग्य से भारत को आजादी मिलने के बाद नए सत्ताधीश राष्ट्रवाद से पृथक हो गए। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखी गई अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की कविता 'वंदे मातरम' के एक हिस्से को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत घोषित किया था,लेकिन स्वाधीनता के बाद अनेक पंथिक मजहबी संगठनों ने वंदे मातरम गाने से इंकार किया, लेकिन संघ के कार्यक्रमों में वंदे मातरम प्रशंसा पूर्वक गाया जाता है। आज भारत के कोने-कोने में वंदे मातरम का गान होता है। वंदे मातरम गाने से इंकार करने वाले संगठन अकड़ते रहे। संघ ने सबको साथ लेते हुए भारतीय राष्ट्रवाद को सर्वोपरि बताया है। सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान देने की परंपरा संघ ने यत्र तत्र सर्वत्र प्रसारित की। संघ की सांगठनिक क्षमता बड़ी है। उच्च शिक्षित युवा संघ कार्य को राष्ट्रीय दायित्व मानते हैं। वे उच्च शिक्षा से प्राप्त अवसरों की चिंता नहीं करते। वे घर परिवार छोड़कर संघ कार्य में जुटते हैं। वे संघ का अनुशासन मानते हैं और देश के लिए काम करते हैं। संघ राजनैतिक दल की तरह मेंबरी नहीं कराता। संघ के पास सैकड़ों पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। दुनिया का कोई भी देश ऐसे सुशिक्षित समर्पित कार्यकर्ताओं का स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया।

आने वाली विजयादशमी के दिन संघ 100 बरस का हो जाएगा। संघ शाखा पर प्रार्थना में लक्ष्य सुस्पष्ट है। परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं, समर्था भवत्वाशिषा ते भृशम्-यहां राष्ट्र का परम वैभव ही संघ का लक्ष्य है। संघ के कार्यकर्ता सुबह उठते ही भारत भक्ति स्तोत्र पढ़ते हैं। इस स्तोत्र में अनेक महापुरुषों के मध्य डॉ.आंबेडकर को भी प्रणाम किया गया है। जाति-पाति, पंथ, मत और मजहब से भिन्न राष्ट्र की सर्वोपरिता संघ की मान्यता है। संघ कार्य देश के सनातन विचार प्रवाह का हिस्सा है। राष्ट्रवाद से ओत प्रोत कार्यकर्ताओं का निर्माण होता रहता है। संघ राष्ट्रवादी संस्कार देने के काम में संलग्न है। संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से काम करते हैं।

# भाषाओं का भविष्य

हिन्दी दिवस के अवसर पर किसी ने कहा था, 'हिन्दी की विजय हुई है, इसका जश्न मनाया जा रहा है।' हिन्दी ने किस पर विजय प्राप्त की है, इसने किसे पराजित किया है? वह हिन्दी जिसने बलात किसी पर विजय पाकर अपनी जगह बनाई है, वह हमारी हिन्दी नहीं है। मेरा ख्याल है कि हिन्दी दिवस को भारतीय भाषाओं के आत्मसम्मान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं का 21 वीं सदी के नए दौर में एक साथ उत्थान होना है या इन्हें एक साथ अप्रासंगिक हो जाना है। इनका विकास परस्पर निर्भर है। भारतीय भाषाओं के भविष्य के साथ ही हिन्दी का भविष्य जुड़ा हुआ है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिन्दी और भारतीय भाषाओं की अपने देश में हालत यह है कि कस्टमर केयर वाले कहते हैं कि अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर एक दबाइए। अंग्रेजी में बात करने के लिए नंबर दो क्यों नहीं दबाया जाए? दरअसल आम लोगों के भीतर जब तक अपनी भाषा को लेकर आत्मविश्वास पैदा नहीं होगा,अपनी भाषा से प्रेम भी बढ़ नहीं पाएगा। मुश्किल है कि सारी नई चीजें, सारे ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी में लाकर सार्वभौम स्तर पर उपर्युक्त आत्मविश्वास तोड़ा जा रहा है। मानो कहा जा रहा हो, एक बाजार-एक भाषा। यह समय विविधताओं का शत्रु बना हुआ है। कोई भी भाषा तालाब नहीं है। वह चिड़िया की तरह है,जो सरहद नहीं देखती। भारत की हर राष्ट्रीय भाषा का अपना एक विश्व है,जो परस्पर आदान-प्रदान से और कठिन संघर्षों के बीच से बना है। हमें भारतीय भाषाओं के बीच आपसी भिन्नता के साथ उनके बीच संबंधों को भी पहचानना चाहिए।

साल भर पहले संस्कृति मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीजहर सरकार का एक लेख पढ़ा था। इसमें उन्होंने लिखा है, 'हिंदुत्व से भी भयंकर है हिन्दीत्व। बहुसंख्यकता के बल पर देश पर जबरदस्ती हिन्दी थोपने की कोशिश हो रही है।' कहना न होगा कि यह वक्तव्य उनकी राजनीतिक दरिद्रता का प्रमाण है, वे 'आमरा बंगाली' की भाषा में बात करते रहे हैं।

सभी जानते हैं कि खुद संविधान किसी भी प्रदेश पर हिन्दी थोपने के विरुद्ध है, पर जो अंग्रेजी थोपे जाने या अंग्रेजी वर्चस्व के विरुद्ध हैं, उन्हें अपनी भाषा में ज्ञान पाने तथा काम करने का अधिकार क्यों नहीं है? अंग्रेजी वर्चस्व के विरोध का अर्थ निश्चय ही अंग्रेजी में ज्ञान प्राप्त करने या जहां जरूरी है,वहां अंग्रजी में काम करने का विरोध नहीं है।

हिन्दी की दुनिया में हिन्दीत्व जैसी चीज नहीं है और हिन्दी को किसी को पराजित करके अपना स्थान नहीं बनाना है। हिन्दी कई भाषाओं और बोलियों का सामूहिक निर्माण है। इसकी प्रकृति में ही असीम खुलापन, उदारता और मिश्रणशीलता है। रामानंद ने दक्षिण के रामानुजाचार्य को, सूरदास ने दक्षिण के वल्लभाचार्य को, भारतेंदु ने बांग्ला के विद्यासागर को, निराला ने रवींद्रनाथ को कभी गैर नहीं माना। नजीर अकबराबादी की भाषा कहां हिन्दी और कहां उर्दू है, तय करना मुश्किल है। हम हिन्दी के लोगों ने सैकड़ों साल से वर्चस्व (हेजीमनी) और सामंजस्य (हार्मनी) में हमेशा सामंजस्य चुना है। पूरे भारत में तो निश्चित रूप से, खुद हिन्दी संसार में भी बोलने के टोन, विश्वासों और रुचियों की विविधता है। यह विविधता दीवारों वाली नहीं खिड़कियों वाली है।

हिन्दी की प्रकृति में ही सामंजस्य है, हार्मनी है। हार्मनी की भावना संगीत के सात सुरों सरीखी होती है-अंतर निर्भर। हार्मनी में आनंद है, वर्चस्व पीड़ा देता है। मुझे यही कहना है इस सुखवादी आधुनिक संसार में, 'मनी' के साथ थोड़ी 'हार्मनी' की भी चिंता करें। परस्पर सद्भाव से ही भारतीय भाषाओं के बीच अंतर्संबंध और अंतरजातीयता विकसित की जा सकती है। हिन्दी पर आक्रामक हिन्दीत्व का आरोप या हिन्दी की विजय का मिथ्या दंभ वस्तुतः एक न एक किस्म के अंध राष्ट्रवाद की ही देन है।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पैक्स

दुनिया भर में 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025' के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पैक्स अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पैक्स के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।



शाजी के.वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था,जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

शाह ने पैक्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पैक्स की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर, उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे-बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पैक्स ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पैक्स अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पैक्स की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एसआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार सहकारी समितियों के बीच सहयोग एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है, जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी। सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है।

इस योजना का उद्देश्य पैक्स स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां और अन्य कृषि अवसंरचनाएं बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। चूंकि पैक्स ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पैक्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है,वहीं इससे करीब 1 लाख पैक्स से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

# हिन्दी दिवस का पाखंड पर्व

हिन्दी की विशेषताओं के बारे में जितना कुछ कहा जा सकता है, आपने अब तक पढ़-सुन लिया होगा। आज हमारी हिन्दी जिन कुछ कमियों की वजह से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपेक्षित गौरव हासिल नहीं कर पाई है,उनकी बात कोई नहीं करेगा।

यह सही है कि देश-दुनिया में आज हिन्दी बोलने या समझने वालों की संख्या हमेशा से ज्यादा है और उसमें कुछ अच्छा साहित्य भी रचा गया है,लेकिन अर्थ और विज्ञान के इस युग में किसी भी भाषा का सम्मान उसे बोलने वालों की संख्या और उसका साहित्य नहीं, विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने और रोजगार देने की उसकी क्षमता तय करती है। आज की युवा पीढ़ी में हिन्दी के प्रति जैसी उदासीनता और अंग्रेजी के प्रति जो क्रेज है, वह अकारण नहीं है। हिन्दी में साहित्य के अलावा कुछ भी काम का नहीं लिखा गया। अगर युवा विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल, प्रबंधन, विधि की पढ़ाई करना चाहे तो अंग्रेजी के बगैर उनके पास चारा क्या है? इन विषयों पर हिन्दी में कायदे की किताब ही नहीं लिखी जा सकी,जो कुछ किताबें हिन्दी में उपलब्ध हैं,उनमें तकनीकी शब्दों के अनुवाद इतने जटिल और कहीं-कहीं हास्यास्पद है कि अंग्रेजी की किताबें पढ़ लेना आपको ज्यादा सहज लगेगा। हालत यह है कि हम में से 'हिन्दी-हिन्दी' करने वाला शायद ही कोई होगा,जो अपनी संतानों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में नहीं पढ़ा रहा हो।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हिन्दी हमारी भावनाओं की भाषा है। हम हिन्दीभाषी अपनी भाषा के प्रति जितने भावुक हैं,उतने व्यावहारिक कभी नहीं हुए। तेजी से भागते के इस समय में वे वही भाषाएं टिकी रह जाएंगी,जिनमें विज्ञान और तकनीक को आत्मसात करने की क्षमता है। इस कसौटी पर रूसी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी जैसी भाषाओं ने अंग्रेजी को चुनौती दी है। हिन्दी ही नहीं, अपने देश की तमाम भाषाएं इस दौड़ में पीछे छूट गई हैं। यकीन मानिए कि अगर अगले कुछ दशकों में हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में विकसित नहीं किया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे गंवारों की भाषा कहकर खारिज कर देंगी।

# मातृभाषा को लिखने-बोलने में शर्म क्यों

हम सभी हिन्दी दिवस मनाते तो हैं,पर विडंबना यह है कि मनाकर भूल जाते हैं। सितंबर आते ही हिन्दी की अलख चारों ओर जगने लगती है और जैसे ही हिन्दी पखवाड़ा खत्म होता है वैसे ही हिन्दी को हम फिर से भूलने लगते हैं। क्या हिन्दी दिवस मनाने भर से हमारी हिन्दी का विकास हो जाएगा या हमारी हिन्दी भाषा को सम्मान मिल जाएगा? नहीं बिल्कुल नहीं, जब तक हम हिन्दी में पढ़ना, हिन्दी में लिखना और हिन्दी में ही बोलने का संकल्प नहीं लेंगे, तब तक हमारी हिन्दी भाषा उन्नति नहीं कर पाएगी।

दूसरी भाषाओं को सम्मान करना ठीक है, लेकिन अपनी मातृभाषा/राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान देना,उसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। हम कहीं भी हो किसी भी पद पर हो, हिन्दी बोलने में हमें शर्माना नहीं चाहिए। नेपाल,भूटान, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी को बहुत सम्मान दिया जाता है। फिर हम भारतवासी अपनी मातृभाषा को बोलने में लिखने में क्यों शर्म और संकोच महसूस करते हैं? आप अपनी बात हिन्दी में कहकर तो देखिए, समझना न समझना दूसरों पर छोड़ दीजिए। जब हम अपनी बात को हिन्दी में कहने पर झिझकते हैं तो दूसरों से उसको समझने की या सम्मान देने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? आज अंग्रेजी भाषा को जिस सम्मान और गर्व से समाज में देखा समझा जाता है उस गर्व-सम्मान से हिन्दी को नहीं। यदि स्कूलों की बात करें तो हिन्दी मीडियम स्कूल और अंग्रेजी मीडियम स्कूल कहकर अक्सर ही अंतर दिखाने का प्रयास किया जाता है। हिन्दी मीडियम स्कूलों को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है। जहां बहुत जरूरी है, वहां हम अंग्रेजी बोलते हैं तो चलता है,पर जहां जरूरी नहीं है हम वहां भी अंग्रेजी बोलते हैं। यह हिन्दी के साथ अन्याय ही है।



राजबाला धैर्य
शिक्षिका

क्या अंग्रेजी बोलने से रिश्तों की अहमियत बढ़ जाती है या प्रेम बढ़ जाता है? अपनी मातृभाषा को अपने जीवन में सम्मान सहित स्थान देने पर आखिर गुरेज क्यों? हजारों साल से जो हिन्दी भाषा हम सभी भारतवासियों के जीवन में संवाद का कार्य कर रही है,उसे अंग्रेजी के कवर से ढकने की क्या जरूरत है?

# हिन्दी के प्रसार में माननीयों का योगदान

हिन्दी दिवस के मौके पर लेख लिखने की परंपरा है। अधिकतर में हिन्दी की स्थिति के मजे लिए जाने का चलन है। लोग देवनागरी में अंग्रेजी लिखकर हिन्दी की खिल्ली टाइप उड़ाते हैं। थोड़ा पढ़े-लिखे लोग परसाई जी का कथन दोहरा देते हैं-'दिवस तो कमजोर का मनाया जाता है।' इस बहाने वे घुमा-फिराकर यही कहना चाहते हैं कि हिन्दी दिवस मनाना बेकार का काम है। बंद कर देना चाहिए,लेकिन उनके कहने से क्या होता है। दिवस नहीं मानेगा तो हिन्दी के नाम पर स्यापा और गर्व कैसे होगा? राजभाषा ग्रांट कैसे ठिकाने लगेगी?

इस मौके पर हिन्दी के प्रसार में तमाम लोगों के योगदान की चर्चा होती है। फिल्मों, गानों और दीगर लोकप्रिय माध्यमों का हवाला दिया जाता है। देवकीनंदन खत्री के चंद्रकांता सीरीज लेखन के बारे में बताया जाता है कि लोगों ने उसको पढ़ने के लिए हिन्दी सीखी। इधर बेव सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई पिक्चरों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान किया है। इन फिल्मों ने गाली-गलौज और नितांत अकेले में प्रयोग की जाने वाली शब्दावली को सार्वजनिक रूप से प्रयोग करने में होने वाली झिझक मिटाने में बहुत मेहनत की है। जिस तरह हमारे देश की राजनीति ने भ्रष्ट आचरण को सहज और स्वीकार्य बनाया है उसी तरह इन फिल्मों ने भी खराब मानी जानी वाली बातचीत को प्रचलित करते हुए भाषा की संपदा में इजाफा किया है। इनका योगदान भी कालजयी फिल्मों से कमतर नहीं है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है।



तमाम लोगों के योगदानों के अलावा राजनीति के माननीयों ने भी हिन्दी के प्रसार में काफी योगदान दिया है। आम बोलचाल की भाषा में अपने बयान देते हुए गाली-गलौज, गलीच और गुंडई की भाषा का प्रयोग करते हुए आम जनता को संदेश दिया है कि भाषा की गरिमा के चक्कर में पड़कर अपनी भाषा के विकास में रुकावट न पैदा करें।

कुछ महानुभावों की भाषा सुनकर उस प्रदेश के गुंडे-माफिया कहते होंगे-"माननीय, आप तो हमारे पेट पर लात मार रहे हैं। आपने तो दिन-दहाड़े हमारी भाषा का अपहरण कर लिया है। हमारी भाषा में जनता को संबोधित कर रहे हैं। हम पर दया करिए। हम किसी को धमकाते हैं तो लोग धमकने से इंकार कर देते हैं। कहते हुए-'ये भाषा तो हमारे मुखिया बोलते हैं। तुम उनकी नकल करके हमको धमकाने की कोशिश मत करो।'

माननीयों ने आम लोगों की समझ में आने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए भाषा के प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। पहले जो भाषा लोग ढके-छिपे प्रयोग करते थे उसे मंच पर लाकर सम्मान दिया है। ठोंकना, पेलना, गाड़ देना जैसे सभा वर्जित शब्दों को आम बोलचाल की भाषा बनाया है। बहुत काम किया है माननीयों ने। गाली-गलौज और पहले कभी गंदी समझी जाने वाली भाषा को खुलेआम प्रयोग करके जनभाषा के रूप में मान्यता दिलाई है।

गलीच माने जाने वाली भाषा को जनभाषा के रूप में स्थापित करने के अलावा माननीयों ने अपने आचरण से भाषा के व्याकरण में भी बहुत काम किया है। मुहावरों के मतलब बदलने में योगदान दिया है। कुछ दिनों तक 'गले लगना' और 'गले पड़ना' अलग-अलग माने जाते थे। उनके अर्थ अलग-अलग माने जाते थे। माननीय ने अपने आचरण दोनों के मतलब एक ही कर दिए। दोनों का मतलब 'गले पड़ना' ही हो गया।

हिंदी भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार में माननीयों ने अतुलनीय योगदान किया है। उनके योगदान की हमेशा उपेक्षा की गई है। यहां जो चंद उदाहरण जो पेश किए गए वह तो माननीयों के सार्वजनिक वक्तव्यों और आचरण को देखते हुए किए गए। अपने निजी और 'तखलिया' व्यवहार में अगर उनके योगदान शामिल कर लिया जाए तो उसकी महिमा का बखान असंभव ही हो जाएगा।

अपनी भाषा के प्रसार में सभी को योगदान करना चाहिए। हमसे इतना ही हो पाया। बाकी आप भी करिए। सब कुछ माननीय ही करेंगे क्या? वो यही सब करेंगे तो जोड़-तोड़ और माननीय बने रहने के लिए जरूरी दीगर सियासी हरकतें कौन करेगा?

# हिन्दी का शत्रु कौन

जब हिन्दी को बढ़ावा देने की बात आती है, तो हिन्दी सिनेमा को श्रेय दिया जाता है। सच तो यह है कि बोलचाल की हिन्दी को लोकप्रिय बनाने में हिन्दी फिल्म उद्योग ने महत्वपूर्ण योगदान किया है,किंतु यह भी उतना ही सच है कि हिन्दी का बंटाधार करने में भी सिनेमा वालों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है।

उदाहरण देखिए, धंधा शब्द को फिल्म जगत ने गंदे काम के पर्यायवाची के रूप में बदल दिया, जबकि धंधा शब्द अत्यंत पवित्र है और संस्कृत के धन और धान्य से मिलकर बना है। किसी भी भाषा के विकास की पहली शर्त होती है कि वह समय के साथ स्वयं को बदले और चर्चा व चलन में आ चुके अन्य भाषाओं के शब्दों को अंगीकार करें। हिन्दी ने यह काम बखूबी किया है,अन्य भाषाओं के शब्द खुले दिल से अपनाए हैं। हालांकि कुछ भाषाविदों को दूसरी भाषाओं के शब्दों को अपनाना अखरता भी है। स्कूल, कालेज, कोर्ट, रेल, ट्रेन हों या हाजिर जवाब, असल, हकीकत, खैर, सेहत जैसे शब्द हों, ये दूसरी भाषाओं से आए और हिन्दी में खूब उपयोग किए जाते हैं। इसके बावजूद युवा पीढ़ी को हिन्दी से जोड़ने के लिए मुहिम चलाने की आवश्यकता पड़ रही है, क्यों? क्योंकि रूढ़िवादी लोगों, विशेष कर सरकार के विभिन्न विभागों में भाषा अधिकारी के पद पर लोगों ने हिन्दी को सरल बनाने की बजाय जटिल बनाने का कार्य किया है। यदि कोई आपसे पूछ ले कि परिवीक्षाधीन क्या होता है तो क्या आप बता पाएंगे? ट्रेनी के लिए सरकारी शब्द यही है। इसी तरह अधिशासी का अर्थ पूछने पर सिर चकरा सकता है,जो कार्यकारी यानी एक्जीक्यूटिव का सरकारी हिन्दी शब्द है।



डी पी शुक्ल
स्वतंत्र पत्रकार

एक शब्द ही क्यों,यदि कोई कहे कि मैं राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण जा रहा हूं तो आपको समझ में नहीं आएगा कि वह कहां जा रहा है। यह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानि एनआईए की सरकारी हिन्दी है। अरे भाई, जब इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी लिखा जा सकता है तो इतना जटिल बनाना जरूरी है क्या? प्रवर्तन निदेशालय, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अधिशासी अभियंता जैसे शब्द हिन्दी को जटिल बनाएंगे या सरल?

## एक नजर

### बसपा की नीति के तहत काम करें कार्यकर्ता

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संसार सिंह एडवोकेट का गुन्नौर में स्वागत हुआ। बसपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की नीति के तहत काम करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के हाथों और पार्टी को मजबूत बनाएं। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विजय सिंह सागर, मंडल कोर्डिनेटर ओमप्रकाश राव आदि रहे।

### गड्ढे में मिला 10 वर्षीय बालक का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** घर से निकले 10 वर्ष बालक का शव एक गड्ढे में पड़ा मिला। बच्चे के पैर के अंगूठे में सांप के डसने का निशान था। गांव बामनेता निवासी अनिकेत पुत्र प्रेमपाल उम्र 10 वर्ष अपने घर से चाय पीकर निकला था। बहुत देर तक जब वह वापस नहीं आया तो पिता प्रेमपाल उसे देखने निकले। अनिकेत एक गड्ढे में पड़ा हुआ था। उसके पैर की उंगली में सांप के डसने का निशान था। परिजन आनन फानन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# घर की छत पर धार्मिक झंडा लगाते टेलर की करंट से मौत

## मंडी किशनदास सराय में जींस सिलाई का काम करता था फैजान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** बारावफात को लेकर छत पर धार्मिक झंडा लगा रहे टेलर की 33 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई।



फैजान (फाइल फोटो)

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी टेलर फैजान 32 वर्ष घर पर ही जींस सिलाई का काम करता था। शनिवार को फैजान बारावफात के त्योहार को लेकर धार्मिक झंडा लगाने छत पर जा रहा था। छत से 33 केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। फैजान जैसे ही छत पर पहुंचा तो धार्मिक झंडे में लगा डंडा हाईटेंशन लाइन के तारों से छू गया। जिससे हाईटेंशन लाइन के तारों में तेज आवाज के साथ फाल्ट हो गया। फैजान हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गया। फाल्ट होने की आवाज सुनकर परिजन व मोहल्ला के लोग छत पर पहुंचे। देखा तो फैजान छत पर पड़ा था। परिजन उपचार के लिए फैजान को लेकर संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



संभल में टेलर की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।

### हाइटेंशन लाइन से हो रहे हादसे

**संभल, अमृत विचार :** मोहल्ला के ही मरगूब ने बताया कि आबादी के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। 20 दिन पहले भी एक बालक को करंट लगा था। जिसका अभी भी उपचार चल रहा है। आबादी के बीच से लाइन हटवाने की कई बार मांग की है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# हिन्दी दिवस पर निबंध, कविता और पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति ने हिन्दी सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। विजयी छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री व प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

इससे पूर्व निबंध , कविता , पत्र लेखन, श्रुतलेख, देशभक्ति गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।। निबंध लेखन में जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर की मान्या शर्मा प्रथम, योग्यता सिंह द्वितीय व मनु तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन में राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर के आदित्य ने प्रथम उत्कर्ष मिश्रा द्वितीय व पीयूष पाल ने तृतीय स्थान, पत्र लेखन में लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर की दीप्ति ने प्रथम, वंशु द्वितीय व प्रशांत कुमार तृतीय स्थान, श्रुतलेख में जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर की आराध्या उपाध्याय प्रथम, बीएन पब्लिक स्कूल के कृष्णा द्वितीय और तनुष बाबू तृतीय स्थान पर रहे। देशभक्ति गायन में सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की सिया चौहान प्रथम, अंजली वर्मा द्वितीय व जिज्ञासा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में कवि सुखपाल सिंह गौर ने अपनी कविताओं व बालिका सोनम दुबे ने काव्य पाठ कर सबकों मंत्रमुग्ध कर दिया।



प्रशस्ति पत्र के साथ विजयी प्रतियोगी व समिति के पदाधिकारी।

## सार संक्षेप



जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते टीम के सदस्य।

### जिला अस्पताल में टीम ने व्यवस्थाओं का किया आंकलन

**संभल, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के निर्देश पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला अस्पताल में दूसरे दिन शनिवार को भी व्यवस्थाओं का आकलन किया। टीम को कई व्यवस्थाएं गाइडलाइन के अनुरूप मिलीं। कुछ मामलों को लेकर जिम्मेदारों से चर्चा करते हुए कर्मचारियों को सुझाव दिए। जिला अस्पताल में शनिवार को भी केंद्र सरकार के निर्देश पर डॉ.विकास मोटके और अकीला अंसारी ने व्यवस्थाओं का हाल जाना। अस्पताल परिसर में घूमकर जेनरेटर के बारे में जानकारी ली। विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में सीएमएस डॉ.राजेंद्र सैनी, डॉ.जया कौशल से चर्चा की। डॉ.विकास मोटके ने बताया कि उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए जिला अस्पताल ने आवेदन किया था। जिसकी जांच की जा रही है। यहां पर व्यवस्थाओं को लेकर आकलन किया जा रहा है। अस्पताल में सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप काम चल रहे हैं या विपरीत , इसी को देखा जा रहा है। वैसे बहुत कुछ अनुकूल मिल रहा है। जैसे ही आकलन पूरा हो जाएगा , रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अगर अस्पताल उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा से संबंधित मानक पूरे करेगा तो यहां केंद्र सरकार की ओर से अन्य सुविधाएं भी मिल सकती हैं।

### चोरी के जेवर व अन्य सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी,जेवर व अन्य सामान बरामद किया है। चोरों ने कबूल किया कि उन्होंने असमोली व ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में चार जगह घटना को अंजाम दिया था। असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी अनमोल, प्रमोद और धर्मेंद्र शनिवार को थाना क्षेत्र में टांडा कोठी व रतनपुर मार्ग पर गांव बेला को जाने वाले रास्ते पर दो बैटरी व इंवर्टर लिए खड़े थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनमोल, प्रमोद व धर्मेंद्र से पूछताछ की। जिसमें अनमोल, प्रदीप, धर्मेंद्र ने बताया कि दो बैटरी व इंवर्टर हमने ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा व सेमली में स्थित मिनी सचिवालय से चोरी किया है। तलाशी लेने पर पुलिस को नकदी व जेवर भी बरामद हुए। अनमोल, प्रदीप, धर्मेंद्र ने बताया कि 10 हजार 550 रुपये की नकदी असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में स्थित काली मंदिर व जेवर गांव टांडा कोठी निवासी दिलीप के घर से चोरी किए थे।

# ...हिंदी भाषा ही सब बोलें, अंतर्मन तक मधु-रस घोलें

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संगम के तत्वावधान में हिंदी दिवस के मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

नगर के मुहल्ला ठेर में स्थित आर्य समाज मंदिर में डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा, संजय कुमार गुप्ता, पूनम शुक्ला एवं पूजा शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं गो सेवा कराकर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। श्वेता तिवारी ने कहा कि हमारी हिंदी जनमानस की भाषा है। हिंदी के उत्थान एवं मजबूती के लिए सभी को चिंतन-मनन जारी रखना होगा। शिवशंकर शर्मा ने हिंदी के उत्थान हेतु डॉ. डीएन शर्मा द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। पूनम रेनू तिवारी ने संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया। रामपुर से आए शिवकुमार चंदन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कहा-सुख के अविरल मेघ बरसते, आनंदित हो अन्तर्मन, हटें विकृति सब जीवन पथ की, हो मां संस्कृति संरक्षण। अतुल कुमार शर्मा ने कहा-मिट चुकी अब अपने-पराए की पहचान, लोग सांपों को भी अपनी आस्तीनों में पालते हैं। रामपुर से आए राजवीर सिंह राज ने कहा-रख हृदय में पवित्र प्रयोजन, रचकर सुंदर शब्द संयोजन। हिंदी भाषा ही सब बोलें, अंतर्मन तक मधु-रस घोलें। मनमोहन गुप्ता और पूनम शुक्ला ने भी कविता प्रस्तुत की। इस दौरान सुभाष चंद्र शर्मा, सुशील गुप्ता भगतजी, अजय कुमार शर्मा, पूजा शर्मा, शिवानी शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रतिज्ञा गर्ग, शलिनी रस्तोगी रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा ने एवं संचालन पूनम रेनू तिवारी ने किया।



संभल में हिंदी दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किये सामाजिक संगठनों के लोग।

### हिंदी को सम्मान देना सभी का कर्तव्य

**बबराला, अमृत विचार :** हिंदी दिवस पर कॉलेजों और अन्य संस्थानों में हुईं गोष्ठी में मातृभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हिंदी की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए गए। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बबराला के तत्वावधान में कालीचरण मेमोरियल हॉस्पिटल में विचार संगोष्ठी का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में अधिकांश लोग अंग्रेजी में हस्ताक्षर करते हैं, इसीलिए हिंदी को लोग भूलते जा रहे है। किशन बोस, डॉ. राहुल यादव, डिंपल वार्ष्णेय ने भी विचार रखे। उमेश वार्ष्णेय, मुनीष बीमा, विजय कुमार, पंकज मामा, इंजीनियर दिनेश यादव, हिमांशु गोयल, अंकुर बंसल आदि रहे। गुन्नौर में स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में हुई विचार गोष्ठी में अमित यादव ने कहा कि मातृ भाषा हिंदी को सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है। सेवानिवृत्त शिक्षक रवि कुमार शर्मा व केवी यादव ने भी विचार रखे। इस दौरान चंद्रकेश यादव, मनोज गौड़, प्रशांत कुमार, बिजेंद्र सिंह, प्रेमसिंह, कृष्णेन्द्र कुमार, सतलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### हिंदी से उन्नति और पहचान

**बबराला, अमृत विचार :** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने हिंदी की उपयोगिता और उपेक्षा विषय पर विचार रखे। कार्यवाहक प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने कहा कि हिंदी से हमारी उन्नति है और हिंदी ही हमारी पहचान है। कार्यक्रम में नेहा यादव, मीनाक्षी, अनुराधा, कमलेश शर्मा, महक काजी, गरिमा, पुष्पा, अंजलि आदि रहे।

# आज की पीढ़ी को हिंदी बोलने में शर्म आती है

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हिन्दी दिवस पर एबीसी किड्ज मांटेसरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी विषय के साथ बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य अपनी आधिकारिक भाषा का विश्व भर में प्रचार-प्रसार करना है। आज की पीढ़ी अंग्रेजी भाषा को ग्रहण करती जा रही है। हिंदी भाषा को बोलने में उनको शर्म आती है। अंग्रेजी बोलना गलत नहीं है परंतु अपनी हिंदी भाषा को भी न भूले वह हमारी मातृ भाषा है। स्कूल की शिक्षिकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर अपने विचार व कविताएं प्रस्तुत की। इस मौके पर दिव्या, प्रिया, रूपाली, संतोष, नेहा, शालू, निशा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### समाधान दिवस की शिकायतों का करें समयबद्ध निस्तारण

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** थाना रजपुरा में लगे थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनी। अधिकारियों ने पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना। कई मामलों में अधीनस्थों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व और पुलिस से संबंधित शिकायतों का निस्तारण जल्द और सही समय पर कराया जाए। शिकायतकर्ता का अगर कोई मामला संदिग्ध हो तो एसडीएम और तहसीलदार को तुरंत अवगत कराएं। जिसके बाद अधिकारी मौके पर जाकर समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान थाना प्रभारी और स्टाफ मौजूद रहा।



तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता बच्चे।

### तीरंदाजी में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा के सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज में जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई। जिसमें रजपुरा संकुल से बालिका वर्ग की जीत हुई तो बालक वर्ग में चंदावली संकुल प्रथम स्थान पर रहा। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामबाबू ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दुर्गेश कुमार, अमर सिंह, सुहेल, सुधीर कुमार, विजय शर्मा, कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दैनिक जीवन में हिंदी को शामिल करने पर जोर

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** शनिवार को स्कूल-कालेजों में हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने हिन्दी भाषा की विशेषता व दैनिक जीवन में हिन्दी को शामिल करने पर जोर दिया।

एसएम कॉलेज में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव ने मां शारदे व रानी रामकली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करके किया। तृप्ति वार्ष्णेय ने मां सरस्वती की वंदना, दुष्यंत मिश्र ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता पूर्व विभाग अध्यक्ष हिंदी, पूर्व डीन एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय डॉ. चंद्रकांत सिंघल ने हिंदी भाषा की उत्पत्ति एवं हिंदी के वैज्ञानिकता और अनुवाद की जटिलता के सरलीकरण पर बल दिया। डॉ. दानवीर सिंह यादव ने भाषा के अर्थ एवं भाषा की विविधता में एकता को बनाए रखते हुए हिंदी की स्वीकार्यता की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। डॉ. हेमंत कुमार ने हिंदी का विश्व की भाषाओं के साथ संबंध के बारे में बताया। इस अवसर पर शिवि, आकाश आदि विद्यार्थियों ने अपने विचार और गीत आदि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर में डॉ. राम आधार सिंह यादव, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ. सुरभि यादव, डॉ.गीता शर्मा, डॉ.कादंबरी मिश्रा, डॉ.ज्योति, डॉ.अजय प्रकाश, डॉ. नेहा, डॉ महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ स्कंद, डॉ पूजा अग्रवाल आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

एनकेबीएमजी कालेज में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद सिद्रा, फहानूर, नीलम, वैष्णवी, पार्वती, गुनगुन, भावना, प्रिया वघेल, हरवेश आदि छात्राओं ने भाषण व कविता प्रस्तुत की। साथ ही वक्ताओं ने हिन्दी विषय पर अपने विचार रखे।

वहीं जीनियस गर्ल्स स्कूल में वर्षा अवकाश के कारण हिंदी दिवस ऑनलाइन मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ ट्रस्टी शोभा वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्रा एवं स्कूल चेयरमैन पवन कुमार गुप्ता स्कूल की ओर से संकल्प लिया गया कि अंग्रेजी माध्यम का स्कूल होने के बाबजूद भी हिंदी पढ़ने, लिखने और बोलने में छात्राओं को पारंगत बनाएंगे।



एनकेबीएमजी कालेज में कार्यक्रम में संबोधित करती शिक्षिका।

- **एनकेबीएमजी, एसएम कालेज, जीनियस पब्लिक स्कूल में मनाया गया हिन्दी दिवस**

# हिंदी भाषा को जीवन में उतारने का काम करें छात्र-छात्राएं

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार रूपकिशोर गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्या जया कुमारी, सचिव अजय कुमार आयरन, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने दीप प्रज्वलित करके किया।

जया कुमारी ने बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा हैं, इसलिए हमें हिंदी को आगे बढ़ाना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार रूपकिशोर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में भी हम अंग्रेजी से स्वतंत्र नहीं हुए हैं। सचिव अजय कुमार आयरन ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कि हिंदी एक ऐसी भाषा हैं जिसके सभी अक्षर समान हैं।

### छात्रों ने लिखे निबंध बताया हिंदी का महत्व

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली में स्थित एमएम कोचिंग सेंटर पर हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्रों ने निबंध, पत्र लेखन और रंगोली के जरिये हिंदी का महत्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया। हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम में एमएम कोचिंग सेंटर के संस्थापक मुहम्मद मूनिस ने हिंदी दिवस को लेकर विचार रखे और हिंदी का महत्व बताया। शिक्षक अमरपाल सिंह ने कहा कि हिंदी सप्ताह 14 सितंबर से मनाया जाता है। इस पूरे सप्ताह अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य हिंदी भाषा के लिए विकास की भावना को बढ़ाना है। इस दौरान कोचिंग सेंटर के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।



बहजोई में एसडीएम को ज्ञापन देते भाजपाई।

### अखिलेश यादव के बयान का विरोध कर सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा सनातन धर्म तथा संतों पर अपमान किए जाने के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष शिखर गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चंदौसी नीतू रानी को सौंप कर कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव द्वारा सनातन धर्म तथा संतों का लगातार अपमान किया जा रहा है। लोकसभा सांसद अखिलेश यादव द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। मठाधीश संत समाज की तुलना माफियाओं से की गई है। उसे न केवल संत समाज की भावनाएं आहत हुई है। बल्कि प्रत्येक भारतवासी और सनातन धर्म के लोगों की भावनाओं पर भी प्रहार किया गया है। मांग करते हुए कहा कि उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के साथ ऐसे दल की मान्यता निरस्त किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान कमल कुमार कमल, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, वैभव शंकर, सभासद शिवम गोयल, ठाकुर गजेंद्र सिंह, शेषकर वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### 21 दंपति में हुआ सुलह-समझौता

**बहजोई, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलर ने समझाया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है। वह खुशियां विवाद के कारण दूर हो जाती हैं। यह बात की 21 दंपति के समझ में आ गई। उन्होंने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि 100 पत्रावली को सुनकर 35 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। 21 दंपति को सुलह समझौते के माध्यम से पुन: एक किया गया।

### तीन दिन में तीन पशुओं की मौत, तीन बीमार

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव नगला खोकर निवासी शर्मा सिंह के गुरुवार से शनिवार तक तीन दिन में तीन पशुओं की मौत हो गई। जबकि तीन पशु बीमार हैं। जिसमें गुरुवार को एक और शनिवार की सुबह दो पशुओं की मौत होने से अन्य किसानों की अपने अपने पशुओं की चिंता सताने लगी। शनिवार को सूचना मिलने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी संभल डॉ. राजपाल सिंह, पंवासा, बहजोई और नरौली पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि किसान ने 15 दिन पहले बाजरे की फसल पर स्प्रे किया था। उसके थोड़े दिन बाद ही बाजरे का चारा पशुओं को खिलाना शुरु कर दिया।



संभल में चंदौसी चौराहा पर सड़क में बने गहरे गड्ढे।

# मुख्य मार्ग की सड़क में गड्ढों से हादसे होने का अंदेशा

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** चंदौसी चौराहा से लेकर चौधरी सराय तक मार्ग में गड्ढों के चलते यातायात प्रभावित हो रहा है। भारी वाहनों केआवागमन से हादसे का अंदेशा बना रहता है, लेकिन पीडब्ल्यूडी मार्ग की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

संभल-बहजोई मार्ग पर चंदौसी चौराहा पर बारिश से पहले कई गड्ढे हो गए हैं। हाल ही में तीन दिन तक हुई बारिश से हालात और भी बदतर हो गए। चंदौसी चौराहा के आसपास बने बड़े गड्ढों से वाहन सवारों को परेशानी हो रही है। जैसे ही पहिया गड्ढे में जाता है तो वाहन के अनियंत्रित होने का अंदेशा बना रहता है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मार्ग दुरुस्त कराने की मांग उठाई है।

> सिरसी से गड्ढों को भरने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही संभल में भी गड्ढे भरवा दिए जाएंगे।
>
> **-विवेक कुमार बंसल, एई पीडब्ल्यूडी**

# रेल मंत्री से मिलकर उठाएंगे रेल लाइन विस्तार की मांग

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की हल्लू सराय में स्थित प्रशासनिक कार्यालय में हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने कहा कि 15 दिन में प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री से मिलेगा।

कहा कि संभल-गजरौला रेल लाइन का काम शुरू कराने, हातिम सराय रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर खोलने, मुरादाबाद से संभल तक ट्रेन के 6 चक्कर बहाल किए जाने, मुरादाबाद से मुंबई के लिए सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरू कराने की मांग की जाएगी। बैठक में पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा कि संभल की पुलिस की कार्यशैली से नवागत पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जाएगा। संभल की नई जिला कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय भी हुआ। इस दौरान होराम सिंह, सोनू यादव, सौराज सिंह, मोहम्मद अली, रफीक अहमद, भारत सिंह यादव, वीरेंद्र कौशिक, विकास शर्मा, गौरव यादव आदि रहे।

**खास खबर** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

# घर स्वच्छ है तो पालिका करेगी सम्मानित

**गौरव वर्मा, संभल**

**अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत संभल नगर पालिका क्षेत्र में 17 सितंबर से शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में न सिर्फ विभिन्न सार्वजनिक स्थानों को चकाचक किया जाएगा बल्कि वार्ड स्तर पर दो स्वच्छ घरों का चयन करते हुए लोगों को सम्मानित करने का काम भी होगा। इसलिए इस अभियान के सहयोगी बनकर पुरस्कृत होने का मौका न जाने दिया जाए।

नगर पालिका परिषद संभल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन होगा। ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने बताया कि 17 सितंबर को श्रमदान की गतिविधि शुरू होगी। जिसमें स्वच्छता से जुड़े हितधारकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्कूल कॉलेजों, स्वच्छ सारथी, क्लब, एनसीसी, एनएसएस, व्यापार मंडल, रोटरी क्लब, नेहरू युवा केंद्र मंगल दल को जोड़ा जाएगा। संपूर्ण स्वच्छता के अंतर्गत शहर के सार्वजनिक स्थल प्रमुख चौराहों, सिटी ट्रांसपोर्टेशन, पार्क, तालाब, घाट को चिन्हित कर सफाई कराई जाएगी। इसमें वार्ड स्तर पर भी दो स्वच्छ घरों का चयन भी होगा। जो सबसे अच्छे स्वच्छ घर होंगे, उनहें पुरस्कृत किया जाएगा। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष वार्ड सभासद होंगे। उनके माध्यम से वार्डों में भी संपूर्ण सफाई कराई जाएगी।



नगर पालिका कार्यालय।

### कचरे के बारे में सूचना दे जनता

**संभल, अमृत विचार :** ईओ ने लोगों से कहा है कि साफ सफाई संबंधी कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 1533 अथवा दूरभाष संख्या 90274 56905 पर संपर्क कर सकते हैं। पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के वार्डों में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उनकी साफ सफाई कराकर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। लोग ऐसे कचरे की सूचना दें जो कई महीनों और वर्षों से वार्ड के अंतर्गत पड़ा हुआ है। जहां नियमित सफाई नहीं हो पाती है।

## एक नजर

### तकनीकी रूप से मजबूत बनें बच्चे : डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के सेंसर के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने तकनीकी जानकारी लेकर अन्य बच्चों को भी प्रशिक्षित किए जाने का आह्वान किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में दिल्ली के राष्ट्रीय न्यास संस्थान से आए प्रशिक्षकों स्वाति गोयल व रुद्रमा द्वारा बच्चों को सरल भाषा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दिया। 15 सितम्बर को डीआर रिसोर्ट में बच्चों की कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### पशुशाला की छत गिरी हादसा टला

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी खुर्शीद शुक्रवार की रात पत्नी शबाना व तीन बच्चों के साथ मकान के आगे सीमेंट की शीट डालकर बनाई गई छत के नीचे सो रहा था। अचानक खुर्शीद के मकान की चारदीवारी की दो दीवारें गिर गईं। जिससे पशुशाला की सीमेंट की चादर से बनी छत भी गिर गई।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

# सीओ व चौकी इंचार्ज पर की जाए कार्रवाई: गुलाब देवी

## भाजपा नेता गोली कांड पीड़ितों से मिलीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री, पीड़ितों से मिल जाना हाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भाजपा नेता गोली कांड राजनीति गलियारे में तूल पकड़ने लगा है। गोली कांड के फर्जी होने के बाद भाजपा नेता सहित उनके साथियों पर कार्रवाई हुई और पीड़ितों को जेल से रिहा कर दिया गया। पीड़ितों ने जब आपबीती बताई तो पुलिस कहानी सामने आई। शनिवार को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी पीड़ितों से मिली और उनकी पीड़ा को सुना। राज्यमंत्री ने एसपी से फोन पर वार्ता की और सीओ व चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई करने की बात कही।

शनिवार की दोपहर राज्यमंत्री गुलाब देवी पीड़ित दिलीप व हेमंत के घर पहुंचीं। यहां पीड़ितों व उनकी मां त्रिवेणी देवी पत्नी स्व. भगीरथ से वार्ता की। दिलीप व हेमंत ने राज्यमंत्री को बताया कि पुलिस ने किस तरह उन्हें भाजपा नेता प्रेमपाल के मामले में फंसाया। पुलिस ने जुर्म कबूल नहीं करने पर यातना दी और



पीड़ितों व उनके परिजनों से बातचीत करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।

गांव कैथल के बाजार में ले जाकर तमंचा अंटी में लगा दिया तथा जबरन भाजपा नेता को गोली मारने की बात कबूल करवाई। जिसमें सीओ डॉ. प्रदीप कुमार व ब्रह्म बाजार चौकी इंचार्ज राम कुमार की भूमिका अहम रही। इतना सुनने के बाद राज्यमंत्री ने एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई से मोबाइल पर बात की। कहा कि भाजपा नेता प्रेमपाल के मामले में पुलिस ने तीन बेगुनाहों को फंसाया है। उन्हें यातना दी, जिसमें सीओ व चौकी इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए इन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए इन्हें हटाया जाए। एसपी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पीड़ित श्याम लाल, चंद्रसेन दिवाकर, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, उमेश सैनी, हरिओम सैनी आदि मौजूद रहे।

### घटना के 48 दिन बाद आई पीड़ितों की याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा नेता प्रेमपाल गोली कांड 27 जुलाई को हुआ था। उसी रात पुलिस ने दो भाई सहित तीन लोगों को घर में सोते समय गिरफ्तार किया था और 30 अगस्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। तभी से मामला तूल पकड़ने लगा। तीनों पीड़ितों के परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से मिल न्याय की गुहार लगाई थी। घटना की जांच सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सौंपी थी। जब न्याय नहीं मिला तो दोनों भाइयों की मां त्रिवेणी देवी ने लखनऊ जाकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के समक्ष अपना दर्द बयां किया था। इसके बाद पुलिस के अधिकारियों के कहने पर कोतवाली पुलिस ने घटना को खुलासा कर दिया। जिसमें भाजपा नेता पर स्वयं ही गोली इम्प्लांट करवाने की बात कही गई और भाजपा नेता व उनके साथियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। घटना के 48 दिन बाद राज्यमंत्री को पीड़ितों की याद आई।

### भाजपा नेता की राशन दुकान सील

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पूर्ति निरीक्षक ने मोहल्ला लोधियान स्थित भाजपा नेता प्रेमपाल की उचित दर विक्रेता की दुकान अनियमितता मिलने पर सील कर दी। कार्रवाई के समय प्रेमपाल मौके पर उपस्थित नहीं रहे। शनिवार की शाम पांच बजे पूर्ति निरीक्षक ललित कुमार प्रेमपाल की राशन की दुकान पर निरीक्षण को पहुंचे। उस समय दुकान बंद पाई गई। उनसे मोबाइल पर संपर्क कर दुकान खोलने व वितरण कार्य दिखाने को कहा। इसके बाद भी वह दुकान पर नहीं पहुंचे। साथ ही टीम ने मोहल्ले में 27 घरों पर संपर्क किया गया। जिसमें पांच घर राशन डीलर के पक्ष व 22 घरों के लोगों ने उसके विरुद्ध बयान दिए। इसके बाद दुकान को सील कर नोटिस चस्पा किया गया है।

**पद से हटाए जाएंगे प्रेमपाल :** भाजपा नेता प्रेमपाल अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष है। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बताया कि प्रेमपाल को पद से हटाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष से कहा है। क्योंकि प्रेमपाल ने पार्टी की छवि धूमिल की है।

## सार संक्षेप



मौलागढ़ में मकान की गिरी छत दिखाते परिजन।

### बारिश से दो कच्चे मकान की छत व एक की दीवार गिरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत मौलागढ़ में शुक्रवार की रात दो कच्चे मकानों की छत गिर गई। गनीमत रही कि कमरे में सो रहे लोग पहले ही बाहर आ गए थे। वहीं एक और स्थान पर मकान की दीवार गिर गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में शुक्रवार की रात दस बजे कुलदीप अपनी पत्नी प्रीति, बच्चे परम व प्रज्ञा के साथ सो रहा था। तभी मकान की कच्ची छत में लग रही बल्ली के टूटने की आवाज आई तो कुलदीप परिवार के साथ कमरे से बाहर आ गया। तभी कुछ देर बाद छत नीचे आ गिरी। वहीं शुक्रवार की रात पप्पू पुत्र दुरगी व उसका भाई राकेश अपने पत्नी रीना, पुत्री मीना व पुत्र अरविंद के साथ कमरे में सो रहा था। रात एक बजे कच्ची छत में लगी बल्ली टूटने की आवाज आने पर राकेश अपने परिवार के साथ कमरे से बाहर आ गया। इसके बाद ही कच्ची छत गिर गई। दोनों ही स्थानों पर कोई जनहानि नहीं है। वहीं पप्पू का तीसरा भाई दुइया परिवार के साथ दूसरे मकान में रहता है। वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ आंगन में सोया था। तभी आंगन की दीवार गिर गई। गनीमत रही कि कोई दीवार की चपेट में नहीं आया।

### सर्प ने महिला को डसा, हालत गंभीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मानकपुर में घर के बाहर महिला को सर्प ने डस लिया। जिसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने सर्प को बोतल में बंद कर लिया और सीएचसी लेकर आए। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मानकपुर में शकुंतला देवी पत्नी नन्हे सिंह शनिवार की शाम चार बजे घर के पास ही खेत में बने कमरे से भूसा लेने जा रही थी। जैसे ही महिला घर के बाहर निकली तो नीचे बैठे सर्प पर पैर पड़ने पर उसने डस लिया। महिला ने परिजनों को बताया कि सर्प ने उसे डस लिया है। आनन-फानन में परिजन महिला को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहभागिता करें

**संभल, अमृत विचार :** स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका में हुई बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों आदि से सहभागिता करने का आह्वान किया गया। साथ ही, स्वच्छता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा भी हुई। नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष आसिया मुशीर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभासद, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और सुपरवाइजर रहे। ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें कई गतिविधियों के जरिये स्वच्छता का माहौल बनाया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। ईओ ने मौजूद लोगों से स्वच्छता अभियान में सहभागिता करने को कहा। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।



श्री दिगंबर जैन मंदिर में मंगल कलश की स्थापना करती जैन समाज की महिलाएं।

### महामस्तकाभिषेक कर विश्व मंगल की कामना की

**बहजोई, अमृत विचार :** मूलनायक भगवान आठवें तीर्थंकर श्री 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया। प्रतिष्ठा पूर्वक श्री चन्द्रप्रभु विधान का भव्य आयोजन कर विश्व मंगल की कामना की। श्री दिगम्बर जैन मंदिर में श्री दिगम्बर जैन सभा बहजोई के तत्वावधान में सभी जैन समाज से जुड़े लोगों ने भादप्रद शुक्ल ग्यारस पर्युषण पर्व के उत्तम तप धर्म के दिन मूलनायक भगवान चन्द्रप्रभु जी का महामस्तकाभिषेक किया। अभिषेक कर्ताओं को इंद्र रूप वेश एवं माला व मुकुट धारण कराये गए, प्रथम महामस्तकाभिषेक करने के लिए जैन सभा के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन को सौधर्म इंद्र का पुण्यार्जक बनाया गया। शांति धारा का पुण्यार्जक प्रफुल्ल जैन को, ईशान इंद्र रिवान जैन, आदि जैन, अंशुल जैन को बनाया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में पुरुष वर्ग को इंद्र एवं महिलाओं को इंद्राणी एवं बच्चियों को अष्ट कुमारियां की पदवी प्रदान की गयी। मुख्य मंगल कलश की स्थापना सुनील कुमार जैन व रंजना जैन द्वारा की गयी। चारों दिशाओं के मंगल कलशों की स्थापना क्रमश: शैली जैन, स्वाति जैन, सुनीता जैन एवं रजनी जैन द्वारा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार जैन द्वारा व संचालन सम्भव जैन ने किया।

### ससुराल वालों पर लगाया दहेज मांगने का आरोप

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अटवा निवासी महिला ने ससुराल वालों पर दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला सुषमा ने बताया कि उसके पिता प्रीतम निवासी थाना उघैती जनपद बदायूं ने 14 वर्ष पहले उसकी शादी गांव अटवा निवासी युवक के साथ की थी। शादी के कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा है। इसके बाद ससुराल वाले मायके से एक लाख रुपये लाने की मांग करने लगे। रुपये नहीं लाने पर प्रताड़ित करते थे। घटना की सूचना पर महिला के दो भाई विजय व अतर पाल बहन की ससुराल पहुंचे। शनिवार को महिला अपने दोनों भाइयों के साथ घटना की तहरीर देने थाना कुढ़फतेहगढ़ गई। लौटते समय थाने से कुछ आगे ससुराल वालों ने ई-रिक्शा रोक लिया। इसके बाद गाली-गलौज कर दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। जिसका महिला ने वीडियो बना लिया। महिला ने सीओ से न्याय की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 4720 वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जिला न्यायालय में लोक अदालत का आरंभ जिला जज कमलेश कच्छल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। जनपद न्यायालय, बाह्य न्यायालय संभल, गुन्नौर द्वारा 4720 वादों का निस्तारण किया गया। सभी मामलों में अर्थदंड व प्रतिकर के रूप में 6,96,38527.39 रुपये वसूले गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश वीके लाल द्वारा 55 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी व एमएसीटी प्रदीप कुमार द्वारा मोटर दुर्घटना में 66 वादों का निस्तारण कर पीड़ित पक्ष को 5,59,37997 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलवाए। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायिक मजिस्ट्रेट ब्राह्य न्यायालय



दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का आरंभ करती जिला जज कमलेश कच्छल।

गुन्नौर विजय प्रकाश द्वारा 514 वादों का निस्तारण कर 26910 रुपये जुर्माना वसूल किया। जनपद संभल के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा 15597 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 29 वादों का निस्तारण कर 1,32,89730.39 रुपये समझौते के रूप में धनराशि प्राप्त की। इसके अलावा जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा 785 मामलों का निस्तारण कर 3,60,75474 रुपये धनराशि समझौते के उपरांत प्राप्त की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 514 मामले

**गुन्नौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। जिसमें 514 मामले निपटाए गए और 26,910 रूपए जुर्माना वसूला गया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 1063 मामले निपटारे के लिए भेजे गए थे। सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय प्रकाश ने सिविल और आपराधिक समझौता योग्य लंबित यातायात चालान, धारा 138 एनआई एक्ट, चेक बाउंस, जुआ अधिनियम आदि के 514 मामले निस्तारित कर 26910 रुपये जुर्माना लगाया। सिविल जज विजय प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवाद समाधान के लिए एक अद्वितीय मंच का प्रतिनिधित्व करती है जो सुलह और सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देती है।

# कार सवारों ने दो युवकों को घसीटा, गंभीर

कार्यलाय संवाददाता, चन्दौसी

**विवाद**

- कार सवारों की खोजबीन में जुटी पुलिस, घायलों का कराया गया सीएचसी में उपचार
- गांव गुमथल में कार सवार युवकों को डीजे पर डांस करने को किया था मना

**अमृत विचार :** कार सवार युवकों को डीजे पर डांस करने से मना किया तो युवकों ने कार में सवार होने के बाद समझाने आए दो ग्रामीणों के हाथ पकड़कर कार की खिड़की में खींच लिए और कार की गति बढ़ा दी। जिससे दोनों ग्रामीण करीब एक किलोमीटर तक कार के साथ घिसटते रहे।दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की तहरीर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों से जानकारी की।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में ताराचंद्र पुत्र बिहारी प्रजापति के घर नामकरण संस्कार का कार्यक्रम था। जिसमें रिश्तेदार व ग्रामीणों एकत्र हुए थे। शाम को कार्यक्रम में डीजे बज रहा था। डीजे सड़क किनारे लगा हुआ था। तभी जरगांव की ओर से कार सवार पांच युवक नशे की हालत में पहुंचे। उन्होंने डीजे के पास कार रोक दी और डांस करने लगे। रिश्तेदार व ग्रामीणों ने युवकों से डांस करने को मना किया, तो वह नहीं माने और डांस करते रहे। कुछ देर बाद सभी युवक कार में जाकर बैठ गए। तभी गांव के रूप किशोर पुत्र तारा चंद्र व विनय कुमार पुत्र अनेकपाल दिवाकर कार में बैठे युवकों को समझाने आए। तभी कार सवार युवकों ने दोनों युवकों के हाथ पकड़कर कार की खिड़की में खींच लिया और कार तेजी से दौड़ा दी। इससे दोनों युवक कार की खिड़की पर लटक गए और घिसटने लगे। अन्य ग्रामीणों ने कार रोकने का इशारा किया, मगर चालक ने कार नहीं रोकी। कार सवारों ने रूप किशोर व विनय कुमार को एक किलोमीटर दूर बाबा की मणि पर जाकर छोड़ा। दोनों युवक रात साढ़े दस बजे सड़क किनारे पड़े मिले। दोनों के हाथ-पैर में गंभीर चोट आई। युवक कार को चन्दौसी की ओर लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों का उपचार सीएचसी में कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

> ग्राम गुमथल में हुई घटना को लेकर पीड़ितों की ओर से तहरीर मिली है। पुलिस द्वारा कार की खोजबीन की जा रही है। आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -मोहित कुमार काजला, थाना प्रभारी, थाना बनियाठेर

# मेले में कैरम प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मेला गणेश चौथ में शनिवार को तीन दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गणेश मंदिर स्थित मेला कार्यालय में पूर्व मेला मुख्य सचिव स्व. श्री कमलेश चौधरी की स्मृति में प्रतियोगिता का उद्घाटन मेला समिति सदस्य लोकेन्द्र शर्मा एडवोकेट व शुभम अग्रवाल एडवोकेट ने कैरम खेल कर किया। प्रथम दिवस पर एकल वर्ग में नैतिक कुमार- प्रभात, नाहीर-मुस्तकीम के बीच खेला गया। डबल वर्ग के नाहिद एवं पार्टनर-ऊना एंड पार्टनर, तनवीर एंड पार्टनर-अनवर एंड पार्टनर के बीच खेला गया। अंपायरिंग इंतजार अली, रेफरी हारून मसरूर भाई तथा स्कोरिंग मुजफ्फरअली ने की।

इस दौरान मेला परिषद से मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ आदि उपस्थित रहे।



अतिथियों व आयोजकों के साथ विजेता प्रतिभागी।

### जूनियर डांस में पीहू व गायन में वसुंधरा रहीं प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी मेले में नटराज मंच पर शुक्रवार की रात डीएफआई अकादमी की ओर से गायन व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता देर रात हुई। प्रतियोगिता के जूनियर गायन में वसुंधरा ने प्रथम, अदनान ने द्वितीय व पायल ने तृतीय, जूनियर डांस में पीहू सक्सेना ने प्रथम, प्रत्यूष ने द्वितीय व आशी ने तृतीय, सीनियर गायन में रिजवान ने प्रथम, मुनीर ने द्वितीय, शन वारसी ने तृतीय, सीनियर डांस में जोनी ने प्रथम, सनी शर्मा ने द्वितीय व अमन नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## अधिकारियों ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**संभल/सौंधन, अमृत विचार:** सदर कोतवाली, नखासा, हयातनगर व कैलादेवी थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें सदर कोतवाली परिसर में लगे थाना समाधान दिवस में में उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों की समस्या का समाधान कराया। वहीं कैलादेवी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा व पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने शिकायतों को सुना। जिसमें एडीएम व एएसपी के सामने राजस्व विभाग की तीन शिकायतें लोगों ने दर्ज कराई। शिकायतों को सुनकर एडीएम ने संबंधितों को सौंपकर समय से समाधान करने के निर्देश दिए। इसी के साथ नखासा, हयातनगर, असमोली, हजरतनगर गढ़ी सहित अन्य थानों में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# पुलिस ने दो तांत्रिकों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, बबराला

- भूत प्रेत भगाने के नाम पर किशोरी को पीटने के मामले में कार्रवाई

**अमृत विचार :** राजघाट गंगाघाट के श्मशान में कथित तांत्रिक द्वारा भूत-प्रेत भगाने के नाम पर किशोरी को बाल पकड़ कर पीटने और धमकाने के मामले में पुलिस ने अपनी ओर से दो तांत्रिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शमशान में हुई इस घटना का वीडियो वायरल होने पर अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है।

वायरल वीडियो को लेकर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने शनिवार को वीडियो में दिख रही महिला और किशोरी को तलाश कर लिया। नगर के मोहल्ला मस्जिद वाली गली निवासी रामअवतार की पत्नी तारा ने पुलिस को बताया कि ईसमपुर निवासी गोपी पुत्र महावीर यादव और मीरमपुर निवासी वासुदेव उर्फ बाजीगर मल्लाह ने उसकी पुत्री मुस्कान पर ऊपरी हवा का चक्कर और भूत प्रेत का साया बता कर डरा दिया। दोनों ने तंत्र मंत्र के नाम पर ठगी की। हालांकि, तारा ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट नहीं लिखाई। नरौरा बैराज पुलिस चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार की ओर से दोनों कथित तांत्रिकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें एक तांत्रिक एक लड़की को अपने सामने बैठाकर तांत्रिक क्रिया करते हुए उस लड़की के साथ मारपीट कर रहा है। साथ में उक्त तांत्रिक का एक सहयोगी तांत्रिक भी दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में तंत्र क्रिया करने वाले गोपी और वासुदेव की तलाश की जा रही है।

**आयोजन** गणेश चतुर्थी मेले में हुई मां परमेश्वरी प्रताप सिंह गायन प्रतियोगिता

# ये तो सच है कि भगवान है, मगर फिर भी अंजान है ...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी मेले में भूपाल दास अशर्फी देवी रंगमंच पर मां परमेश्वरी प्रताप सिंह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद बिजनौर, अलीगढ़, बुलंदशहर, बदायूं, संभल सहित अन्य जनपदों से आए 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जिसका आरंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी व उनके पति रामपाल सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता दो राउंड में संपन्न हुई। जिसमें पहला राउंड माता-पिता को समर्पित पैरेंट्स राउंड व दूसरा सेल्फ च्वाइस राउंड था। जिसमें प्रतिभागियों ने पास बुलाती है, रिश्ता तेरा मेरा सबसे है, खुशियों का दिन आया है, तेरी उंगली पकड़के चला, ये तो सच है कि



गीत प्रस्तुत करती प्रतिभागी।

भगवान है,मगर फिर भी अंजान है, मैंने मां को देखा है, मुझे इस दुनिया में लाया, तू छाया मेरी मैं हू लाल, ये बंधन तो प्यार का, पापा कहते हैं बड़ा नाम आदि गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। देर रात तक कार्यक्रम जारी रहा। निर्णायक मंडल में प्रवीण कुमार मिश्रा, डॉ. सोनिया बिंद्रा व राशिद खान मौजूद रहे। इस अवसर पर डीआईओएस वेदराम कौशल, महेश चंद्र, शिक्षक नरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, रवि कुमार, कवि माधव मिश्रा, प्रवीण कुमार, एसके अग्रवाल, शशिकांत गुप्ता, प्रजीत कुमार, रवींद्र कुमार, हरिगोपाल वार्ष्णेय, वीरेंद्र कश्यप, अश्वनी कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### करमेती वाई और गोवर्धन डाकू की लीला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गजानन सभागार में श्री अंश कृष्ण कला मंडल की ओर से रासलीला का आयोजन किया गया। शनिवार को वृंदावन के कलाकारों ने करमेती वाई व गोवर्धन डाकू लीला का मंचन किया। मंचन के प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि गोवर्धन डाकू श्रीकृष्ण को लूटना चाहता था। क्योंकि बालक श्रीकृष्ण गले में हीरे-मोती की माला पहनकर घूमते थे। एक दिन श्रीकृष्ण गोवर्धन डाकू को अकेले घूमते मिल जाते हैं। तभी गोवर्धन डाकू उनके पास लूट के इरादे से पहुंचता है। जब भगवान से उसकी मुलाकात होती है, तो वह खुद ही लुट जाता है और सारे गलत कार्य छोड़ श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन हो जाता है। दूसरे दृश्य दिखाया गया है कि करमेती वाई श्रीकृष्ण की भक्ति करती थी। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें दर्शन दिए। जब करमेती वाई ने श्रीकृष्ण से उनकी सखियों के साथ रहने की इच्छा प्रकट की। श्रीकृष्ण ने उनकी इच्छा को पूरा किया। इसके बाद वह श्रीकृष्ण की सखियों के साथ रहने लगी। गोवर्धन डाकू की भूमिका रामहरि, श्रीकृष्ण की आकाश, करमेती वाई की श्याम कुमार ने निभाई।



रासलीला में अभिनय करते कलाकार।

### महिला ने आत्महत्या के लिए गले में बांधा दुपट्टा, वीडियो वायरल

**संभल, अमृत विचार :** महिला का अपने व पति के गले में दुपट्टे का फंदा बांधकर खड़े होने का वीडियो वायरल हो रहा है। महिला आत्महत्या कर ससुराल वालों को फंसाने की धमकी देती दिखाई दे रही है। वायरल वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में घरेलू बातों को लेकर विवाद होता दिखाई व सुनाई पड़ रहा है। जिसमें महिला रोते हुए आत्महत्या कर अपने ससुराल वालों को फंसाने की बात कहती दिखाई दी रही है। वहीं वीडियो में एक बुजुर्ग महिला दिखाई दे रही जो दंपति के पास पहुंचकर व्यक्ति के फंदे से दुपट्टे का फंदा खोलती है। वीडियो बनती देखकर महिला भी कैमरे के सामने अपना मुंह कर खड़ी हो जाती है।

**सूचना**

मेरे पुत्र ध्रुव सैनी की जन्मतिथि भूलवश 17.10.2009 अंकित है जोकि गलत है। मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 17.01.2011 है।

-पूरन सिंह पुत्र श्री गजराम सिंह निवासी राधे निवास कॉलोनी, नगरिया कलां, बिलासपुर जिला रामपुर

**ग्रामोद्योग विकास समिति भायपुर**

कार्यालय ग्राम नरायनपुर पोस्ट शरीफनगर ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद (उप्र) 244601

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 65 .00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 35 .00 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी /कॉर्पोरेशन/पंजीकृत फार्म आपूर्ति करने हेतु टेंडर / निविदा दिनांक 05 .10 .2024 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती हैं जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

सचिव - गौरव कुमार
मोबाइल नंबर - 9012475509

**खादी निकेतन समिति रतुपुरा**

कार्यालय ग्राम रतुपुरा पोस्ट रतुपुरा जिला मुरादाबाद (उप्र) 244601

**निविदा सूचना**

संस्था को खादी वस्त्र उत्पादन हेतु कच्चा माल देशी रूई (वजन 45 .00 कुंतल) तथा कच्ची ऊन (वजन 35 .00 कुंतल) की खरीद करनी हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कम्पनी /कॉर्पोरेशन/पंजीकृत फार्म आपूर्ति करने हेतु टेंडर / निविदा दिनांक 05 .10 .2024 तक संस्था के कार्यालय पर जमा कर सकती हैं जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

सचिव - सचिन कुमार
मोबाइल नंबर - 9528097700

## एक नजर

### छात्रा को ब्लैकमेल करने के आरोपी पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** नाबालिग छात्रा को धमकाकर आभूषण ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसकी 13 साल की बेटी कक्षा 8 की छात्रा है। वह नगर स्थित एक सेंटर पर शिक्षा ग्रहण कर रही थी। इस दौरान नगर के मोहला मनापुर निवासी बिजेंद्र ने उसकी पुत्री को तमंचा दिखाकर उसके अश्लील फोटो खींचे। आरोप है कि आरोपी ने छात्रा को ब्लैकमेल कर आभूषण व रुपये लाने के लिए मजबूर किया। इससे छात्रा की हालत बिगड़ गई। उसने अपनी मां को आपबीती बताई। हालांकि आरोपी युवक ने छात्रा पक्ष के लोगों पर उसे बंधक बनाकर मारपीट करने और पेशाब पिलाने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस में तहसीलदार मूसा राम ने लोगों की शिकायतें सुनीं राजस्व विभाग की दो शिकायत दर्ज आईं। इनका निस्तारण करने के लिए लेखपाल से कहा। समस्याओं का समाधान मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण करें।

# विश्व पटल पर हिंदी हिंदुस्तानियों की पहचान

## केरल के राज्यपाल बोले- हिंदी महज एक भाषा नहीं, भावना, संस्कृति व धरोहर

संवाददाता, मंडी धनौरा



मंडी धनौरा में शनिवार को डॉ. यतीन्द्र कटारिया की पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व अन्य।

- डॉ- यतीन्द्र कटारिया की पुस्तक 'हिंदी विश्व यात्रा और मैं' का किया गया विमोचन

**अमृत विचार :** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को कहा कि डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने धनौरा जैसी छोटी जगह से दुनिया के देशों तक हिंदी का शंखनाद कर बड़ा काम किया है। एक लेखक और वक्ता के रूप में मॉरिशस, फिजी समेत अन्य देशों में भारत सरकार के शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में हिंदी का परचम लहराया है, वह काबिले तारीफ है।

उन्होने कहा कि वह डॉ. यतीन्द्र कटारिया को पुत्रवत स्नेह करते हैं और इसके चलते वह केरल से यहां पहुंचे हैं। कहा, हिंदी महज एक भाषा नहीं, एक भावना, संस्कृति, धरोहर है। विश्व पटल पर हिंदी हम हिंदुस्तानियों की पहचान भी है। 14 सितंबर को हम हिंदी दिवस मना रहे हैं। क्योंकि इस दिन वर्ष 1949 में भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। हर साल यह दिन मनाने का उद्देश्य है हिंदी का अस्तित्व बरकरार रखने के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करना, आने वाली पीढ़ी को इस भाषा का महत्व समझाना, यह दिन हमें हिंदी भाषा के महत्व और इसकी समृद्ध विरासत की याद दिलाता है। यह एहसास कराता है कि हिंदी हमारे इतिहास, संस्कृति और हमारी पहचान का अटूट हिस्सा है।

वह चांदपुर रोड स्थित ग्रांड सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में हिंदी दिवस पर हिंदी महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। यहां कार्यक्रम के संयोजक डॉ. यतीन्द्र कटारिया व ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल आसिफ मोहम्मद खान, संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष व एनटीए के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. किरण हजारिका, राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, विधान परिषद के सदस्य वीरेंद्र सिंह ने डॉ. यतींद्र कटारिया की नई पुस्तक 'हिंदी विश्व यात्रा और मैं' का विमोचन किया।

इस दौरान विधान परिषद के सदस्य वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी वव भाषा है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक तकनीकी दुनिया तक, हर दौर में हमारी अभिव्यक्ति को सशक्त किया है। हिंदी ने हमें एकजुट किया है। राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने कहा कि इस दौर में ग्लोबल लैंग्वेज के पीछे भागते-भागते हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का महत्व नहीं भूलना चाहिए। एनटीए के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जोशी ने कहा कि डॉ. यतीन्द्र कटारिया कि हिंदी सेवा और साधना से वह प्रभावित हैं। विश्व हिंदी मंच के अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि मातृभाषा को मां की तरह सम्मान देते हुए आगे बढ़ाएं और हिंदी को राष्ट्रीय प्रतीक रूप में आत्मसात कर गर्व की अनुभूति करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, आबकारी आयुक्त अनुराग मिश्र, सुनील दीक्षित, कपिल त्यागी, चंद्रशेखर आजाद, राजकुमार टंडन, नरेंद्र कटारिया, धीरज त्यागी, डॉ. आदित्य चौहान, डॉ. इस्माइल आदि मौजूद रहे।


हाशमी कॉलेज में कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और अन्य।

# प्रेम की भाषा व सहयोग की जननी है हिंदी : डॉ. रिजवाना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज में गोष्ठी व सम्मान समारोह में हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉ. नीलम रस्तौगी व विनय शर्मा को सम्मानित किया गया। प्रबंधक डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी ने कहा कि भाषा ही वह ताकत है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है। भाषा को पुरातन रूप में लाने के प्रयास करने होंगे। हिंदी से अपनी पहचान बनानी होगी।

प्राचार्य डॉ. रिजवाना कुलसुम ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए उन्हें अपनी मातृभाषा में ही पढ़ाना चाहिए। हिंदी को बढ़ावा तभी मिल सकता है जबकि तकनीकि कोर्स में इसे अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए। हिंदी प्रेम की मीठी बोली है, सहयोग की जननी है। हिंदी सभी भाषाओं की सिरमौर है। उधर, कैलसा स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में हिंदी दिवस पर छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिंदी की महत्ता को दर्शाते हुए काव्य पाठ किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता व काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। शिक्षिका एकता ने कविता मैं क्या लिखूं तुम्हारे लिए के माध्यम से हिंदी भाषा पर विचार व्यक्त किए। कहा कि हिंदी प्रेम की भाषा है और इसए जीवंत रखने के लिए हमें आत्मसात करना चाहिए। शिक्षिका वंदना चैधरी, रीमा अग्रवाल, शिक्षक शशिपाल सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा ने बधाई दी।

# हम सब लोगों की पहचान है हिंदी: डॉ. नीति

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** झम्मन लाल पीजी कॉलेज में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। झम्मनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीति शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी शान है, यह हमारा गौरव है। हम सब की पहचान है, अपनी मातृभाषा को कभी न भूलें और भाषाओं का भी सम्मान करें।

अंग्रेजी की प्रवक्ता डॉ. शिवा शर्मा ने हिंदी से हमारा गहरा नाता है। इसे कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया। राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता विवेक शर्मा ने हिंदी पर अपने विचार रखे। इतिहास की प्रवक्ता डॉ. गीतांजलि ने हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी के प्रवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि हमें पहले अपने आप में सुधार लाने की आवश्यकता है तभी हम दूसरों को इस विषय पर बताने का प्रयत्न कर सकते हैं। अर्थशास्त्र की प्रवक्ता बबिता त्यागी ने संविधान में हिंदी की स्थिति पर प्रकाश डाला। बीएड विभाग की प्रवक्ता कुमुद त्यागी और अंशु चौहान ने भी हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।


सैदनगली में शनिवार को हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

### हिंदी से प्रेम करने के लिए छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली विद्या भारती विद्यालय में हिंदी दिवस व योग प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सत्यवीर ने हिंदी का महत्व समझाया। वंदना सत्र में नैतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक, योग, स्वस्थ रखना, संतुलित आहार लेने, निरोग रहने पर वरिष्ठ योग प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह ने छात्र-छात्रा का मार्गदर्शन किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने हिंदी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हिंदी से प्रेम करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आने वाले समय में देश में सम्पूर्ण शिक्षा हिंदी माध्यम के आधार पर ही दी जाएगी। अत: हमें हिंदी भाषा पर गर्व करना चाहिए।

### विचार गोष्ठी में हिंदी का महत्व समझाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल विद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी हुई। इसमें हिंदी भाषा का महत्व व बढ़ते प्रचलन पर चर्चा की। निबंध, कहानी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# निबंध में काजल और पोस्टर प्रतियोगिता में सोनिका प्रथम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**हिंदी दिवस**

- हिंदी के प्रयोग से स्वभिमान बढ़ाने के लिए छात्रों को किया प्रेरित
- प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**अमृत विचार :** नगर में शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, यह हमारी विरासत है। उन्होंने छात्रों को हिंदी भाषा के प्रयोग से अपना स्वभिमान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति का प्रतीक है। कुछ वर्षों में हिंदी जिस तरह बाजार एवं तकनीकी से जुड़ी है, यदि इसी तरह बढ़ती रही तो निःसंदेह यह विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा होगी। महाविद्यालय में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। निबंध में काजल प्रथम, पोस्टर में सोनिका प्रथम रहीं। उधर, वाईएमएस पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस पर संगोष्ठी हुई। इसमें प्राचार्य डॉ, एके सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी पहचान है। हम हिंदी के प्रति न केवल गर्व का भाव रखें। इसे बढ़ावा देना अपना कर्तव्य समझें। हिंदी स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हमारी स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय एकता की वाहक बनी। चीन जापान, रूस ऐसे देश हैं, जिनमें शिक्षा का माध्यम उनकी मातृ भाषा है। प्रबंधक रियाज सैफी ने बताया कि गैर हिंदी भाषी लोगों के बीच भी हिंदी की उपयोगिता बढ़ रही है। इस दौरान डॉ. मनु सिंह, शमा अख्तर, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


गोष्ठी में विचार व्यक्त करते शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह।

### हिंदी हमारी संस्कृति और संस्कार का प्रतीक

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुलामपुर के प्राथमिक विद्यालय में हिंदी दिवस पर हुई विचार गोष्ठी में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि देश में अधिकतर क्षेत्रों में हिंदी भाषा बोली जाती है। इसलिए हिंदी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया था। हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, संस्कार एवं स्वाभिमान की प्रतीक है। हिंदी हमें बंधुत्व के भाव से जोड़ती है। हम इसके विस्तार एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी को हिंदी को बढ़ावा देना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए कि हमें जीवन में हिंदी का अधिक प्रयोग करना है। इस दौरान इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, विलेश चौहान,अजय सागर, मनीष कुमार, राशिद अली, संतराम सिंह, अमित कुमार, योगेन्द्र सिंह, चंद्रमुखी, रेनू कंसल आदि मौजूद रहे।

### हिंदी भाषण प्रतियोगता में बिलाल प्रथम

**हसनपुर, अमृत विचार :** सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर छात्र-छात्रओं ने कविताएं व भाषण प्रस्तुत किए। हिंदी भाषण प्रतियोगता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद बिलाल प्रथम रहे। कॉलेज के डायरेक्टर दानिश खान ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस के बारे में समझाया। कहा कि हिंदी धर्मों, जातियों, संस्कृति, वेशभूषा वाले लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। विदेश में रह रहे भारतीयों को आपस में जोड़ने का काम भी करती है। प्राचार्या डॉ. मलका निजामी ने हिंदी का महत्व बताया। इस मौके पर विनेश कुमार, मुजीब बेग, फिरासत सर, अनवार अहमद, भूपेन्द्र शर्मा, सुरेखा रस्तोगी, असमा चैधरी, किरन चैहान, नसरे आलम, अनवर अली आदि रहे।


पतेई गांव में शिव मंदिर के पास से रवाना होते भक्त।

### चमर पतेई से राजस्थान रवाना हुए भक्त

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चमर पतेई से श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर छह भक्त शनिवार सुबह राजस्थान के भिवाड़ी जनपद स्थित बाबा मोहन राम के मिलकपुर धाम के लिए पैदल रवाना हुए हैं। बाबा के भक्त प्रदीप नागर ने बताया कि चार दिन में वह मिलकपुर धाम पहुंचेंगे। जहां दूज के दिन बाबा के मंदिर पर ध्वजा चढ़ाएंगे। महामृत्युंजय महादेव मंदिर के संस्थापक एवं भगवान श्री कृष्णा में श्रद्धा रखने वाले सुरेंद्र सिंह नागर व ग्रामीणों ने पूजा अर्चना के बाद उनको रवाना किया। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव के छह भक्तों ने मंदिर निर्माण के समय अपनी श्रद्धा से इस यात्रा के लिए कहा था। प्रत्येक दूज पर बाबा मोहन राम के मंदिर में तहसील क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु जाते हैं। पैदल यात्रा करने वालों में भक्त प्रदीप नागर, पुनीत नागर,सुधांशु नागर, मोनू कपासिया, विकास नागर व प्रशांत नागर शामिल हैं।

### युवक को पीटने के मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मुनीमपुर उर्फ बेसपुर निवासी रचित शहर के एक होटल में वेटर है। उसने इंस्टाग्राम पर 11 सितंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर से संबंधित रील बनाकर भीम आर्मी की दिल्ली में होने वाली रैली में चलने का आह्वान किया था। आरोप है कि इस रील का होटल में काम करने वाले कंचन शर्मा ने ड्यूटी के समय विरोध किया। उसे जाति सूचक शब्द कहे। ड्यूटी के बाद कंचन शर्मा अपने साथियों के साथ उसके कमरे पर पहुंचा और उसने उससे उठा बैठक लगवाते हुए मारपीट की। युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस मामले में सत्यवीर पाल, गौरव यादव, अमितपाल, आशुतोष, रितिक यादव, कंचन शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन करते पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगासरन खड़गवंशी।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गंगेश्वरी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगासरन खड़गवंशी व जिला पंचायत सदस्य सीमा खड़गवंशी ने शनिवार को रहरा आदमपुर मार्ग स्थित रतन फिलिंग स्टेशन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके डीजल और पेट्रोल डलवाने आए ग्राहकों को लकी ड्रा के तहत उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कनु राणा, प्रो. ओमपाल सिंह, राजेश राणा, कपिल राणा, दीपक राणा, महेश राणा, चरण सिंह, दिनेश प्रधान, आदमपुर थाना अध्यक्ष शोकेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखे बोर्ड पर पोती कालिख, रोष

संवाददाता, हसनपुर



बोर्ड पर पोती गई कालिख।

- भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखे बोर्ड पर कालिख पोतने से दलित समाज के लोगों में रोष फैल गया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी में डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगा है। शनिवार दोपहर असामाजिक तत्व ने बोर्ड पर कालिख पोत दी। इससे दलित समाज के लोग भड़क गए। घटना की सूचना के बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं की ग्रामीणों से बहस भी हो गई। बाद में वे कोतवाली पहुंचे।

भीम आर्मी के विधानसभा क्षेत्र के महासचिव राजू खेवान ने बताया कि बोर्ड पर कालिख पोतने का मामला गंभीर है। इस दौरान जोगेंद्र सिंह जुगनू, सतपाल सिंह, धारा सिंह, मोनू सागर, गौतम सिंह, दिनेश, प्रदीप, नरेंद्र सिंह, रामपाल आदि मौजूद रहे।

## 50 लाख रुपये न मिलने पर महिला को निकाला

**गजरौला, अमृत विचार:** दहेज में 50 लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

क्षेत्र के मोहरका पट्टी गांव निवासी मारूफ की बेटी उजमा परवीन का निकाह वर्ष 2016 में बछरायूं थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव निवासी सलमान के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में 50 लाख रुपये की मांग कर दी। 29 मई को ससुराल वालों ने महिला को उसके दो बच्चों के साथ पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि उसका 10 तोले सोना भी ससुराल वालों ने छीन लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस मामले में महिला के पति सलमान व अन्य ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


अमरोहा में गांधी मूर्ति चौराहा पर पुतला फूंकते भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# भाजपाइयों ने अखिलेश यादव का पुतला फूंका

कार्यालयय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंका। भाजपाइयों ने उनके बयान की निंदा की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को गांधी मूर्ति चौराहा पर एकत्र हुए।

अखिलेश यादव का पुतला फूंककर नारेबाजी की। शुभम चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव हिंदू विरोधी मानसिकता रखते हैं। उन्होंने मठाधीशों की माफिया से तुलना करके हिंदू समाज का अपमान किया है। इससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने सपा प्रमुख से माफी मांगने की मांग की और आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान सनी सक्सेना, शिवम टंडन, हर्ष चौधरी, अपूर्व पाल, रामनिवास, अक्षय सहदेव, सफल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**आस्था** मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान शनिदेव की मूर्ति की स्थापित

# मूर्ति स्थापना से पहले निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के रामपुर भूड़ मार्ग पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान वे भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा नगर के ब्लाक तिराहा, कोतवाली, आंबेडकर चौक से होते हुए मोहल्ला होली वाला स्थित बगीचे वाले मंदिर में पहुंची। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की और मंदिर में स्थापित किया। इस मौके पर राकेश अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी, विनोद भोज, सुरेश भोज, सीताराम, संजय सैनी, नरेश भोज, कम्मो देवी, कनक, खुशी, सरिता, कविता, सीमा आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में शोभायात्रा निकालते भक्त। ● अमृत विचार


गणेश की मूर्ति को विसर्जित करने ले जाते श्रद्धालु।

### गणपति विसर्जन शोभायात्रा में उड़ा गुलाल, जयकारे गूंजे

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान से गजानन की मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालु गजानन की मूर्ति को विसर्जन करने के लिए तिगरी रवाना हुए। एक दूसरे को गुलाल लगाया। नगर में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे। शनिवार को मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर पर श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति की ओर से स्थापित गजानन की मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धालु एकत्र हुए। विसर्जन से पहले हवन यज्ञ किया गया और प्रसाद बांटा। इस दौरान मंकू सक्सेना, नितिन सक्सेना, मोनू वर्मा, अंकित यादव, राजा वर्मा, शैकी, शेखर वर्मा, बंटी वर्मा, आयुष, कुलभूषण सक्सेना, डोली शर्मा, प्रिंस अग्रवाल, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस से मुठभेड़ में गोकशी करने के चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ के बाद गोकशी करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से उपकरण, 7200 रुपये नकद मिले हैं। घटना में प्रयुक्त हुई कार सीज कर दी है।

थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम को शुक्रवार रात सूचना मिली कि श्योनाली स्थित जियारत से गांव हटव्वा जाने वाले पर रास्ते पर गोकशी होने वाली है। पुलिस मौक पर पहुंची तो आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनका एक साथी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में खलीक निवासी मोहम्मला कुरेशीयान कस्बा उझारी, वजाहत उर्फ वज्जु, जाने आलम, निसार उर्फ निषाद निवासी ढक्का शामिल हैं। इनके पास से गोकशी व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक कार, सुरजा, कुल्हाडा, दो छुरे, दो तमंचे मिले। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनके खिलाफ गोकशी, गैंगस्टर, चोरी के 29 मामले दर्ज हैं।

## एक नजर

### निधि गुप्ता बनीं अमरोहा की नई जिलाधिकारी



**अमरोहा, अमृत विचार :** बरेली में नगर आयुक्त रहीं 2015 बैच की आईएएस अधिकारी निधि गुप्ता अमरोहा की नई जिलाधिकारी बनाई गई हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को पंचायत राज विशेष सचिव बनाकर तबादला किया गया है। शुक्रवार देर रात शासन ने कई जिलों के जिलाधिकारी बदल दिए। इसमें अमरोहा के डीएम राजेश कुमार त्यागी का भी तबादला हुआ है। अब उनकी जगह पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता को अमरोहा की जिम्मेदारी मिली। जिलाधिकारी के तौर पर उनकी पहली तैनाती है।

### चौपाल पर किसानों की समस्याओं का निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू संयुक्त मोर्चा की ओर से गांव कूबी में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुना जाएगा। हर गांव में एक किसान कार्यकारिणी बनाई जाएगी। यह किसानों का शोषण रोकने का काम करेगी। कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को निशुल्क बिजली देने की बात कह कर मुकर गई है।

# किसानों की जमीन पर सरकार की नजर : टिकैत

## मोहरका पट्टी में हुई भाकियू टिकैत गुट की पंचायत को राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया संबोधित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों की जमीन पर सरकार की नजर है। सरकार हिंदू और मुसलमानों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। अब किसानों को संगठित होकर जागरूक होने की जरूरत है।

वह क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी में हुई भाकियू टिकैत गुट की पंचायत को संबोधित कर रहे थे। पंचायत में पहुंचने से पहले गांव के बाहर भाकियू के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। वह ट्रैक्टर चलाकर पंचायत में पहुंचे। यहां राकेश टिकैत ने कहा कि एक तरफ तो सरकार किसानों को निशुल्क बिजली देने की बात कह रही है। दूसरी तरफ बिजली के मीटर भी लगाए जा रहे हैं। सरकार की यह कैसी निशुल्क बिजली योजना है। इसके बारे में पता नहीं चल रहा है। किसानों की फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। एक वर्ष में दूध के दाम भी काम हुए हैं। कहा कि तानाशाही सरकार का मुकाबला ताकत से होगा और ताकत संगठित होने से आएगी। सरकार फिर से हिंदू-मुस्लिम को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। लोग लड़ाई, झगड़े छोड़कर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में जुट जाएं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह ने भी किसानों से संगठित होने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह, प्रदेश के उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष जयकीरत सिंह, युवा मंडलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, अमरोहा के युवा जिलाध्यक्ष मोहन बेनिवाल, रशीद और किसान मौजूद रहे।



भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का स्वागत करते किसान। ● अमृत विचार



पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### दूसरों पर ज्यादा चल रहे हैं बुलडोजर

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फंदेडी सादात स्थित अब्बास इंटर कॉलेज के परिसर में हुई भाकियू की पंचायत में पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां राकेश टिकैत ने कहा कि सत्तासीन पर बुलडोजर कम चल रहे, दूसरों पर ज्यादा चल रहे हैं। इंसाफ बिल्कुल ठीक हो तो कोई दिक्कत नहीं। उन्होंने ने किसानों को संगठित होने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन अगर बात नहीं सुन रहा है तो किसान धरना प्रदर्शन करें। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, प्रधान कक्कू, दिलशाद, कपिल कुमार गुरमीत सिंह, मिंटू चौधरी ,अमरजीत देवल सरदार कीरत सिंह, मस्तराम सिंह और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तिगरी में सड़क किनारे अंतिम संस्कार करते लोग। ● अमृत विचार

# तिगरी में गंगा उफनाने से अंतिम संस्कार करने में हो रही परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** तिगरी में गंगा नदी उफनाने से लोगों को किनारों पर अंतिम संस्कार करने में परेशानी हो रही है। शनिवार को बिजनौर बैराज से 154 क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद गंगा का जलस्तर 20 सेंटीमीटर बढ़ गया। गंगा में पानी की धार तेज हो गई है। खादर क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत है।

बिजनौर बैराज से पानी छोड़ने के बाद शनिवार को तिगरी गंगा का जलस्तर 200.30 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। शुक्रवार को जलस्तर 200.10 सेंटीमीटर था। खादर क्षेत्र के गांव शीशोवाली, जाटो वाली, दारानगर समेत 12 से अधिक गांवों के खेतों में पानी भर गया है। तिगरी में गंगा घाटों के किनारे रखीं झोपड़ियों में भी पानी भरा है। कुछ पुरोहितों ने झोपड़ी पीछे हटा ली हैं। रामगंगा पोषक नहर में भी पानी बढ़कर चल रहा है। नहर में पानी ज्यादा होने के साथ ही बहाव भी तेज हुआ है। ओसीता जगदेपुर के खेतों में कई फिट पानी भर गया है। तिगरी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से लोगों को अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग सड़क किनारे ही अंतिम संस्कार कर रहे हैं।

# उत्तम तप धर्म का अर्थ समझाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन आरती के बाद पंडित कमल जैन ने कहा कि उत्तम तप धर्म का अर्थ समझाया। कहा कि वह तप जब आत्मा के श्रद्धान (सम्यग्दर्शन) सहित, पूर्वक होता है, तब उत्तम तप धर्म कहलाता है। प्रत्येक दशा में तप को महत्त्वपूर्ण माना है। जिस प्रकार, स्वर्ण (सोना) अग्नि में तपाए जाने पर अपने शुद्ध स्वरूप में प्रगट होता है, उसी प्रकार, आत्मा स्वयं को तप-रूपी अग्नि में तपाकर अपने शुद्ध स्वरूप में प्रगट होती है।

दशलक्षण महापर्व में शनिवार सुबह श्री जैन मंदिर कोट में अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन की गई। जयपुर से आए पंडित कमल जैन ने कहा कि जिस प्रकार से राग-द्वेष-मोह रूप मैल भिन्न हो जाए, शुद्ध ज्ञान-दर्शनमय आत्मा भिन्न हो जाए, वह तप है। कर्मों का संवर, निर्जरा करने का प्रधान कारण तप है। तप ही आत्मा को कर्म मल रहित करता है। तप किए बिना संसार से छुटकारा नहीं होता है। इस दौरान जैन समाज समिति अमरोहा के अध्यक्ष योगेश कुमार जैन, महामंत्री शरद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन,अतुल कुमार जैन, संयम जैन, अरुण जैन, शुभम जैन टीपू, वैभव, जैन, नमन, जैन, टिल्लू जैन, पंकज जैन, अरिहंत जैन, राहुल जैन, सिद्ध जैन, अंकित जैन, अखिलेश जैन, मनोज जैन, सरिता जैन, सोनम जैन, मंजू जैन, अंजलि जैन, सीमा जैन, अर्चना जैन आदि रहीं।



मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं जैन समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

# रुपये मांगने पर हलवाई को पीटा, दुकान में तोड़फोड़

- गंगवार की घटना, आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** हलवाई को अपनी जिम्मेदारी पर दुकानदार से उधर सामान दिलवाना महंगा पड़ गया। जब हलवाई सामान के रुपये मांगे तो कुछ लोगों ने हलवाई को पीटा और दुकान में तोड़फोड़ की। इस मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी हलवाई मुबारक की दुकान है। आरोप है कि उसने अपनी गारंटी पर गांव के ही परचून दुकानदार से शानेवाज व शादाब को सामान दिलवाया था। दोनों ने गांव बुरावली में ईदगाह के सामने चिकन बार व हलवाई की दुकान खोली थी। काफी समय बाद परचून दुकानदार के रुपये इन लोगों ने वापस नहीं किए। मुबारक ने सामान के रुपये वापस देने को कहा तो दोनों गाली गलौज करने लगे। थोड़ी देर में मुबारक की दुकान पर शानेवाज व शादाब अपने साथियों नईम, अजीम व नदीम के साथ लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। यहां इन लोगों ने पीटकर मुबारक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुकान में भी तोड़फोड़ की। बीच बचाव में आई दुकानदार की पत्नी फात्मा व मां के साथ भी मारपीट की। गल्ले में रखे 20 हजार रुपये भी निकाल लिए। बाद में पांचों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दुष्कर्म के मामले में दोषी को हुई सजा

- किशोर न्याय बोर्ड ने सुनाया फैसला, 1000 जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अदालत ने बालिका से दुष्कर्म के मामले में दोषी को दो साल, एक माह 28 दिन जेल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां रहने वाले एक मजदूर की पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। सात जुलाई 2022 की रात मजदूर काम के सिलसिले में घर से बाहर गया था। घर में 10 वर्षीय बेटी और बेटा थे। क्षेत्र के रहने वाले किशोर ने घर में घुसकर मजदूर की बेटी से दुष्कर्म किया था। परिजनों को कुछ बताने पर पिता व भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद कई दिन तक डरी सहमी रही पीड़िता की तबीयत बिगड़ गई थी। पूछताछ करने पर उसने अपनी मौसी को घटना के बारे में बताया था। मामले में मजदूर ने किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया था। वह जमानत पर था। मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में हुई।

शुक्रवार को किशोर न्याय बोर्ड के पीठासीन अधिकारी ऐश्वर्या चंद्रा ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर किशोर को दोषी ठहराया। उसे दो साल एक महीना 28 दिन जेल की सजा सुनाई।



## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांक: समग्र शिक्षा/क.गॉ.आ.वा.वि./5470/2024-25 दिनांक: 13 सितम्बर 2024

**विज्ञप्ति/सूचना**

प्रमुख सचिव उ.प्र. शासन के पत्रांक- बे.शि.अनु.-5/2805/68-5-2023-05/2020/लखनऊ दिनांक 01 फरवरी 2023, राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान उ.प्र. सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद, विद्या भवन, निशातगंज लखनऊ शासनादेश संख्या 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक के.जी.बी.वी./11308/2022-23 दिनांक 14 फरवरी, 2023 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, बदायूं के अनुमोदन दिनांक 10 सितम्बर 2024 के अनुपालन में जनपद बदायूं में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन करने हेतु पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक, शिक्षिका, सहायक रसोईया, अनुचर, चौकीदार के रिक्त पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से 1 वर्ष / शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 के लिए संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित कर्मियों की आवश्यकता है:-

| | | | | आरक्षण/संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | रिक्त पद | अनराक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु-सूचित जाति | अनु-सूचित जन-जाति | ई. डब्लू. ए. सं. | मानदेय प्रतिमाह (रूपये) में |
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षिका- विज्ञान | जेड.बी.सी. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षिका- गणित | पी.सी.एम. वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षिका- सामा.वि. | भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र विषय में से किसी 1 विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 4. | अंशकालिक शिक्षिका - कम्प्यूटर | प्रशिक्षित स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए. / बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित डी.ओ. ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से से ओ-लेवल / ए लेवल डिप्लोमा आदि | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10780 |
| 5. | अंशकालिक शिक्षा- शारीरिक | बी.पी.एड., सी.पी.एड. एवं डी.पी.एड. आदि | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24200 |
| 6. | अनुचर | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6325 |
| 7. | चौकीदार | कक्षा 08 उत्तीर्ण | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6325 |
| | | कुल योग | 8 | 2 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 |

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28 सितम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं में स्वीकार्य किये जाएंगे। उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। उक्त पदों पर चयन हेतु अहर्ता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को जनपद बदायूं की वेबसाइट www.budaun.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशांत कुमार**
**जिला समन्वयक बालिका शिक्षा**
**समग्र शिक्षा, बदायूं**

**वीरेन्द्र कुमार सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बदायूं**


## सार संक्षेप

### लोगों ने विद्युत निगम के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार को ब्रजनगर कालोनी के लोगों ने हनुमान गढ़ी उप-केन्द्र पर विद्युत विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि कालोनी की एक गली में विभाग ने अभी तक विद्युत पोल नहीं लगाए गए है। जिससे मकानों की दीवार के सहारे घरों में कनेक्शन दिए गए है। गली में करीब 50 घर है। पूरी गली में तार झूल रहे हैं। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। विभाग से कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अगर विद्युत पोल नहीं लगाए गए तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। हनुमानगढ़ी उप-केन्द्र के जेई वरुण कुमार ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में अनुज वार्ष्णेय अन्नू, कुश कुमार रावत, अंकुर ठाकुर, अनिकेत, गिरीश कुमार, अमर, नदीम आदि रहे।

### विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक से जुड़े पदाधिकारियों ने देहात क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। देहात फीडर पर उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से दिए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी विद्युत केंद्र पर पहुंच गए। जहां पर उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर कहा कि विद्युत उपकेंद्र शहरी है। जिसके कारण देहात के विद्युत उपभोक्ता अपेक्षा का शिकार हैं। विद्युत केंद्र के कर्मचारी शहर की विद्युत वितरण तो नियमित सुचारू रखते हैं। लेकिन देहात जैसे गांव पाठकपुर, बहजोई देहात, ढकारी, फतेहपुर, बिचौला, भोजपुर आदि गांव की विद्युत आपूर्ति नहीं दी जाती है। अधिकारी कर्मचारियों का कोई भी ध्यान नहीं देते हैं। इस दौरान दिनेश यादव, शंकर सिंह आर्य, विजय सिंह, शिशुपाल सिंह, केपी राणा, रमाशंकर शर्मा हनुमान, इंद्रपाल सिंह, सत्यवान सिंह यादव, अनुज वार्ष्णेय सहित आदि मौजूद रहे।

### सामान मंगाने के नाम पर ठगे एक लाख

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बरेली सराय निवासी दुकानदार से कॉस्मेटिक सामान भेजने के नाम पर एक लाख से ज्यादा की रकम ठग ली। दुकानदार प्रेमपाल की पुत्री सीता ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि दुकान खोलने के लिए एक माह पहले कॉस्मेटिक का सामान मंगाने के लिए सोशल मीडिया पर नंबर देखकर फोन किया था। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कॉस्मेटिक का सामान भेजने के नाम पर एक माह में कई बार में एक लाख तीन हजार रुपये अपने बैंक अकाउंट में डलवा लिए, लेकिन व्यक्ति ने कॉस्मेटिक का सामान हीं भेजा। अब फिर पांच हजार रुपये ओर बैंक अकाउंट में डालने के कहा। सीता ने पुलिस से रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

### तालाब की जमीन पर पट्टे काटने का विरोध

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव धुरैटा में चांदी चेला नाम से तालाब स्थित है। तालाब की जमीन पर पट्टे काटने के विरोध में ग्रामीण ऋषि पाल, सुरेश, सुलेन्द्र सिंह, आकाश, अमन, सर्वेश, राजपाल सैनी, राकेश सैनी, दिनेश, रामवीर, राजाराम आदि ने डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र सौंपा था। कहा कि डीएम से शिकायत करने के पांच दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि तालाब से एक समुदाय के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। तालाब के पानी से फसलों की सिंचाई, शादी विवाह में चूल्हे चक्की बनाने की रस्म चांदी चेला तालाब की मिट्टी से निभाई जाती है। इसी के साथ रक्षाबंधन और शादी के मौके पर महिलाएं चांदी चेला तालाब की पूजा करती हैं।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण का डीएम ने किया निरीक्षण

**संभल,अमृत विचार :** संभल के सेंट जिलानी पब्लिक स्कूल संभल में ब्लॉक संसाधन केंद्र संभल द्वारा आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के चार दिवसीय प्रशिक्षण का जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 31 अक्टूबर तक सभी विद्यालयों को निपुण करना है। कंट्रोल रूम से निरंतर सभी विद्यालयों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कहा कि सरकारी विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापक शिक्षा को व्यापार की दृष्टि से नहीं देखते हैं, न ही वे सरकारी धन का अपव्यय करते हैं। समय से विद्यालय का संचालन हो तभी संभल निपुण बन सकता हैं।

# करंट से चार गोवंशीय पशुओं की मौत, किसान हिरासत में

**घटना**

- हलका लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट दर्ज
- आदमपुर क्षेत्र के गांव चकफेरी का मामला, आरोपी से पूछताछ

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** खेत की चारों ओर तारबंदी पर उतर रहे करंट की चपेट में आकर चार गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। मौके पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने आरोपी किसान को हिरासत में लिया। इस मामले में हलका लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला आदमपुर क्षेत्र के गांव चकफेरी का है। यहां किसान रामसिंह ने अपनी फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत की चारों ओर कांटेदार तार बांध रखा। वह इन तारों पर बिजली का करंट छोड़ देता है। शनिवार सुबह चार छुट्टा गोवंशीय पशु तारों पर उतर रहे करंट की चपेट में आ गए। इससे पशुओं की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पर थानाध्यक्ष शोकेंद्र सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी नीरज कुमार, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चारों को गोवंशीय पशुओं का पशु चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया। बाद में उन्हें नदी किनारे दबा दिया गया। थानाध्यक्ष शोकेंद्र सिंह ने बताया कि हलका लेखपाल सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर रामसिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की गई है।

## भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष तीन माह के लिए जिला बदर

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार को तीन माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार शाम रामपुर बॉर्डर पर ढोल बजाकर घोषणा की। इसके बाद आरोपी को छोड़ दिया गया।

शुक्रवार की शाम को रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी द्वारा भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार उर्फ कांता प्रसाद गंगवार को पुलिस वाहन में बैठाकर रामपुर बार्डर स्थित पेट्रोल पंप लाया गया। जहां चौकी प्रभारी द्वारा माइक के माध्यम से 1970 की धारा 30 के तहत असामाजिक कृत्यों में शामिल होने का हवाला देते हुए डीएम के आदेश पर तीन माह के लिए जिला बदर किए जाने की घोषणा की।

## थानों पर तैनात होंगे जनसुनवाई अधिकारी

**संभल, अमृत विचार:** नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने शनिवार को रजपुरा थाना के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय व साइबर थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा कि जनपद के सभी थानों पर जन सुनवाई अधिकारी जनता की समस्या सुनकर उसका समाधान कराने का काम करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों पर ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे किसी व्यक्ति को अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के कार्यालयों पर न भटकना पड़े। थानों पर जनसुनवाई अधिकारियों के काम की समीक्षा कर देखा जायेगा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में कितनी गंभीरता बरती जा रही है। उनके कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने वालों को शिकायत की रसीद मिलेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर को पहले रजपुरा थाने का निरीक्षण कर निर्देश दिए हैं।

# पुलिसकर्मी और होमगार्ड पर किया हमला, वर्दी भी फाड़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां चौराहे पर पुलिस कर्मी और होमगार्ड के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। होमगार्ड ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने होमगार्ड की तहरीर पर जानलेवा हमला और वर्दी फाड़ने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा गवां चौराहे पर गांव मौलनपुर निवासी मुख्तियार शुक्रवार को लोगों के साथ गाली गलौज व अभद्रता कर रहा था। पीआरवी 112 बाइक से सिपाही विशाल और होमगार्ड चंद्रभान पहुंच गए। उन्होंने आरोपी को समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि मुख्तियार ने सिपाही और होमगार्ड के साथ मारपीट व धक्कामुक्की कर दी। होमगार्ड की वर्दी फाड़ दी और जानलेवा हमला किया। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। होमगार्ड ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि गांव मौलनपुर निवासी मुख्तियार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बालिका की मौत मामले में झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव फरीदपुर निवासी यामीन की पुत्री नुरेसमा को शुक्रवार की शाम को बुखार आया था। बुखार की दवा लेने यामीन अपनी पुत्री को लेकर गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर लोकेंद्र कुमार के यहां पहुंच गया। इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की मौत हो गई थी। शनिवार को यामीन की तहरीर पर पुलिस ने झोलाछाप लोकेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# शासन ने किए 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## निधि गुप्ता पहली बार बनीं अमरोहा की जिलाधिकारी, नवीन बने सिंचाई सचिव, 13 डीएम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** शासन ने 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। राजस्व विभाग से सचिव समेत राहत व चंकबदी आयुक्त नवीन कुमार जीएस को सचिव सिंचाई बनाया है। इसी के साथ 13 जिलाधिकारी, तीन नगर आयुक्त व तीन सीडीओ बदल दिए गए हैं। बरेली की नगर आयुक्त निधि गुप्ता पहली बार बनीं अमरोहा में जिलाधिकारी बनी हैं। जबकि सीडीओ बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली बनाया गया है।

शासन से शुक्रवार देर रात हुए आदेश के अनुसार कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार व प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र को निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आगरा के जिलाधिकारी रहे भानु चंद्र गोस्वामी को प्रभारी राहत आयुक्त, प्रभारी चकबंदी आयुक्त व विशेष सचिव राजस्व की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सचिव राजस्व, राहत आयुक्त व चकबंदी आयुक्त रहे नवीन कुमार जीएस को सिंचाई विभाग में सचिव बनाया गया है।




### सूर्यपाल गंगवार ही लखनऊ के जिलाधिकारी

लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और बुलंदशहर के जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के तबादले की खबर निराधार निकली। शासन ने कहा कि इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। दोनों अपने पद पर बने हुए हैं।

तबादला आदेश में 13 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। मैनपुरी के जिलाधिकारी पद से अविनाश कृष्ण सिंह को हटाकर प्राविधिक शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक बनाया गया है, जबकि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। आजमगढ़ के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को इसी पद पर कुशीनगर भेजा गया है, यहां तैनात उमेश मिश्रा को जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर बनाया गया है। जबकि अरविंद मलप्पा बांगरी को मुजफ्फरनगर से आगरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज से हटाकर आजमगढ़, रविंद्र सिंह को शामली से फतेहपुर और रवींद्र कुमार मंदर को जौनपुर से प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया है।

विशेष सचिव नगर विकास धर्मेंद्र प्रताप सिंह को जिलाधिकारी शाहजहांपुर, विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास डॉ दिनेश चंद्र को जिलाधिकारी जौनपुर, फतेहपुर की जिलाधिकारी इंदुमति को विशेष सचिव चीनी उद्योग व गन्ना विकास, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान को जिलाधिकारी शामली, फिरोजाबाद के नगर आयुक्त घनश्याम मीना को जिलाधिकारी हमीरपुर और यहां जिलाधिकारी रहे राहुल पांडेय को इसी पद पर हाथरस की जिम्मेदारी दी गई है। नगर आयुक्त बरेली निधि गुप्ता वत्स पहली बार अमरोहा की जिलाधिकारी बनाई गई हैं। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म, अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को विशेष सचिव पंचायती राज, हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, मेरठ के नगर आयुक्त अमित पाल को उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण, विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिज कर्म डॉ मन्नान अख्तर को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं प्रबंध निदेशक व सीईओ प्रोमोट फार्मा, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या को नगर आयुक्त बरेली, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार को नगर आयुक्त मेरठ, संयुक्त मजिस्ट्रेट आगरा कृष्ण कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रयागराज जागृति अवस्थी को मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र बनाया गया है।

# सपा विधायक और पत्नी पर एफआईआर

**लखनऊ, अमृत विचारः** भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, बालश्रम कराने के आरोप में भदोही कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। एफआईआर की तहरीर श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह ने दी थी। एफआईआर की संस्तुति बाल कल्याण समिति की ओर से की गई थी। भदोही नगर के मालिकाना निवासी सपा विधायक जाहिद बेग के आवास के एक कमरे में विगत नौ सितंबर की रात नाबालिग किशोरी का फंदे से लटकता शव बरामद हुआ था। मृतक किशोरी जाहिद बेग के घर पर नौकरानी थी। श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति और जिला प्रोबेशन की टीम ने प्रकरण की जांच की थी। यहां पर एक और नाबालिग नौकरानी काम कर रही थी, जिसे जांच के दौरान ही मुक्त कराया गया और प्रयागराज स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा गया था।

# 13 पीसीएस अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **शशिभूषण मुरादाबाद मंडल के अपर आयुक्त बने**
- **देवेंद्र पाल सिंह को नगर मिजिस्ट्रेट बदायूं की जिम्मेदारी**

**अमृत विचारः** शासन ने शनिवार को 13 पीसीएस अधिकारियों को स्थानांतरण कर दिया। संजीव ओझा को सीआरओ बस्ती से अपर मेलाधिकारी प्रयागराज मेला प्राधिकरण पद पर तैनाती दी गई है।

महेंद्र कुमार श्रीवास्तव एसडीए कौशांबी से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लि. मुंडेरवा बस्ती, अरुण कुमार नगर मजिस्ट्रेट बदायूं से एडीएम प्रशासन बदायूं, देवेंद्र पाल सिंह एसडीएम बुलंदशहर से नगर मजिस्ट्रेट बदायूं, शशिभूषण एडीएम न्यायिक मुरादाबाद से अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, रमेश यादव एडीएम न्यायिक सहारनपुर से अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल, प्रियंका एडीएम न्यायिक बुलंशहर से अपर आयुक्त झांसी मंडल, अंजू कटियार संबद्ध राजस्व परिषद लखनऊ से ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ होंगे।

शमशाद हुसैन अपर आयुक्त मेरठ मंडल से अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार गुप्ता सीआरओ प्रतापगढ़ से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, सुभाष चंद्र यादव एडीएम अगला न्यायिक सोनभद्र से अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, अजय लेख कुमार तिवारी ओएसडी राजस्व परिषद लखनऊ से सीआरओ प्रतापगढ़ तथा भगवान शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल ऐप पर अपर आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल के पद पर भेजे गए हैं।

# रामकथा संग्रहालय में स्थापित होंगी 5 गैलरियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पांच डिजिटल गैलरियां स्थापित की जाएंगी, जिसमें 3डी और 7डी जैसे आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। इन गैलरियों में अयोध्या के महत्व, राम कथा के साथ-साथ हनुमान जी की गाथाओं पर भी आधारित एक गैलरी को तैयार किया जाएगा। रामकथा संग्रहालय में मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को संग्रहालय को तैयार किये जाने पर मंथन किया गया। बीते माह से शुरू हुए भवन के जीर्णोद्धार के लिए यूपी आरएनएन को जिम्मेदारी दी गई है।


संग्रहालय में निरीक्षण करते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और अन्य अधिकारी।

निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय में अभी प्रारंभिक निर्माण कार्य चल रहा है। तब तक के लिए वीडियो-ऑडियो द्वारा कथाओं को दिखाने के लिए पांच गैलरियां स्थापित होंगी। हालांकि चार गैलरी टूरिज्म विभाग के द्वारा पहले से ही बनाई गई हैं। जो पांचवीं गैलरी होगी उसमें हनुमान जी पर एक 20 मिनट का एपिशोड दिखाया जाएगा। जिसे 3डी से लेकर 7डी तक देखा जा सकेगा। पूरे स्क्रिप्ट को तैयार करने के लिए आईआईटी चेन्नई, भारत का वैज्ञानिक मंत्रालय और भासाइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से तैयार किया गया है।

# लखनऊ से कुआलालंपुर के लिए उड़ान शुरू

**लखनऊ, अमृत विचारः** एयर एशिया मलेशिया ने आयोजित एक समारोह में लखनऊ व मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के बीच पहली उड़ान का उद्घाटन किया। एयर एशिया एविएशन समूह की सहयोगी कंपनी एयर एशिया मलेशिया द्वारा संचालित उड़ान ने 165 यात्रियों के साथ उड़ान भरी। एयर एशिया मलेशिया लखनऊ से परिचालन शुरू करने वाली एयर एशिया एविएशन ग्रुप की दूसरी एयरलाइन बन गई है। लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों की मांग थी कि लखनऊ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ा जाए।

# रोजा समेत 13 इकाइयां ठप, संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** रोजा समेत 13 इकाइयां के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घट गया है। इस दौरान मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर बिजली आयात करनी पड़ रही है।



- **लगभग चार हजार मेगावाट उत्पादन घटा, मांग को पूरा करने के लिए हो रहा भारी आयात**

### सुधार को अक्टूबर-नवंबर में चलेगा विशेष अभियान

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए अगले माह अक्टूबर-नवंबर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में वितरण निगमों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी की ओर से जारी निर्देश में 14 अक्टूबर से 15 नवंबर तक अनुरक्षण माह मनाने के फैसले की जानकारी दी गई है। अभियान के तहत बिजली लाइनों को छूने वाली पेड़ की टहनियों की छंटाई किए जाने व हर दो-तीन महीने में इसे जारी रखने को कहा गया है। ट्रांसफार्मर के बार-बार फुंकने व खराब होने पर अंकुश लगाने के लिए समुचित कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा फीडर स्तर पर वोल्टेज व ट्रिपिंग की निरंतर समीक्षा करने आदि के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रोजा की 300 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बीते दिन ठप हो गई, जबकि पिछले करीब एक सप्ताह के भीतर एक-एक कर कई इकाइयों में उत्पादन ठप हो गया है। इन इकाइयों में टांडा की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां, टांडा की ही 660 मेगावाट की एक इकाई, हरदुआगंज की 660 मेगावाट व 105 मेगावाट इकाइयों के अलावा यहां की 250 मेगावाट क्षमता की दो अन्य इकाइयां बंद चल रही हैं। इसी तरह, जवाहरपुर की 660 मेगावाट और पारीछा की 250 मेगावाट की दो इकाइयों में उत्पादन बंद है। तकनीकी खराबी के कारण इन इकाइयों के बंद होने से कुल 3661 मेगावाट उत्पादन घट गया है। रिहंद व ऊंचाहर की क्रमशः 500 व 210 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां पहले से रखरखाव कार्य के लिए बंद रखी गई हैं। इससे कुल 3923 मेगावाट उत्पादन कम हो गया है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम में बिजली उत्पादन करीब चार हजार मेगावाट हो रहा है, जबकि प्रदेश में बिजली की मांग लगभग 22 हजार मेगावाट से ऊपर चल रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से भारी मात्रा में बिजली आयात की जा रही है।

# आगरा में युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर की आत्महत्या

आगरा, एजेंसीः

आगरा में एक युवक के इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि अपने आखिरी वीडियो में युवक ने अपनी मौत के लिए पत्नी और सास को जिम्मेदार ठहराया है। युवक ने वीडियो में कहा कि उसकी पत्नी और सास ने उसका जीवन तबाह कर दिया है। उसने वीडियो में कहा कि इन दोनों को मत छोड़ना। इसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मृतक युवक की पहचान दुष्यंत गौतम (32) के रूप में की गयी है। दुष्यंत ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी लेकिन ऐसा करने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाया। वीडियो में उसने बताया कि सास ने उसकी पत्नी और बच्चों को दूर कर दिया है, जिससे वह बहुत आहत है। वीडियो में दुष्यंत ने कहा कि मैं बुजदिल नहीं हूं, मेरी मौत के बाद पत्नी और सास को छोड़ना नहीं।

# परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर 16 जिला कमांडेंट हुए स्थाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स सेवा समूह ख के जिला कमांडेंट संवर्ग के उन अधिकारियों को स्थाई करने की संस्तुति प्रदान की है, जिन्होंने निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली है। ऐसे अधिकारियों की संख्या कुल 16 है। जिन जिला कमांडेंट संवर्ग के अधिकारियों को स्थाई किया गया है उनमें धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सतीश कुमार सिंह, वेदपाल सिंह चपराना, धीरेंद्र कुमार पांडेय, अंकिता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ चौधरी, राहुल कुमार, श्यामजीत शाही, नीरज कुमार शर्मा, हरिशंकर चौधरी, शैलजा एन, सिंह, ज्ञान प्रकाश, राजमणि सिंह, दिनेश कुमार पांडेय, अंतिम कुमार सिंह, विंध्याचल पाठक शामिल है।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलिया, एजेंसी

जिले में एक युवक ने सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती कर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीया लड़की से ऋषिकेश वर्मा नामक एक युवक ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। इसके बाद ऋषिकेश ने 26 जुलाई को किशोरी का अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर ऋषिकेश वर्मा के विरुद्ध पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने नाबालिग को मुक्त कराने के साथ ही आरोपी ऋषिकेश को शनिवार को गिरफ्तार कर बलिया की अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मंगेश यादव के परिवार ने पुलिस के डर से बदला बयान: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सुल्तानपुर मुठभेड़ प्रकरण में मारे गए आरोपी मंगेश यादव के परिवार ने पुलिस के डर से बयान बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि मंगेश को घर से उठाकर मारा गया। सपा प्रमुख ने बसपा प्रमुख मायावती के गठबंधन टूटने को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि बसपा ने गठबंधन तोड़कर धोखा दिया था।


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते अखिलेश यादव।

- **कहा, गठबंधन तोड़कर बसपा ने दिया था धोखा**
- **सच्चाई जानने को मंगेश के परिवार से मिलने गए थे**

सपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश सपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रकरण की जानकारी मिलने पर वह सच्चाई जानने के लिए मंगेश के परिजनों से मिलने गए थे। इस दौरान परिजनों ने सही जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस साजिश करने व फर्जी मुठभेड़ का कार्य कर रही है। मठाधीश व माफिया एक होने के स्वयं के बयान व इस पर विरोध पर उन्होंने कहा कि पूर्व में एक नेता ने 'इनको मारो...चार' का नारा दिया था, तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी।

पूर्व में हुए सपा-बसपा का गठबंधन के टूटने पर बसपा प्रमुख के बयान पर सपा प्रमुख ने कहा कि यह गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था, लेकिन हमें धोखा मिला। यह बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि जिस वक्त उन्हें गठबंधन टूटने की जानकारी मिली थी, उस समय बसपा के एक नेता उनके साथ मंच पर बैठे थे। गठबंधन टूटने के सवाल पर बसपा नेता का कहना था कि हमें व उन्हें दोनों को धोखा मिला। दूसरी ओर, सपा मुख्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने साहित्यकारों, कवियों व पत्रकारों को सम्मानित किया।

## वर्ग पहेली-192

**बाएं से दाएं**

1. (पुराण) परशुराम के अवतार में विष्णु का एक शत्रु।
2. 1. किसी वस्तु या पदार्थ की गंध जानने के उद्देश्य से उसे नाक के पास ले जाकर सांस खींचना 2. किसी खाद्य पदार्थ को बहुत कम खाना।
4. 1. व्याखान, भाषण 2. इमाम भाषण 3. धर्मोपदेश 4. तारीफ़, प्रशंसा 5. नए राजा (ख़ासकर मुसलमान राज्यों के) की गद्दी पर बैठने की घोषणा।
5. औटाने के लिए आंच पर चढ़ाए गए दूध या रस इत्यादि तरल पदार्थ को चलाने-हिलाने की कलछी, चमचा।
6. 1. उत्पन्न करना, रचना या बनाना 2. ऊपर से नीचे की ओर लाना, उतारना 3. पशुओं के गर्भ से बच्चा निकालना या उत्पन्न करना, जनना 4. जन्म देना।

**ऊपर से नीचे**

1. (काव्यशास्त्र) वह नायिका जिसका यौवनकाल आरंभ हो रहा हो, किशोरी।
3. 1. ज़मीन से रगड़ते हुए खींचना 2. किसी को उसकी इच्छा के विरुद्ध या किसी साज़िश से किसी मसले में उलझा देना, फंसाना।
5. अधिक।



### वर्ग पहेली -191 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 जा | ■ | 2 हि | ■ | 3 अ |
| ■ | ल | ■ | सा | ■ | प |
| 4 मु | सा | ह | ब | ■ | रि |
| ■ | ज़ी | ■ | कि | ■ | चि |
| ■ | ■ | 5 ह | ता | ह | त |
| ■ | 6 श | रा | ब | ■ | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | 7 गो | ई |

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 8 | | | 1 | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 3 | | 5 | 1 | | 4 | 9 | | 8 |
| | 9 | | | | 5 | | | 1 |
| | 6 | | 4 | | 1 | | 8 | |
| 1 | | | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | 2 | 5 | | 3 | 8 | | 4 |
| | | | | 1 | | | | 7 |
| | | 8 | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 18.12 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 18.49 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज संपत्ति के लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। नए प्रोजेक्ट्स में काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आप खाने को लेकर काफी शौकीन रहेंगे।

**वृष** – आज कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होगा। कानूनी विवादों में सफलता मिल सकती है। व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने परिवार में न होने दें। परिवार के किसी व्यक्ति के साथ आपका विवाद हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

**कर्क** – आज संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा।

**सिंह** – आज गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको मेहनत का शानदार परिणाम मिल सकता है।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आप विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने का प्रयास करेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं।

**तुला** – आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। आपके खर्चों में कमी आएगी। संतान की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक** – आज बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णयों से आपको काफी लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। भोग-विलास के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**धनु** – आज पुरानी गलतियों को दूर करने का अवसर मिलेगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स गुम हो सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मकर** – आज आप अपने निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

**कुंभ** – आज अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित होने की संभावना है। जीवनसाथी को आपने ऊपर भरोसा कम रहेगा। घर में थोड़ी परेशानी का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

**मीन** – आज अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। कुछ सामाजिक कार्य करने की मन में इच्छा जागृत होगी। प्रेम संबंधों के लिए दिन काफी अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- भीष्मा – सुबह : 10.32
- खून भरी मांग – रात : 07.10

Sony Pix
- मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11.42
- मैड मैक्स : फरी रोड – रात : 09.00

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी – सुबह : 11.13
- सूर्यवंशी – रात : 08.00

Zee Cinema
- द कराटे किड – सुबह : 10.19
- हम साथ साथ हैं – दोपहर : 01.25

Colors Cineplex
- ठग्स – सुबह : 10.22
- ओएमजी 2 – शाम : 05.26

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे, जहां वो जवानी में मिला करते थे, वहां खड़े-खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया, लेकिन दादी नहीं आईं।
घर जाकर दादा गुस्से से, "आईं क्यों नहीं"?
दादी शर्माते हुए-मम्मी ने आने नहीं दिया।

मोनू-बचपन से ही शौक था अच्छा इंसान बनने का।
सोनू- फिर क्या हुआ, बन गए?
मोनू-अरे कहां, बचपन खत्म, शौक खत्म।

## एक नजर

### केरल में इडली खाने की स्पर्धा में एक की गई जान

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले में पुडुशेरी के निकट अलमराम में ओणम की पूर्व संध्या पर युवाओं के समूह की ओर से शनिवार को आयोजित इडली खाने की स्पर्धा के दौरान गले में इडली फंस जाने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान टिपर ट्रक चालक बी सुरेश (के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य प्रतिभागियों के साथ इडली खाने की स्पर्धा के दौरान सुरेश ने एक साथ तीन इडली खाने की कोशिश की, लेकिन उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह गिर गया। लोग उसे पास के निजी अस्पताल ले गए। सुरेश को वालयार के अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सीआरपीएफ के हवलदार ने खुद को मारी गोली, मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपनी सर्विस रायफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह गादीरास गांव में सीआरपीएफ के 226वीं बटालियन के शिविर में हवलदार विपुल भूयान (44) ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिली है कि भूयान ने शिविर के शौचालय में एके-47 राइफल से खुद को गोली मार ली।

### बीकानेर में सड़क हादसे में शिशु सहित तीन की मौत

**जयपुर।** बीकानेर जिले में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों व एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नौरंगदेसर के पास यह हादसा एक कार और जीप की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। इसके अनुसार कार सवार लोक एक शोकसभा से लौट रहे थे। हादसे में मनोज सोनी, कल्याण सोनी और आठ महीने के बच्चे की मौत हो गई। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं हैं। ये लोग बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ से थे।

### हिमाचल में बारिश के कारण 156 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 5 (हिंदुस्तान-तिब्बत रोड) सहित कुल 156 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम से राज्य के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश जारी है और कटौला में सर्वाधिक 78 .5 (मिलीमीटर) मिमी बारिश दर्ज की गई।

# ममता का काम पर लौटने का आग्रह, डॉक्टरों ने ठुकराया

## गतिरोध के बीच धरनास्थल पहुंचीं मुख्यमंत्री, मांगों पर गौर करने तथा दोषी पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी



धरनारत डॉक्टरों को संबोधित करतीं ममता बनर्जी।

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जारी गतिरोध के बीच शनिवार को जूनियर चिकित्सकों के धरनास्थल पर पहुंचीं और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने तथा दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से बनर्जी ने कहा कि वह उनके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगी क्योंकि वह आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं रखतीं।

उन्होंने कहा कि बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है। मुख्यमंत्री के जाने के बाद चिकित्सकों ने कहा कि वह बातचीत होने तक मांगों पर समझौता को तैयार नहीं हैं। बनर्जी पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ अचानक अपराह्न एक बजे सेक्टर 5 स्थित धरनास्थल पहुंचीं। बनर्जी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आपकी दीदी के तौर पर मिलने आई हूं। मैं आपकी मांगों पर गौर करूंगी और अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई करूंगी। उन्होंने धरने पर बैठे चिकित्सकों से काम पर लौटने का आग्रह किया।

### चिकित्सक बैठक के लिए बनर्जी के आवास पहुंचे

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल में हुई घटना के बाद उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए चिकित्सकों का समूह शनिवार शाम को कालीघाट क्षेत्र में स्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर पहुंचा। 30 चिकित्सकों का दल शाम छह बजकर 45 मिनट पर वहां पहुंचा। बैठक के लिए तय समय शाम छह बजे था। सरकार ने बैठक के लिए 15 लोगों को आमंत्रित किया था। सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर स्थित धरनास्थल से रवाना होने से पहले चिकित्सकों ने कहा कि उन्होंने सरकार के समक्ष पहले जो पांच मांगें रखीं थी, उससे कम पर राजी नहीं होंगे। इससे पहले, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के ई-मेल का जवाब देते हुए आंदोलनकारी चिकित्सकों ने कहा कि वे बैठक में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखेंगे।

### डॉक्टरों में संदेह के बीज बोने गई थीं ममता : भाजपा

**नई दिल्ली।** आरजी कर मामले में विरोध कर रहे चिकित्सकों के प्रदर्शनस्थल पर ममता बनर्जी के दौरे को लेकर भाजपा ने आरोप लगाया कि उन्होंने डॉक्टरों के बीच संदेह के बीज बोने और फोटो खिंचाने के लिए यह दौरा किया। भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य भवन जाते समय रास्ते में चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन स्थल का दौरा किया, पांच मिनट भाषण दिया। उन्होंने दावा किया कि ममता ने चिकित्सकों से बातचीत नहीं की और न ही उनकी बात सुनी।

### माकपा नेता समेत दो लोग चिकित्सकों पर हमले की साजिश में गिरफ्तार

**कोलकाता।** माकपा के नेता कलातन दासगुप्ता समेत दो लोगों को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने फोन कॉल की ऑडियो क्लिप जारी थी, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। घोष ने आरोप लगाया था कि राज्य में ममता बनर्जी सरकार को बदनाम करने के लिए साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश रची जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। गिरफ्तार दूसरा आरोपी संजीव दास है। पुलिस ने बताया कि दासगुप्ता को सेक्टर 5 में स्वास्थ्य भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन स्थल से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा-आरएसएस की जागीर बन गया जम्मू-कश्मीर : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा कब बहाल होगा**

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर भाजपा और आरएसएस की नियंत्रित नौकरशाही की जागीर बन गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल होगा। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए डोडा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा किया।

रमेश ने एक्स पर कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में हैं। 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के गिरने के बाद से जम्मू-कश्मीर का प्रशासन केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब वापस मिलेगा?

### मोदी के तीसरे कार्यकाल में बढ़ा आतंकवाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र-शासित प्रदेश में आतंकवाद और मजबूत होकर लौटा है, जबकि कई साल पहले इसका सफाया कर दिया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद 98 दिन में जम्मू-कश्मीर में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं। बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति कायम हो जाएगी।

# सुन्नी में गरजे हिंदू संगठन, मस्जिद का सुरक्षा घेरा बढ़ाया, बाजार रहे बंद

शिमला, एजेंसी

- **सिरमौर के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में अवैध मस्जिदों के खिलाफ प्रदर्शन**

हिमाचल प्रदेश में मस्जिद विवाद थम नहीं रहा। शिमला के संजौली से उपजा विवाद राज्य के कई अन्य इलाकों में भी पहुंच चुका है। शनिवार को सिरमौर के पांवटा साहिब और शिमला के सुन्नी में अवैध मस्जिदों के खिलाफ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के आह्वान पर कई जगह बाजार बंद रहे। संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण हटाने और प्रवासियों की जांच की मांग को लेकर शिमला ग्रामीण विधानसभा के सुन्नी में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में बाजार दो से तीन घंटे के लिए बंद रहे। हिंदू संगठनों के लोग रैली निकालकर आगे बढ़े। प्रदर्शन में महिलाएं भी रहीं।

रैली सुन्नी चौक पहुंचने के बाद हिंदू संगठनों के नेताओं ने लोगों को संबांधित किया। संजौली में लोगों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध जताया। संजौली प्रदर्शन में शामिल रहे लोगों के खिलाफ दर्ज किए मामलों को वापस लेने की मांग उठाई। लोगों ने प्रदेश सरकार को चेताया कि यदि जल्द केस वापस नहीं लिए गए तो प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन होंगे। कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों का प्रमाणीकरण करवाया जाए। लोगों ने सुन्नी में बनी मस्जिद की जांच की मांग भी उठाई।

# सेबी प्रमुख ने नियम तोड़कर किया सत्ता का दुरुपयोग, अनुचित लाभ कमाया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- **आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ प्राप्त किए, जबकि बुच को सेबी से भी वेतन मिल रहा था : पवन खेड़ा**

कांग्रेस ने कहा है कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने नियमों का उल्लंघन कर सत्ता का दुरुपयोग किया है और निजी स्तर पर अनुचित लाभ कमाया है। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने सत्ता का दुरुपयोग कर निजी लाभ के लिए नियमो को तोडा है। उसकी परतें गत 2 सितंबर से उजागर होनी शुरू हुई है कि कैसे उन्होंने देश को धोखा दिया है।

उन्होंने कहा कि दो सितंबर को पता चला कि बुच ने आईसीआईसीआई बैंक और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से 16.8 करोड़ रुपये वेतन, ईएसओपी और ईएसओपी पर टीडीएस के रूप में प्राप्त किए, जबकि उन्हें सेबी से भी वेतन मिल रहा था। खेड़ा ने कहा कि चौंकाने वाली बात है कि सेबी इस दौरान आईसीआईसीआई और उसके सहयोगियों के खिलाफ शिकायतों को संभाल रहा था। 3 सितंबर को आईसीआईसीआई के स्पष्टीकरण के बाद, हमने एसओपी और टीडीएस के बारे में नए तथ्यों पर जवाब दिया जो अभी तक नहीं मिला है।

# हरियाणा : गहलोत, माकन व बाजवा बने वरिष्ठ पर्यवेक्षक

- **कांग्रेस अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया नियुक्त**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गहलोत, माकन और बाजवा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

# भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ दो मामले दर्ज

- **उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार का आरोप**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा विधायक मुनिरत्न के खिलाफ कथित उत्पीड़न, धमकाने और जाति आधारित दुर्व्यवहार करने के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि राजराजेश्वरीनगर से विधायक मुनिरत्न के खिलाफ शुक्रवार को व्यालिकावल पुलिस थाने में दो मामले दर्ज किए गए।

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के ठेकेदार चेलुवराजू की शिकायत पर दर्ज पहली प्राथमिकी में विधायक पर 30 लाख की रिश्वत मांगने और राशि न मिलने पर अनुबंध समाप्त करने की धमकी देने का आरोप है। चेलुवराजू ने आरोप लगाया कि मुनिरत्न ने 2021 में ठोस अपशिष्ट निपटान अनुबंध को 20 लाख की मांग की, लेकिन अपशिष्ट प्रबंधन अनुबंध के लिए 10 ऑटो ट्रिपर के लिए भुगतान के बावजूद, निकाय ने वाहनों को उपलब्ध कराने की स्वीकृति नहीं दी।

# ईडी ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने खुद को कथित तौर पर सीबीआई और दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने में तमिलनाडु से चार और लोगों को गिरफ्तार किया। धनशोधन रोधी केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के मुताबिक तमिलारसन कुप्पन (29), प्रकाश (26), अरविंदन आई (23) और अजीत (28) को तमिलनाडु के पल्लीपट्टु से हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि विशेष अदालत ने चारों को चार दिनों की हिरासत में भेज दिया। ये गिरफ्तारियां बेंगलुरु में दर्ज 2.6 करोड़ की साइबर ठगी में हुई है। ईडी ने इस मामले में पिछले महीने बेंगलुरु से चार लोगों को पकड़ा था। चारों आरोपी मुखौटा कंपनियों का गठन करने और बैंक खाते खोलने में शामिल थे।

# सुकमा में इनामी नक्सली समेत आठ गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने इनामी नक्सली समेत आठ को गिरफ्तार कर उनके पास से विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। 12 सितंबर को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ, जिला बल, बस्तर फाइटर और जिला रिजर्व गार्ड की टीम गश्त पर गई थी। टीम जब बैनपल्ली गांव पहुंची तब कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी का एक्स हैक कर राहुल गांधी पर की अभद्र टिप्पणी

नोएडा, एजेंसी

- **कांग्रेस किसान मोर्चा ने सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया विरोध आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा के एक्स अकाउंट को हैक कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया। इसके बाद कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौतम अवाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया।

अवाना ने दावा किया कि जिलाधिकारी के एक्स अकाउंट से राहुल गांधी के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से मिलकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक निदेशक (सूचना) सुनील कनौजिया ने 13 सितंबर को सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर लिया है। हैकर ने अभद्र राजनीतिक टिप्पणी की, जो आपत्तिजनक है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### 2.01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का लगा पता

**नई दिल्ली।** जीएसटी जांच शाखा डीजीजीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में 2.01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी से जुड़े 6,084 मामलों का पता लगाया है। यह राशि 2022-23 के दौरान 4,872 मामलों में पकड़ी गई 1.01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) चोरी से दोगुनी है। जांच के दौरान ऑनलाइन गेमिंग, बीएफएसआई सेवाएं और धातु कारोबार सबसे अधिक कर चोरी की आशंका वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। 2023-24 में 26,605 करोड़ के स्वेच्छिक कर का भुगतान किया गया, जो 2022-23 के 20,713 करोड़ से अधिक है। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कर चोरी के 46% मामले कर का भुगतान न करने से संबंधित हैं। वहीं, 20% मामले फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित हैं, और 19% मामले आईटीसी का गलत लाभ उठाने से संबंधित हैं।

### मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-855 बोल्ड-1170
**चन्दौसी :** शिवालिक- 980 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 880

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,900 |
| चांदी आभूषण | 88,400 |

# किसानों को उचित दाम दिलाने के लिए सरकार बढ़ा रही निर्यात : शाह

## बोले गृहमंत्री- प्याज-बासमती चावल के एमईपी को हटाए गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- **निर्यात शुल्क 40 से घटाकर 20% करने का भी लिया गया फैसला**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है, जिससे किसानों को लाभ हो सके। शाह ने कहा कि सरकार ने प्याज और बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटाने समेत तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने प्याज पर एमईपी हटाने और निर्यात शुल्क को 40 से घटाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार ने बासमती चावल पर भी एमईपी समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे चावल उत्पादक किसान इनका निर्यात करके मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात पर शुल्क को 12.5 से 32.5% बढ़ाने और इनके रिफाइंड तेलों पर शुल्क को 13.75 से 35.75% करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

### निर्यात नियम आसान होने से बढ़ेगा रोजगार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कृषि निर्यात नीतियों में हाल के बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि बासमती चावल और प्याज पर निर्यात मानदंडों को आसान बनाने और कुछ खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा होंगे। मोदी ने एक्स पर कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्याज पर निर्यात शुल्क कम करना या खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने जैसे फैसले उत्पादकों को लाभ पहुंचाने वाले हैं। इनसे जहां उनकी आय बढ़ेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# यूएस फेड रेट में कटौती का भारतीय बाजारों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
आर्थिक विशेषज्ञ

ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों का भारत सहित वैश्विक बाजारों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, अमेरिका वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फेडरल द्वारा किसी भी दर में कटौती से उभरते बाजारों पर प्रभाव पड़ सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा अपेक्षित दर में कटौती से भारत को अमेरिका के समान परिणामों का अनुभव नहीं हो सकता है। भारतीय शेयर बाजार, बांड बाजार, मुद्रा विनिमय दरें और अर्थव्यवस्था भी इसका प्रभाव महसूस करेगी। इस बात का विवरण दिया गया है कि फेड रेट में कटौती भारतीय बाजारों को कैसे प्रभावित कर सकती है।

**विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि :** फेड दर में कटौती अमेरिकी ट्रेजरी बांड जैसे निवेश पर कम रिटर्न से अमेरिकी परिसंपत्तियों को निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है। जब ऐसा होता है तो निवेशक उभरते बाजारों में उपज तलाशते हैं। भारत मजबूत शेयर बाजार के साथ, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए आकर्षक बन है।

**इक्विटी पर प्रभाव :** भारतीय शेयरों में एफआईआई निवेश में बढ़ोतरी से इक्विटी में तेजी आ सकती है। आईटी, बैंकिंग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में पूंजी प्रवाह हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतें ऊंची हो सकती हैं। विदेशी निवेश से भारतीय बाजारों में अस्थिरता हो सकती है। जबकि अल्पकालिक लाभ की उम्मीद है, फेड नीति या वैश्विक जोखिम भावना में बहिर्वाह शुरू हो सकता है, जिससे स्टॉक की कीमतों में तेज सुधार हो सकता है।

**भारतीय रुपये की सराहना :** फेड रेट में कटौती का प्रभाव भारतीय मुद्रा पर होगा। जब फेडरल ब्याज दरें कम करता है, तो डॉलर अन्य मुद्राओं के मुकाबले कमजोर होता है, जिससे रुपये की सराहना हो सकती है, क्योंकि निवेशक भारतीय संपत्तियों में निवेश करने के लिए डॉलर को रुपये में बदलते हैं।

**व्यापार के लिए निहितार्थ :** मजबूत रुपये का सकारात्मक और नकारात्मक पड़ता है। सकारात्मक पक्ष पर, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम तोनकारात्मक पक्ष वैश्विक बाजार में भारतीय निर्यात को और महंगा बना देता है, जिससे संभावित क्षेत्रों को नुकसान हो सकता है।

**बांड पर प्रभाव :** अमेरिका में कम ब्याज दरें वैश्विक निवेशकों को भारत सरकार और कॉर्पोरेट बांड जैसी अधिक उपज देने वाली संपत्तियों में बेहतर रिटर्न की तलाश करने के लिए प्रेरित करेंगी।

**आर्थिक विकास को बढ़ावा :** फेड दर में कटौती अप्रत्यक्ष रूप से भारत की विकास संभावनाओं को बढ़ावा दे सकती है। विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि और वैश्विक स्तर पर कम ब्याज दरों के साथ, भारत सरकार और व्यवसायों दोनों के लिए उधार लेने की लागत में कमी देख सकता है। इससे बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और सेवाओं, विकास को गति देने वाले प्रमुख क्षेत्रों में अधिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। तेल की कीमतों में कमी (रुपया की मजबूती पर) से मुद्रास्फीति के दबाव को रोकने में मदद मिलेगी, जिससे आरबीआई को ब्याज दरों को कम रखने या यहां तक कि अपनी दरों में कटौती पर विचार करने के लिए अधिक जगह मिलेगी।

**मुद्रास्फीति और आरबीआई नीति :** भारत की मौद्रिक नीति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति एक प्रमुख कारक है। फेड रेट में कटौती से मुद्रास्फीति पर दोहरा प्रभाव पड़ सकता है। सबसे पहले, मजबूत रुपया आयात की लागत को कम करेगा, विशेष रूप से तेल, जो मुद्रास्फीति में एक प्रमुख योगदानकर्ता हैं। दूसरी ओर, भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी पूंजी के प्रवाह से परिसंपत्ति मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, खासकर शेयर बाजार और रियल एस्टेट क्षेत्र में। इससे कुछ क्षेत्रों में मुद्रास्फीति का दबाव पैदा हो सकता है, जिससे आरबीआई को अपनी मौद्रिक नीति को सावधानीपूर्वक संतुलित करने की आवश्यकता होगी।

**विचार योग्य जोखिम :** फेड दर में कटौती का समग्र प्रभाव आम तौर पर भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है, फिर भी विचार करने के लिए कई जोखिम हैं :

**वैश्विक जोखिम :** यदि फेड की दर में कटौती को अमेरिका या वैश्विक स्तर पर कमजोर होती आर्थिक स्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में माना जाता है, तो यह निवेशकों के बीच जोखिम के प्रति घृणा पैदा कर सकता है।

# देश की पहली डिजिटल लॉटरी पहला इनाम 50 करोड़ रुपये

विशेष संवाददाता, शिलांग

- **मेघालय सरकार ने की लॉन्च, टिकट 5 हज़ार का, पारदर्शिता का दावा**
- **बार-बार हारे जाने पर खाता हो जाएगा अस्थाई रूप से बंद**

मेघालय सरकार ने देश की पहली डिजिटल लॉटरी मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा की मौजूदगी में लांच की। पहला इनाम 50 करोड़ है। साथ ही टिकट की कीमत 5 हजार रुपये रखी गई है। easyLottery. In पर टिकट खरीद से लेकर पुरस्कार तक की जानकारी है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह सरकारी स्वीकृति लॉटरी वितरण वेबसाइट है, जो सुरक्षित, संरक्षित और पारदर्शी है। ड्रा को छोड़कर टिकट वितरण से लेकर पुरस्कार तक का काम डिजिटल होगा। मशीने ऐसे डिजाइन हुई हैं कि गड़बड़ी की गुंजाईश नहीं है। गैर हस्तांतरित टिकट नीति से यह प्लेटफार्म सुनिश्चित करेगा कि पुरस्कार लॉटरी मालिक के खाते में पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि लॉटरी जीते तो खरीदार की बल्ले-बल्ले और हारे तो टैक्स सरकार को मिलेगा, जो जनहित में खर्च होगा। इससे जीएसटी संग्रह बढ़ेगा। बार -बार हारने पर खाता अस्थाई रूप से बंद हो जाएगा। ड्रा से पहले लॉटरी के 2.6 लाख टिकट डिजिटल प्लेटफार्म से बेचे जाएंगे। पहला ड्रा 10 नवम्बर को होगा।

# भारत खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : रामनाथ ठाकुर

- **ब्राजील में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में बोले किसान कल्याण राज्य मंत्री**

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने और वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 12-14 सितंबर को ब्राजील के कुइआबा में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह टिप्पणी की।

भारत ने बैठक में खाद्य सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया कि हमारा दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री से राहत, कीमतें गिरीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- **मोबाइल वैन, एनसीसीएफ और नैफेड के जरिए 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री हुई थी शुरू**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 से घटकर 55 रुपये प्रति किलो हो गई, जबकि मुंबई में 56 और चेन्नई में खुदरा कीमत 58 रुपये प्रति किलो हो गई।

सरकार ने मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलो की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री शुरू की है। दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है। मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। सरकार ने प्रमुख शहरों में प्याज़ का थोक निपटान भी शुरू कर दिया है।

### राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा विभाग

रसद आपूर्ति में सुधार और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सड़क और रेल दोनों को शामिल कर दोहरी परिवहन रणनीति लागू की जा रही है। उपभोक्ता मामले विभाग मांग और मूल्य प्रवृत्तियों के आधार पर लक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने को राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि 4.7 लाख टन प्याज के बफर स्टॉक और वृद्धि के साथ सरकार को उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी।

## खेल डायरी

### अश्विन ने अमेरिकन गैम्बिट्स का गीत जारी किया

**चेन्नई।** भारत के स्टार क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र से पहले शनिवार को यहां अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिकन गैम्बिट्स फ्रेंचाइजी का गीत जारी किया। मेक द वर्ल्ड गो नामक यह गीत चरण राज ने लिखा है और कार्तिक चेन्नोजीराव ने इसे स्वर दिया है। यह गीत टीम की एकता और रणनीति को रेखांकित करता है। अपनी उंगलियों के जादू से दुनिया भर के बल्लेबाजों को परेशान करने वाले 37 वर्षीय अश्विन इस फ्रेंचाइजी टीम के सह मालिक हैं। यह टीम दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा के नेतृत्व में अपनी चुनौती पेश करेगी। अश्विन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, यह हमारे लिए शतरंज की बिसात पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से जुड़ा है। हम जुनून के साथ और रणनीतिक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर एक टीम के रूप में भारत और विश्व स्तर पर शतरंज को लोकप्रिय बनाना और बढ़ावा देना चाहते हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा।

### शुभंकर आयरिश ओपन में शीर्ष 15 में पहुंचे

**रॉयल काउंटी डाउन (उत्तरी आयरलैंड)।** शुभंकर शर्मा आयरिश ओपन के दूसरे दौर छह अंडर 65 के कोर्स रिकार्ड के साथ शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गये। शुरुआती दौर में चार ओवर 75 का निराशाजनक कार्ड खेलने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में कमाल के प्रदर्शन के साथ आसानी से कट में जगह बना ली। पार 71 के कोर्स पर दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। उन्होंने दूसरे दौर के शुरुआती तीन होल में लगातार तीन बर्डी लगाने के बाद पांचवें और आठवें होल में इस कारनामे को दोहराया। उन्होंने 11वें, 12वें, 17 और 18वें होल में भी बर्डी लगाई जबकि चौथे, छठे और 15वें होल में बोगी कर बैठे।

### वियतनाम ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**हो ची मिन्ह सिटी।** ध्रुव कपिला के बीमार हो जाने के कारण उनकी और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां अपने सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा जिससे वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। कपिला और क्रैस्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी का सामना करना था। लेकिन कपिला को बुखार और पीठ में दर्द के कारण भारतीय जोड़ी को इस मैच से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। कपिला ने पीटीआई से कहा, टूर्नामेंट के पहले दिन से ही मेरी तबीयत ठीक नहीं है। कल के मैच के बाद स्थिति खराब हो गई। बुखार कम नहीं हो रहा था और मेरी पीठ में ऐंठन थी।

### अनमोल ने पहला एकल अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता

**ल्युवेन (बेल्जियम)।** भारत की 17 वर्षीय अनमोल खरब ने शनिवार को यहां बेल्जियम अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को हराकर महिला एकल में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता। क्वालीफाइंग चरण से मुख्य दौर में जगह बनाने वाली अनमोल ने 59 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 24-22, 12-21, 21-10 से जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट इंटरनेशनल चैलेंजर कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने इससे पहले शुक्रवार को सेमीफाइनल में डेनमार्क की एक अन्य खिलाड़ी इरिना अमालि एंडरसन को हराया था।

### अभ्यास के लिए लंबे कद के गेंदबाज गुरनूर को बुलाया

**चेन्नई।** पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं और गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है ताकि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रही बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके। यहां चार दिवसीय शिविर के लिए बुलाए गए तेज गेंदबाजों में से एक पंजाब के गुरनूर बराड़ हैं जिन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वह पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे। हालांकि गुरनूर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनकी छह फीट 4 .5 इंच लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है।

# भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए दो गोल

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए दो गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की यह छह टीमों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है।

पाकिस्तान ने अहमद नदीम (8वें मिनट) के गोल से बढ़त हासिल की लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें और 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली हार थी। भारत और पाकिस्तान दोनों ने इससे पहले अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर लिया था। इस जीत की बदौलत भारत ने 2016 से पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। दोनों टीमों के बीच पिछली भिडंत हांग्झोउ एशियाई खेलों में हुई थी जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। इससे कुछ महीने पहले भारतीयों ने एसीटी के चेन्नई चरण में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था। जकार्ता में एशिया कप में भारत की युवा टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि ढाका में 2021 एसीटी में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था।



पाकिस्तान के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी खिलाड़ी। • एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मैच की तरह पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

भारतीयों ने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया, लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा पाकिस्तान का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय डिफेंस में खलबली मच गई और नदीम ने गेंद भारतीय गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इस गोल से स्तब्ध भारत ने संयम बनाए रखा और हमले जारी रखे। टीम ने 13वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और कप्तान हरमनप्रीत ने पाकिस्तानी गोलकीपर मुन्नेब के बाईं ओर एक ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल किया। भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बनाना जारी रखा और 19वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। एक बार फिर पाकिस्तानी रक्षण के पास कोई जवाब नहीं था और हरमनप्रीत के सटीक शॉट से भारत 2-1 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत गेंद को कब्जे में रखने में सफल रहा। पाकिस्तान ने कई मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाने के मौके बनाये। दूसरे हाफ से मात्र 45 सेकंड पहले पाकिस्तान के पास बराबरी का मौका था लेकिन यह विफल रहा। भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी दबदबा बनाए रखा।

## राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम की घोषणा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने 15 सितंबर से नौ अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह शिविर बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परिसर में लगेगा। यह शिविर 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर स्टेडियम में खेली जाने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, आगामी राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, यह शिविर हमें उन क्षेत्रों पर काम करने का मौका देगा जिनमें सुधार की आवश्यकता है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार राजगीर में आयोजित की जा रही है। यह हमारी टीम के लिए घरेलू सरजमीं पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, हम अपने कौशल, फिटनेस, टीम वर्क को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछली बार एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 सत्र में हिस्सा लिया था जिसमें उसने अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन जैसी टीमों का सामना किया था। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में तथा हरेंद्र के मार्गदर्शन में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था।

- **15 सितंबर से नौ अक्टूबर तक लगेगा शिविर**

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दी 12.8 अरब के बजट को मंजूरी

लाहौर, एजेंसी

- **आईसीसी चैंपियंस की मेजबानी के लिए तीन स्टेडियमों का किया जाएगा पुनरुद्धार**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 12.8 अरब रुपये के बजट को मात्र 23 मिनट की दो बैठकों में मंजूरी प्रदान कर दी है। समाचार पत्र डॉन के अनुसार पहली बैठक छह जुलाई को यहां पीसीबी के मुख्यालय में हुई जबकि दूसरी पिछले गुरुवार को इकबाल स्टेडियम में हुई। बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस की मेजबानी के लिए तीन स्टेडियमों के पुनरुद्धार के लिए 12.8 अरब रुपये के बजट को मंजूरी दी। ट्रॉफी अगले साल होगी।

डॉन के अनुसार दोनों बैठकों की अवधि कुल मिलाकर मात्र 23 मिनट थी। यह बजट गद्दाफी स्टेडियम, कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम और रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में कठोर नवीकरण कार्य के लिए निर्धारित किया गया है। वहीं घरेलू क्रिकेट 4.5 बिलियन और महिला क्रिकेट के लिए 250 मिलियन रुपये की अतिरिक्त मंजूरी दी गई। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि फैसलाबाद में गुरुवार की बैठक से पहले कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया था। एक अन्य सूत्र ने बताया कि पूंजीगत व्यय कार्य नियमों में बदलाव के प्रस्ताव के अलावा बोर्ड के अधिकारियों के प्रशासन और वित्तीय शक्तियों से संबंधित बड़े कदम उठाए हैं। तीन स्टेडियमों के पुनर्निर्माण की कुल लागत में से 7.7 अरब रुपये गद्दाफी स्टेडियम के लिए रखे गए हैं। मंडपों के निर्माण के लिए 1,100 मिलियन रुपये आवंटित किए गए थे। 521 मिलियन रुपये की लागत से फ्लड लाइट को एलईडी लाइट से बदला जा रहा है, और 330 मिलियन रुपये की लागत से दो डिजिटल स्क्रीन को बदला जा रहा है।

# लियाम लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड को जीत दिलाई

कार्डिफ, एजेंसी

- **दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया**
- **तीन मैच की शृंखला में 1-1 से बराबरी की, ओल्ड ट्रैफर्ड में आज खेला जाएगा निर्णायक मैच**

लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल ने 47 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर तीन विकेट से जीत दिलाई। इंग्लैंड ने इस तरह से तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। चुनौती पूर्ण लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरे इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 79 रन था। लिविंगस्टोन और बेथेल ने यहीं से मोर्चा संभाला। बेथेल के 24 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट होने से इंग्लैंड की स्थिति फिर से नाजुक हो गई लेकिन लिविंगस्टोन ने 47 गेंदों में पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 87 रन की शानदार पारी खेलकर उसे जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जब स्कोर बराबर था तब लिविंगस्टोन आउट हो गए। ऐसे में आदिल रशीद ने विजयी रन बनाकर इंग्लैंड का स्कोर 19 ओवर में सात विकेट पर 194 रन पर पहुंचाया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने भी 39 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कामचलाउ स्पिनर मैथ्यू शॉर्ट ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर पांच विकेट लिए। लिविंगस्टोन में इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 16 रन देकर दो विकेट लिए। ब्रायडन कार्स ने 26 रन देकर दो विकेट हासिल करके उनका अच्छा सहयोग दिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श बीमार होने के कारण मैच में नहीं खेल पाए। उनकी जगह ट्रेविस हेड ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। हेड ने 14 गेंद पर 31 रन की तूफानी पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 50 रन बनाए जो उनका अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक भी है। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और जोश इंग्लिश ने 42 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में 60 रन बनाए।



अर्धशतक पूरा करने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते इंग्लैंड के लिविंगस्टोन।

## भारत की पुरुष टीम ने हंगरी बी और महिला टीम ने स्विट्जरलैंड को हराया

बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी

**शतरंज ओलंपियाड**

भारत की पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में पहली बार अंक गवाया लेकिन इसके बावजूद उसने हंगरी बी को 3.5-0.5 से हराकर यहां चल रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना विजय अभियान जारी रखा। ओपन वर्ग में भारतीय टीम की जीत के नायक अर्जुन ऐरीगैसी रहे जिन्होंने पीटर प्रोहाज़्स्का के खिलाफ आक्रामक खेल खेला और शानदार जीत दर्ज की।

विदित गुजराती को हालांकि पप्प गैबोर के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। लेकिन डी गुकेश ने एडम कोज़ाक को और आर प्रज्ञाननंदा ने तमस बानुज़ को हराकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की। महिला वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर डी. हरिका की करारी हार के बावजूद आर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज की जिससे भारतीय टीम स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराने में सफल रही। भारतीय महिला टीम अभी छह अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर है। हरिका हाल ही में रूस की नागरिकता छोड़कर स्विट्जरलैंड की टीम में शामिल होने वाली एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक से हार गईं। वैशाली ने हालांकि ईरान की नागरिकता छोड़कर स्विस टीम का हिस्सा बनने वाली ग़ज़ल हकीमीफर्ड को कोई मौका नहीं दिया। हाल में लड़कियों की विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतने वाली दिव्या ने सोफिया ह्लीज़लोवा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि चौथे बोर्ड पर वंतिका ने मारिया मानको को हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को ओपन वर्ग में इटली ने 3-1 से हरा दिया।

## इंडिया बी ने बनाए 309 रन

अनंतपुर, एजेंसी

- **कप्तान ईश्वरन और जगदीशन के बीच 129 रनों की साझेदारी हुई**

कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (143 नाबाद) और नारायण जगदीशन (70) के बीच 129 रन की साझीदारी के बावजूद इंडिया बी को दलीप ट्राफी के दूसरे चरण के मुकाबले के तीसरे दिन इंडिया सी की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 216 रन की दरकार है। इंडिया सी ने अपनी पहली पारी में 525 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया बी ने अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिये थे।

इंडिया बी पर अंकुश लगाने में अंशुल कंबोज की भूमिका अहम रही जिन्होने पांच विकेट झटक कर इंडिया बी को अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़े स्कोर की ओर से रोक लिया। दूसरे दिन इंडिया सी की पूरी टीम को समेटने के बाद इंडिया बी की शुरुआत भी बेहतरीन हुई थी और दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद इंडिया बी ने स्कोरबोर्ड पर बिना विकेट गंवाए 124 रन टांग दिए थे। तीसरे दिन इंडिया बी को सबसे पहला झटका एन जगदीशन के रूप में लगा। कंबोज ने उन्हें 70 के निजी स्कोर पर चलता किया। जबकि इसके बाद उन्होंने सरफ़राज़ खान और मुशीर खान को अपना शिकार बनाया। दूसरे राउंड में टूर्नामेंट का हिस्सा बने रिंकू सिंह ख़ास नहीं कर पाए और छह परन पर कंबोज का ही शिकार बन गए।

## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और स्पेन का अंतिम आठ में प्रवेश

शुहाई, एजेंसी

**डेविस कप फाइनल्स**

अमेरिका ने स्लोवाकिया को 3-0 से हराकर जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में जगह बनाई। स्पेन ने फ्रांस को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। उसके स्टार खिलाड़ी और चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया। इससे पहले अनुभवी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने आर्थर फिल्स के खिलाफ पहला एकल 2-6, 7-5, 6-3 से जीता। स्पेन की जीत से ऑस्ट्रेलिया भी ग्रुप बी से आगे बढ़ने में सफल रहा।

अमेरिका को स्लोवाकिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड ने लुकास क्लेन को 6-4, 6-3 से जबकि डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा ने जोज़ेफ़ कोवालिच को 6-3, 6-3 से पराजित किया। अमेरिका ने युगल में भी जीत हासिल की। पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल फाइनल में हारने वाले ऑस्टिन क्राजिस्क और राजीव राम ने क्लेन और नॉर्बर्ट गोम्बोस को 6-7 (4), 7-6 (4), 10-1 से हराया। अमेरिका की जीत से जर्मनी भी अंतिम आठ में पहुंच गया। इटली ने बोलोग्ना में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अर्जेंटीना ने ब्रिटेन को 2-1 से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 के साथ कपिल की वापसी

**मुंबई।** कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर, कृष्णा अभिषेक और अर्चना पूरन सिंह द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहे हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 के निर्माताओं ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर शो का ट्रेलर जारी किया, जिससे प्रशंसकों को आने वाले समय की एक झलक मिल गयी। ट्रेलर मज़ेदार वन-लाइनर्स और मनोरंजक क्षणों से भरा है। एक हिस्से में, कपिल शर्मा अपने सेलिब्रिटी मेहमानों को साड़ियों और उनके डिजाइनरों की पहचान करने की चुनौती देते हैं। महीप कपूर ने जाने-माने डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा बनाई गई एक खूबसूरत साड़ी का नाम बताया। सीज़न में बॉलीवुड अभिनेता आलिया भट्ट, सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर, करण जौहर और महीप कपूर सहित एक रोमांचक अतिथि इस सीजन का हिस्सा रहेंगे। वेदांग रैना, सीमा सजदेह, नीलम कोठारी और भावना पांडे जैसे अन्य सेलिब्रिटी मेहमान भी इस मौज-मस्ती में शामिल होंगे। एक विशेष एपिसोड में, टी20 विश्व कप चैंपियन रोहित शर्मा, सूर्य कुमार यादव और अर्शदीप सिंह भी उपस्थित होंगे। निर्माताओं ने ट्रेलर पोस्ट में एक कैप्शन जोड़ा, जिसमें कहा गया, जब आपके पसंदीदा मेहमान कपिल और गैंग से मिलेंगे, तो शनिवार का फनीवार बनना पक्का है। 21 सितंबर से #द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 देखें रात 8 बजे, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीज़न में आमिर खान, अभिनेता रणबीर कपूर और उनका परिवार, क्रिकेट रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर, अंतर्राष्ट्रीय पॉप आइकन एड शीरन और मनोरंजन और खेल जगत के कई आइकन जैसे मेहमान शामिल हुए थे।

### 40 वर्ष के हुए अभिनेता आयुष्मान खुराना



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना आज 40 वर्ष के हो गये। आयुष्मान खुराना का जन्म 14 सितंबर 1984 को चंडीगढ़ में हुआ था। आयुष्मान का असली नाम निशांत खुराना था, लेकिन जब वह तीन साल के हुए तो उनके माता-पिता ने उनका नाम बदलकर आयुष्मान खुराना रख दिया। आयुष्मान जब महज पांच साल के थे, तभी से उन्होंने थिएटर ज्वाइन कर लिया था। उन्होंने चंडीगढ़ के सेंट जॉन हाई स्कूल और डीएवी कॉलेज से पढ़ाई की। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई की और पंजाब यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ कम्युनिकेशन स्टडीज़ से मास कम्युनिकेशन में मास्टर डिग्री हासिल की। वह डीएवी कॉलेज के आगाज़ और मन :तंत्र के संस्थापक सदस्य थे, जो चंडीगढ़ में सक्रिय थिएटर समूह हैं। आयुष्मान खुराना ने 2004 में रियलिटी टेलीविजन शो एमटीवी रोडीज का दूसरा सीज़न जीता और एंकरिंग करियर में कदम रखा और एंकरिंग से अपने करियर की शुरूआत की। पत्रकारिता में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद, आयुष्मान की पहली नौकरी बिग एफएम, दिल्ली में एक रेडियो जॉकी की थी। रेडियो पर उन्होंने बिग चाय – मान ना मान, मैं तेरा आयुष्मान शो की मेजबानी की। रेडियो के बाद, खुराना युवाओं के लिए एक सूचनात्मक शो, पेप्सी एमटीवी वास्सप, द वॉइस ऑफ़ यंगिस्तान के साथ एमटीवी पर एक वीडियो जॉकी बन गये। आयुष्मान ने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म विक्की डोनर से की इस फिल्म के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ सर्वश्रेष्ठ डेब्यू कलाकार के साथ हीं सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक का भी पुरस्कार प्राप्त हुआ। कहा जाता है कि आयुष्मान फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले ट्रेन में गाना गाते थे। वर्ष 2013 में आयुष्मान की दूसरी फिल्म नौटंकीसाला प्रदर्शित हुयी। रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी हालांकि उनका अभिनय अवश्य पसंद किया गया। इसके बाद आयुष्मान ने बेवकूफियां, दम लगा के हइशा, बरेली की बर्फी, हवाईजादा, शुभ मंगलम सावधान और मेरी प्यारी बिंदू जैसी फिल्मों में काम किया।

## बालाजी और रामकुमार की हार स्वीडन से 0-2 से पिछड़ा भारत

स्टॉकहोम, एजेंसी

**डेविस कप विश्व ग्रुप**

- **2018 में 0-2 से पिछड़ने के बाद चीन के खिलाफ़ जीत हासिल की थी।**

एन श्रीराम बालाजी को इलियास यमेर ने आसानी से हरा दिया जबकि रामकुमार रामनाथन निचली रैंकिंग के लियो बोर्ग के खिलाफ जरा भी आक्रामक नहीं दिखे जिससे भारत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले में स्वीडन से 0-2 से पिछड़ गया। युगल विशेषज्ञ बालाजी को यमेर के खिलाफ मुश्किलों का सामना करना पड़ा जिन्होंने पहले एकल में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की।

डेविस कप के अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार से भारत को मुकाबले में वापस लाने की उम्मीद थी लेकिन वह रॉयल टेनिस हॉल में दूसरे एकल में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे और 603 रैंकिंग के लियो बोर्ग से 3-6, 3-6 से हार गए। भारत को एकल में बालाजी को उतारने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। भारत के लिए पहले दिन एक अंक जीतने की जिम्मेदारी रामकुमार पर थी। उन्हें 21 वर्षीय बोर्ग के खिलाफ अपना एकल मैच जीतना चाहिए था लेकिन वह स्वीडिश खिलाड़ी की चुनौती को पस्त नहीं कर पाये और उनकी चुनौती सिर्फ 58 मिनट में ही खत्म हो गई। अगर भारत को अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनानी है तो अब रविवार को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। यह देखना बाकी है कि कप्तान रोहित राजपाल करो या मरो वाले युगल में बालाजी और रामकुमार के साथ उतरते हैं या संयोजन बदलते हैं। पूरी संभावना है कि बालाजी और निकी पूनाचा कोर्ट पर उतरेंगे। डेविस कप के इतिहास में भारत 0-2 से पिछड़ने के बाद केवल दो बार मुकाबले जीतने में कामयाब रहा है। 2010 में भारत ने ब्राजील को हराया था और 2018 में 0-2 से पिछड़ने के बाद चीन के खिलाफ़ जीत हासिल की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### ब्रिक्स सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा चीन

**बीजिंग।** चीन के उप विदेश मंत्री चेन जियाओदोंग ने यहां 11वें जियांगशान सुरक्षा फोरम में कहा कि चीन ब्रिक्स के भीतर उपयोगी सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा। जियाओदोंग ने कहा कि चीन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, चीन-मध्य एशिया जैसे तंत्रों की संरचना में सहयोग को बढ़ावा देगा, ताकि एक दूसरे के पूरक बनें। यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि ग्रेटर ब्रिक्स सहयोग सुरक्षा के क्षेत्र में फलदायक बना रहे।

### बांग्लादेश में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी कॉक्स बाजार जिले में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में छह लोगों की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद शमसुद्दौजा नयन ने कहा कि ढाका से लगभग 392 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले में एक शरणार्थी शिविर में गुरुवार को भारी भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण शिविर में कम से कम तीन झोपड़ियां नष्ट हो गईं।

### छत ढहने से एक ही परिवार के पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में आंधी-तूफान के कारण शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढहने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चारसद्दा जिले के तुरंगजई गांव में भीषण तूफान आने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक दंपति और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। उसने बताया कि स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने शवों को मलबे से निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### कोमोरोस के राष्ट्रपति पर चाकू से हमला

**मोरोनी।** हिंद महासागर के द्वीपीय देश कोमोरोस के राष्ट्रपति पर शुक्रवार को उस समय चाकू से हमला किया गया जब वह एक धार्मिक नेता के अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुंचे थे। इस हमले में राष्ट्रपति मामूली रूप से घायल हुए हैं। राष्ट्रपति के कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति को बचाने की कोशिश में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति अजाली असौमानी मामलू रूप से घायल हुए हैं और वह अपने घर लौट आए हैं।

### बोइंग के 30 हजार से अधिक कर्मी हड़ताल पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरलाइन बोइंग कंपनी के 30 हजार से अधिक कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी संबंधी और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। इस वर्ष बोइंग कंपनी को आठ अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। कंपनी पहले से ही 60 अरब डॉलर के कर्ज और कई सुरक्षा मुद्दों से जूझ रही है। कर्मचारियों के जाने पर शेयर में भी भारी गिरावट देखी गयी।

### ईरान ने अफ़गानिस्तान में हुए हमले की निंदा की

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने मध्य अफगानिस्तान के दयाकुंडी प्रांत में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा किये गये हमले की कड़ी निंदा की है। कनानी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जबावी कार्रवाई करने के लिए प्रभारी अफगानिस्तान अधिकारियों को अपना समर्थन देने के लिए कहा और अपराधियों को दंडित करने के लिए तत्काल उपाय करने का भी आह्वान किया।

# एफबीआई की सूचना पर साइबर अपराधी को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल व लैपटॉप बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुद को तकनीकी सहायक बताकर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर की ठगी करने के आरोपी साइबर अपराधी को मंबई से गिरफ्तार किया है। आधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) के साथ समन्वय में साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चक्र-3 चलाया जा रहा है और इसी के तहत सीबीआई ने एक जटिल वर्चुअल संपत्ति और सोना-चांदी आधारित साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जो 2022 से दूसरे देशों में लोगों को निशाना बना रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक गत दो दिनों में सात जगहों पर ली गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने मुंबई से ठगी कर रहे कथित साइबर अपराधी विष्णु राठी के परिसरों से 100-100 ग्राम के 57 सोने के बिस्कुट, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टो करेंसी के प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाला लैपटॉप, लॉकर के विवरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को ऐसी सामग्री मिली है, जिससे पता चलता है कि यह अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क अपराध से की गई कमाई को वर्चुअल परिसंपत्तियों और सोने-चांदी में तब्दील कर रहा था।

# स्पेस वॉक : अंतरिक्ष में भविष्य की संभावनाओं का द्वार

सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लेओनोव ने 1965 में अंतरिक्ष में पहली बार स्पेस वॉक किया, तब मानवता ने एक नए युग की शुरुआत की। इस ऐतिहासिक घटना ने न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण की सीमाओं को विस्तारित किया, बल्कि अंतरिक्ष में मानव गतिविधियों के भविष्य की संभावनाओं का द्वार भी खोला। आज स्पेस वॉक, अंतरिक्ष अन्वेषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह गतिविधि अंतरिक्ष यात्रियों को उनके यान के बाहर काम करने की अनुमति देती है। यह तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होने के साथ मानवता की विज्ञान-प्रौद्योगिकी में प्रगति का प्रतीक भी है।

### स्पेस वॉक का महत्व-उद्देश्य

स्पेस वॉक का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष स्टेशन के बाहरी हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और अपग्रेडेशन करना होता है। इसके अलावा, यह बाहरी अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग और उपकरणों की स्थापना के लिए भी किया जाता है। ये कार्य बहुत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये यान और स्टेशन की लंबी अवधि की कार्यक्षमता सुनिश्चित करते हैं और नई तकनीकों और वैज्ञानिक डेटा के संग्रहण में भी सहायक होते हैं।

### स्पेस वॉक करने की तैयारी

स्पेस वॉक की तैयारी एक विस्तृत और जटिल प्रक्रिया होती है। इसमें कई चरण शामिल हैं। स्पेस वॉक से पहले, मिशन की योजना बनाई जाती है जिसमें कार्यों की सूची, समय-सारणी, और आवश्यक उपकरणों की पहचान शामिल होती है। अंतरिक्ष यात्री स्पेस वॉक के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसमें वर्चुअल रियलिटी सिमुलेटर, पानी के अंदर अभ्यास, और स्पेससूट का उपयोग शामिल होता है। अंतरिक्ष यात्रियों को विशेष स्पेससूट पहनना होता है जो उन्हें अंतरिक्ष की कठिन परिस्थितियों से बचाता है। इन सूट्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति, तापमान नियंत्रण, और संचार उपकरण होते हैं।



### पहली बार निजी अंतरिक्ष यात्रा

अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा डिजाइन किए गए नए, कम भारी स्पेससूट का इस्तेमाल करते हुए दो अंतरिक्ष यात्रियों ने पहली बार व्यावसायिक रूप से अंतरिक्ष यात्रा की है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अरबपति जेरेड इसाकमैन और स्पेसएक्स की इंजीनियर सारा गिलिस ने लगभग 700 किमी. की ऊंचाई पर अपने अंतरिक्ष यान के बाहर लगभग आधे घंटे समय बिताया। अपोलो के चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष में इंसान की सबसे अधिक दूरी की यह यात्रा थी। अंतरिक्ष में यह संक्षिप्त यात्रा वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# रूस में भीतर तक हमले की मांगी अनुमति

## यूक्रेन ने लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल के लिए पश्चिमी देशों से फिर किया अनुरोध

**अभी रूसी सीमा में सीमित क्षेत्र में अमेरिकी हथियारों के प्रयोग की अनुमति**

कीव, एजेंसी

अमेरिकी और ब्रिटिश नेताओं के बीच एक दिन पहले हुई बैठक में लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल को लेकर उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं दिखाई देने पर यूक्रेन ने शनिवार को पश्चिमी देशों से एक बार फिर अनुरोध किया कि वे उसे रूस में अधिक गहराई तक हमला करने की अनुमति दें। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार एंड्री यरमक ने शनिवार को कहा कि रूसी आतंक रूसी संघ के अंदर मौजूद हथियार के भंडार, हवाई क्षेत्रों और सैन्य अड्डों से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि रूस में भीतर तक हमला करने की अनुमति मिलने से समस्या के समाधान में तेजी आएगी। यह नया अनुरोध तब समाने आया जब कीव ने कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर और अधिक ड्रोन और तोपों से हमले किए।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार सहयोगियों से रूसी क्षेत्र के अंदर गहराई तक हमला करने के लिए पश्चिम द्वारा प्रदत्त लंबी दूरी के हथियारों के उपयोग की अनुमति देने का आग्रह किया है। अभी तक अमेरिका ने कीव को यूक्रेन से लगी रूस की सीमा के अंदर एक सीमित क्षेत्र में ही अमेरिका प्रदत्त हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दी है। माना जाता है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई तो लंबी दूरी के हमलों की अनुमति देने पर चर्चा हुई, लेकिन बैठक के तुरंत बाद किसी निर्णय की घोषणा नहीं की गई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और अन्य सहयोगियों पर दबाव डाल रहे हैं कि उनकी सेना को पश्चिमी हथियारों का उपयोग करके हवाई अड्डों और दूर के प्रक्षेपण स्थलों को निशाना बनाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन के बिजली घरों और उपयोग की अन्य चीजों पर हमले तेज कर दिए हैं। उन्होंने शनिवार सुबह की बैठक पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि रात भर में 70 से अधिक रूसी ड्रोन यूक्रेन में हमले के लिए भेजे गए। यूक्रेनी वायुसेना ने बाद में कहा कि 76 रूसी ड्रोन देखे गए थे, जिनमें से 72 को मार गिराया गया। रात भर हुए अन्य हमलों में रूसी तोप के गोले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि 54 वर्षीय एक चालक की मौत हो गई और सात अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रीय गवर्नर इहोर तेरेखोव ने कहा कि एक केएबी हवाई बम पूर्वी शहर खार्किव में एक गैरेज परिसर पर भी गिरा, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष में आने वाले सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण : स्टार्मर



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि आने वाले सप्ताह यूक्रेन संघर्ष में बहुत महत्वपूर्ण होंगे और उन्होंने कीव की आवश्यकताओं के समर्थन के महत्व को भी रेखांकित किया। स्टार्मर ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ कहा कि मुझे लगता है कि अगले कुछ सप्ताह और महीने महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम स्वतंत्रता के इस महत्वपूर्ण युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करें। बाइडेन ने कहा कि वह और स्टार्मर यूक्रेन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और मध्य पूर्व से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करेंगे, जिसमें गाजा बंधक और युद्धविराम वार्ता भी शामिल है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि स्टार्मर की वाशिंगटन यात्रा बाइडेन से रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी की विपत्ति का समर्थन करने का आग्रह करने के लिए है। ब्रिटेन कथित रूप से यूक्रेन को रूसी क्षेत्र में लंबी दूरी तक लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए लंबी दूरी की स्टॉर्म शैडो मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देना चाहता है, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ है क्योंकि इन मिसाइलों में अमेरिकी तकनीक है और ऐसे किसी भी हमले के लिए अमेरिकी सरकार से अनुमति की आवश्यकता होती है।

## रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगा उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में हुई एक बैठक में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु को आश्वस्त किया कि उत्तर कोरियाई सरकार व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि की भावना में रूस के साथ सहयोग का विस्तार करेगी। यह जानकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने दी।

रूसी सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि शोइगु ने 13 सितंबर को प्योंगयांग का दौरा किया था, जहां किम ने उनकी अगवानी की थी। उल्लेखनीय है कि 18-19 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान, रूस और उत्तर कोरिया ने स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान में सहयोग पर एक अंतर सरकारी समझौता, तुमनया नदी के पार एक सीमा ऑटोमोबाइल पुल के निर्माण पर एक समझौता और व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर एक नई संधि पर हस्ताक्षर किया था। उत्तरार्द्ध दस्तावेज़ को 09 फरवरी, 2000 के देशों के बीच दोस्ती, अच्छे-पड़ोसी और सहयोग की बुनियादी संधि का स्थान लेने के लिए तैयार किया गया है। नई संधि की कोई समय-सीमा नहीं होगी, यह अनुसमर्थन के अधीन है और अनुसमर्थन उपकरणों के आदान-प्रदान की तारीख को लागू होगी।

# स्विटजरलैंड से भारत के संबंध और होंगे प्रगाढ़

जिनेवा, एजेंसी



स्विस फेडरल काउंसलर इग्नाज़ियो कैसिस से हाथ मिलाते जयशंकर।

- विदेश मंत्री जयशंकर ने की अपने समकक्ष कैसिस से वार्ता
- बैठक में दोनों के बीच वैश्विक क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्विटजरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार देशों के इस संघ में स्विट्जरलैंड भी शामिल है।

जयशंकर दो-दिवसीय यात्रा पर यहां आए थे, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि एक विशेष शिष्टाचार के तहत कैसिस ने जिनेवा में जयशंकर की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए के सदस्य देशों (स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

भारत ने मार्च में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एक 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत को इन चार यूरोपीय देशों से 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, जयशंकर और कैसिस ने परस्पर हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की। इनमें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस शामिल हैं।

## भारतीय दल से मिले जयंत, बढ़ाया उनका उत्साह

**ल्योन/नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने फ्रांस के ल्योन में आयोजित विश्व कौशल 2024 में शामिल भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना की है। इस कार्यक्रम में भारतीय टीम में 60 प्रतिस्पर्धी शामिल हुए हैं। चौधरी ने हर प्रतिभागी से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने जिम्बाब्वे, केन्या जर्मनी, फ्रांस, स्विट्ज़रलैण्ड, चीन और कोरिया जैसे देशों तथा अन्य देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने भारतीय प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखा।

# इजराइली हवाई हमले से लेबनान में 13 लोग घायल

बेरूत, एजेंसी

दक्षिणी लेबनान के कफ़र रुम्मान शहर में हुए इजराइली हवाई हमले में 13 लोग घायल हो गए हैं। अल जज़ीरा प्रसारक ने लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। यह हमला उस इमारत के पास हुआ जहां घायल लोग मौजूद थे।

लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी लेबनान के अहमदीह बस्ती में एक इमारत पर हमला किया, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए।

### लेबनान ने इजरायल पर पांच मिसाइलें दागीं

**यरूशलम।** लेबनान से इजराइल के क्षेत्र में लगभग पांच मिसाइलें दागी गईं हैं। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि ऊपरी गैलिली क्षेत्र में सायरन बजने के बाद, लेबनान से इजराइल में पांच मिसाइलों की पहचान की गई। कुछ मिसाइलों को रोक दिया गया और अन्य खुले इलाकों में गिरीं। आईडीएफ के अनुसार किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## बलूचिस्तान में बस खाई में गिरने 6 की मौत, 24 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में शनिवार को एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। घायलों में कुछ ही हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार यह हादसा प्रांत के झोब जिले के धाना सर इलाके में हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बचाव दल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शवों तथा घायलों को गहरी खाई से बाहर निकालकर पास के अस्पताल में पहुंचाया। स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में भाग लिया। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।



**उत्सव**

कोझिकोड के ओनापोटन में ओणम उत्सव में शामिल होने के लिए जाते स्थानीय लोक कलाकार। ओणम को खासतौर पर खेतों में फसल की अच्छी उपज के लिए मनाया जाता है। इस बार ओणम 15 सितंबर को मनाया जा रहा है।

## मैं बाइडन से अलग हूं : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से अलग है क्योंकि वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है प्रेशिडेंशियल डिबेट। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं। पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के नफरत भरे और विभाजनकारी भाषण की आलोचना की और कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ट्रंप जिस तरह की नेतृत्व शैली अपनाते हैं अब उससे लोग थक गए हैं।

# प्रार्थनाओं के लिए सुनीता और बुच ने जताया आभार

केप केनवरल, एजेंसी

अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने शुक्रवार को कहा कि वे वापसी के लिए सभी लोगों की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हैं। पिछले सप्ताह बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की वापसी के बाद से यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है।

इस कैप्सूल से दोनों जून में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) गए थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कैप्सूल में कुछ विसंगतियों का पता लगाया जिसके कारण धरती पर उनकी वापसी को लेकर अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विल्मोर और विलियम्स अब स्टेशन के पूर्ण चालक दल के सदस्य हैं, जो नियमित रखरखाव और प्रयोगों में अपना योगदान देते हैं।



### उन्हें वापस लाने को इस महीने जाएगा यान

स्टारलाइनर के दोनों परीक्षण पायलट-सेवानिवृत्त नौसेना कप्तान और लंबे समय तक नासा के अंतरिक्ष यात्री फरवरी के अंत तक परिक्रमा प्रयोगशाला में रहेंगे। उन्हें वापस लाने के लिए स्पेसएक्स कैप्सूल का इंतजार करना होगा। यह अंतरिक्ष यान इस महीने के अंत में लॉन्च होने वाला है, जिसमें वापसी के लिए विल्मोर और विलियम्स के वास्ते दो सीट खाली रखी जाएंगी।

## ईरान ने किया उपग्रह के प्रक्षेपण का दावा

**तेहरान।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा बनाए गए एक रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। ईरान ने इस प्रक्षेपण को सफल बताया जो उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला दूसरा प्रक्षेपण होगा। हालांकि प्रक्षेपण के सफल होने के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और न ही ईरान के अधिकारियों ने इस संबंध में कोई फुटेज या अन्य विवरण उपलब्ध कराया है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह प्रक्षेपण किया है। युद्ध के दौरान ईरान ने इजराइल पर अभूतपूर्व तरीके से सीधे तौर पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

# हिंदी और अन्य भाषाएं सखियां, इनमें प्रतिस्पर्धा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**हिंदी दिवस पर बोले शाह**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे सखियां हैं और एक-दूसरे की पूरक हैं। शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता और राजभाषा उन सभी के साथ संवाद स्थापित नहीं करती।

शाह ने कहा, 'हिंदी और स्थानीय भाषाओं के बीच कभी प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और सभी स्थानीय भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, इसलिए उनके बीच का रिश्ता और मजबूत किया जाएगा।' गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस हिंदी को संपर्क भाषा, आम भाषा, तकनीकी भाषा और अब अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'हम हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिलने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती मना रहे हैं। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करके और हिंदी के माध्यम से देश की सभी स्थानीय भाषाओं को जोड़कर हम अपनी संस्कृति, भाषाओं, साहित्य, कला एवं व्याकरण के संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

गृहमंत्री ने कहा कि हिंदी भू-राजनीतिक भाषा से अधिक भू-सांस्कृतिक भाषा है। उन्होंने कहा कि उनके दोनों मंत्रालयों-गृह और सहकारिता मंत्रालय में फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं। इस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लगे। गृह मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था।

### बरेली के डॉ. शरद अग्रवाल की पुस्तक हिंदी कहावत कोश का किया विमोचन

गृह मंत्री ने बरेली के चिकित्सक शरद अग्रवाल की पुस्तक 'हिंदी कहावत कोश' का शनिवार को विमोचन किया। समाज के हित में अग्रवाल ने आम बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में सरल हिंदी भाषा में उपयोगी जानकारी देने के लिए 'हेल्थहिंदी डॉट इन' वेबसाइट भी बनाई है। हिंदी कहावतों को संरक्षित करने और उन्हें आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शरद अग्रवाल ने 'हिंदी कहावत कोश' लिखी है। इसमें उन्होंने 10,000 से अधिक कहावतें और उनके निर्माण से जुड़ी 200 से अधिक कहानियां संकलित की हैं। इससे पहले, शाह ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान सभा की भावना यह थी कि देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ किसी भारतीय भाषा में संवाद करना चाहिए, चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, तेलुगु हो, मलयालम हो या गुजराती हो।